* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

16 फरवरी, 2023
फाल्गुन, कृष्ण पक्ष, एकादशी
संवत 2079
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
गुरुवार, वर्ष 08, अंक 119


बीबीसी के दिल्ली और मुंबई ऑफिस में लगातार दूसरे दिन आयकर का सर्वे जारी








## पलामू में महाशिवरात्रि पर तोरण द्वार लगाने को लेकर बवाल

# दो पक्षों के बीच पत्थरबाजी, दुकानें फूंकी, इंटरनेट बंद, धारा 144 लागू





- पांकी बाजार में लगाया गया था तोरण द्वार
- बीच-बचाव कर रहे पुलिसकर्मी भी घायल

जयकांत शुक्ला

**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** महाशिवरात्रि को लेकर तोरणद्वार बनाने के विवाद में बुधवार को पलामू जिले के पांकी में दो गुटों के बीच झगड़ा हुआ। दोनों समुदायों के बीच पत्थरबाजी और मारपीट हुई। एक मकान, दो बाइक और दो दुकान आग के हवाले कर दिये गये। एक घंटे से ज्यादा समय तक शहर का मस्जिद चौक इलाका युद्ध का मैदान बना रहा। डेढ़ दर्जन से ज्यादा लोग घायल हुए। कई पुलिसकर्मियों को भी चोट लगी है, जिसमें क्षेत्र के पुलिस उपाधीक्षक आलोक कुमार टुडू भी शामिल हैं। इलाके में धारा 144 लगा दी गयी है। बुधवार रात तक के लिए इंटरनेट सेवा बंद कर दी गयी। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए भारी पुलिस बल के साथ वरिष्ठ अधिकारी कैंप कर रहे हैं।

### दोनों समुदायों ने एक-दूसरे पर की पत्थरबाजी, स्थिति नियंत्रण में

पुलिस के सामने ही धार्मिक स्थल के ऊपर से पत्थरबाजी शुरू हुई। इसके जवाब में दूसरी तरफ से भी पत्थर फेंके जाने लगे। इसके बाद आगजनी भी हुई। बाइक, घर और दुकान फूंके गये। दोनों पक्ष के लोग पीछे हटने को तैयार नहीं थे। आमने-सामने होकर लगातार पत्थरबाजी करते रहे। बाद में पांकी के साथ ही लेस्लीगंज, लोहरसी, तरहसी आदि थानों की पुलिस को बुलाया गया। आइजी, उपायुक्त, एसपी सभी मौके पर पहुंचे और स्थिति को नियंत्रित किया।

### धारा-144 लागू, इंटरनेट बंद

हालात को देखते हुए प्रशासन ने पांकी थाना क्षेत्र में धारा-144 लागू कर दिया है। इसके साथ ही इलाके में इंटरनेट सेवा बंद कर दी गयी है। इलाके में भारी पुलिस बल तैनात किये गये हैं। कई वरिष्ठ अधिकारी लगातार इलाके में कैंप कर रहे हैं।

### रात में हुआ विवाद सुबह को गया बलवा

पांकी के राहेवीर पहाड़ी पर स्थित शिव मंदिर में हर साल धूमधाम से महाशिवरात्रि का आयोजन होता है। इस साल 18 फरवरी को महाशिवरात्रि है। मंदिर कमेटी तैयारी में लगी है। इसी के मद्देनजर मंगलवार की शाम मस्जिद चौक पर तोरणद्वार बनाने के लिए बांस-बल्ली और कपड़ा लेकर मजदूर पहुंचे। एक समुदाय के लोगों ने उन्हें रोक दिया। उनका कहना था कि यहां पर एक धार्मिक स्थल है इसलिए तोरणद्वार बनाने नहीं दी जाएगी। दूसरे समुदाय के लोग लौट गये। बुधवार सुबह लोग फिर से तोरणद्वार बनाने पहुंचे। इस बीच दोनों पक्ष के लोग जुटे। सूचना मिलने पर पांकी थाना प्रभारी रंजीत प्रसाद यादव पुलिस बल के साथ पहुंचे। दोनों पक्षों के बीच बातचीत शुरू हुई। इसी बीच देखते ही देखते पुलिस के सामने ही मस्जिद चौक युद्ध का मैदान बन गया।

### डीसी ने शांति बनाये रखने की अपील की

पलामू के उपायुक्त आंजनेयुलू दोड्डे ने कहा है कि पांकी में दो समूहों के बीच हुए विवाद से उत्पन्न विधि-व्यवस्था की स्थिति शांतिपूर्ण एवं नियंत्रण में है। जिला प्रशासन स्थिति पर पूरी तरह से निगाह रखे हुए है। प्रशासनिक अधिकारियों सहित पुलिस के पदाधिकारी दल-बल के साथ स्थल पर कैंप कर रहे हैं। लोगों से अपील है कि शांति बनायें रखें औरअफवाह पर ध्यान नहीं दें।


### अफवाह पर पैनी नजर

पुलि की अफवाह पर पैनी नजर है। सोशल मीडिया पर भी कड़ी निगरानी रखी जा रही है। उपायुक्त ने किसी भी व्यक्ति के द्वारा सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाते पाये जाने पर कड़ी कानूनी कार्रवाई किये जाने के निर्देश दिया है।

# सीएम हेमंत सोरेन अच्छे लीडर सरकार अच्छी नहीं : रमेश बैस

- गवर्नर पर निर्भर करता है कि डिसीजन कब लेना है
- सरकार गिराने की मंशा होती तो सीधे बर्खास्त का आर्डर पास कर देते

सुनील कुमार सिंह



**रांची (आजाद सिपाही)।** राज्यपाल रमेश बैस ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के ऑफिस ऑफ प्रॉफिट मामले पर निर्वाचन आयोग के मंतव्य पर कहा है कि झारखंड राज्य जब से बना है, उसी समय से यहां अस्थिर सरकार रही है। उनकी मंशा कभी भी सरकार को अस्थिर करने की नहीं रही है। उन्होंने कहा कि अगर सरकार गिराने की मंशा होती तो सीधे बर्खास्त का आर्डर पास कर देते, लेकिन हमने ऐसा नहीं किया। रमेश बैस ने कहा कि हेमंत सोरेन बहुत अच्छे लीडर हैं, लेकिन सरकार अच्छी नहीं है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को बीच-बीच में सलाह भी दिया। उनको कहा इतनी कम उम्र में सीएम बन गये हैं, ऐसा कुछ करिए की लैंड मार्क बने।

राज्यपाल बुधवार को राजभवन में संवाददाता सम्मेलन में बोल रहे थे। गौरतलब है कि रमेश बैस को महाराष्ट्र का राज्यपाल बनाया गया है। उनकी जगह झारखंड राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन को नियुक्त किया गया है। राज्यपाल झारखंड से विदा होने से पहले गुरुवार को मीडिया से रूबरू हुए। उन्होंने मीडिया प्रतिनिधियों से खुल कर बात की। कई सवालों का जवाब दिया।

**राज्यपाल निर्णय लेने के लिए बाध्य नहीं :** राज्यपाल रमेश बैस ने कहा कि संविधान में ऐसा कोई प्रावधान नहीं है, जिसमें राज्यपाल पर निर्णय लेने की बाध्यता हो। अगर राज्य सरकार की तरफ से कोई विल है या किसी की जांच करनी हो, यह राज्यपाल पर निर्भर करता है कि वह इस संबंध में कब निर्णय लेते हैं। इसके लिए कोई समय सीमा नहीं होती है। मुझे लगा जब समय ठीक होगा, तब निर्णय ले लेंगे।

**मुख्यमंत्री ने छह महीनों में बहुत काम किया है:** मीडिया प्रतिनिधियों ने राज्यपाल से मुख्यमंत्री के मामले में चुनाव आयोग से प्राप्त लिफाफे के बारे में भी पूछा। उन्होंने कहा कि बंद लिफाफे के बारे में राज्य की जनता ही नहीं, मुख्यमंत्री पूछने आये थे। हमने मुख्यमंत्री से कहा कि आप काम कीजिए, लिफाफे की चिंता छोड़ दीजिए। इस पर कब और क्या निर्णय लेना है, यह मुझ पर निर्भर करता है। बैस ने कहा कि निर्वाचन आयोग के मंतव्य आने के बाद इन 6 महीनों में मुख्यमंत्री ने बहुत काम किया। अगर कोई अपने छांव से डर जाए तो हम क्या करेंगे।

**मंत्री और अधिकारियों में विजन नहीं :** रमेश बैस ने कहा कि झारखंड के राज्यपाल बनने के बाद पहली बार मीडिया से बात हुई थी। उस वक्त सवाल पूछा गया था कि सरकार और राजभवन के बीच टकराव की स्थिति बनती है। इस पर उस वक्त हमने कहा था कि टकराव वहां होता है, जहां इगो होता है। हमारी सोच सकारात्मक दृष्टिकोण का रहा है। हमने झारखंड के विकास के उद्देश्य से काम किया है। हमने वैसा काम किया जिसमें झारखंड विकास करें। हमने झारखंड के विकास को गति देने का काम किया है। जिस गति से विकास करना चाहता था, हालांकि उस गति से विकास नहीं हो पाया। उन्होंने कहा कि यहां के मंत्री और अधिकारियों में विजन नहीं है। अगर विजन होता तो झारखंड प्रदेश विकासशील राज्य में शुमार हो जाएगा। झारखंड में विकासशील राज्य के सभी पैमाने मौजूद है।

**लॉ एंड ऑर्डर की स्थिति ठीक नहीं :** रमेश बैस ने कहा कि राज्य में लॉ एंड ऑर्डर ठीक करने के लिए पुलिस अधिकारियों को कई बार निर्देश दिया। इस विषय में मुझे अधिकारियों को बोलना पड़ा कि प्रशासन का डर होना चाहिए, तभी कानून व्यवस्था बनी रहती है। व्यवस्था बेहतर होने पर ही बाहर के लोग जो इन्वेस्टर हैं, वह राज्य में उद्योग धंधे लगाने पर विचार करते हैं। रमेश बैस ने कहा कि राज्य की जनता बहुत अच्छी है। झारखंड प्रदेश प्राकृतिक संपदा और खूबसूरती से भरपूर प्रदेश है। इसमें विकास की सभी संभावनाएं मौजूद हैं। रमेश बैस अपने कार्यकाल के सभी विषयों के संबंध में विस्तार से चर्चा की।

**टीएसी गठन में राज्यपाल का प्रतिनिधित्व होना चाहिए :** बैस ने टीएसी गठन के विवाद पर कहा कि टीएसी का गठन मेरे आने के पहले हो चुका था। संविधान के अनुसार टीएसी सदस्यों में राज्यपाल के दो प्रतिनिधि होने चाहिए। जबकि इस लिस्ट में सभी 20 सदस्य उन्हीं के थे। जबकि झारखंड प्रदेश पांचवी अनुसूचित क्षेत्र में आता है। पांचवी अनुसूची क्षेत्र गवर्नर का होता है। इसके गठन में राज्यपाल का प्रतिनिधित्व होना चाहिए।

**सोच-विचार के बाद विधेयक लौटाया :** राज्यपाल ने खतियान आधारित 1932 के संबंध में कहा कि रिजर्वेशन और 1932 आधारित खतियान के स्थानीय नीति का मामला पहले ही हाइकोर्ट और विधानसभा से खारिज कर दिया गया था। तब इस पर मुझे सोचने की जरूरत थी। 1932 का खतियान लागू होता तो उन जिलों का क्या होगा जहां 1932 के बाद सर्वे हुआ था। इस पर विचार करने के उपरांत ही 1932 खतियान आधारित स्थानीय नीति के बिल को हमने वापस किया। इसी तरह उन्होंने वीसी और प्रो वीसी की नियुक्ति के लिए बनी कमेटी के बारे में भी बताया।






# अपराध पर लगाम लगाना शीर्ष प्राथमिकता : अजय कुमार सिंह

- नये डीजीपी ने कार्यभार संभाला, सीएम हेमंत सोरेन से मुलाकात की

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** झारखंड के नये पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) अजय कुमार सिंह ने बुधवार को पदभार ग्रहण किया। इस मौके पर डीजीपी ने कहा कि हर तरह के अपराध पर लगाम लगाना उनकी पहली प्राथमिकता होगी। राज्य में अमन चैन कायम करने का काम करेंगे। आम नागरिकों को पुलिस की सभी सुविधाएं आसानी से मिले। इस पर अधिक जोर रहेगा। डीजीपी ने कहा कि पुलिस विभाग में जो भी समस्याएं आयेंगी, उसे दूर करने की पूरी कोशिश करेंगे। विधि व्यवस्था दुरुस्त करने और कानून का राज स्थापित करने पर काम करेंगे। उन्होंने कहा कि राज्य में नक्सलियों के खिलाफ बेहतर कार्य करना है। इसके लिए वे एक टीम के साथ काम करेंगे। गौरतलब है कि झारखंड कैडर के 1989 बैच के आइपीएस अजय कुमार सिंह को मंगलवार को राज्य का नया डीजीपी नियुक्त किया गया था। नये डीजीपी ने पदभार ग्रहण करने के बाद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से भी मुलाकात की। यह उनकी पद ग्रहण करने के बाद पहली मुलाकात थी। सीएमओ ने इसे शिष्टाचार मुलाकात कहा है।

# सपा नेता आजम खान के बेटे अब्दुल्ला की छिनी विधायकी

- दो साल की सजा के बाद सदस्यता रद्द

आजाद सिपाही संवाददाता

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के कद्दावर नेता आजम खान के बाद अब उनके बेटे अब्दुल्ला आजम की भी विधानसभा सदस्यता रद्द हो गयी है। यूपी विधानसभा सचिवालय ने अब्दुल्ला आजम की स्वार टांडा सीट को रिक्त घोषित किया है। मुरादाबाद की एक विशेष अदालत ने सोमवार को 15 साल पुराने मामले में सपा महासचिव आजम खान और उनके विधायक पुत्र अब्दुल्ला आजम को दो साल की सजा सुनायी थी। अब चुनाव आयोग इस सीट पर दोबारा चुनाव करायेगा। इससे पहले भी अब्दुल्ला आजम की विधायकी छिन चुकी है। फर्जी प्रमाणपत्र वाले मामले में भी उन्हें दो साल से ज्यादा की सजा हुई थी और उसी वजह से उनकी विधायकी भी रद्द करनी पड़ी थी। अब एक 15 साल पुराने मामले में आजम खान को दोषी पाया गया है और मुरादाबाद की अदालत ने उन्हें दो साल की सजा सुनायी है। इसी वजह से विधानसभा सचिवालय ने उनकी सदस्यता रद्द कर दी है। आजम खान के बेटे राहत के लिए सेशन कोर्ट में चुनौती दे सकते हैं, जहां अगर एमपी-एमएलए कोर्ट के फैसले पर स्टे लग जाता है, तो विधायकी बच सकती है।

## कृषि शुल्क बढ़ोतरी के खिलाफ व्यवसायियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू

# पहले दिन 100 करोड़ का हुआ नुकसान

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** पंडरा बाजार समिति, जहां रोजाना हजारों की संख्या में दुकानदार और खरीदारों की भीड़ लगी रहती थी, लेकिन बुधवार को यह भीड़ नहीं दिखी। इसकी वजह थी कि बुधवार से व्यावसायियों ने कृषि शुल्क बढ़ोतरी के खिलाफ अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए हैं। आंदोलन के पहले दिन करीब 100 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है।

**काला झंडा लेकर किया प्रदर्शन :** व्यवसायियों के हड़ताल की वजह से रांची सहित पूरे राज्य में खाद्यान्न के अलावे सब्जी और फलों के थोक और खुदरा व्यवसाय प्रभावित हुए हैं। हड़ताल के पहले दिन रांची के पंडरा बाजार समिति और अपर बाजार में पूरी तरह से व्यवसायिक कारोबार ठप रहा। हड़ताल के समर्थन में झारखंड चेंबर ऑफ कॉमर्स के पदाधिकारियों की ओर से पंडरा बाजार समिति में हाथ में काला झंडा लेकर प्रदर्शन किया।

**खाद्यान्नों का आवक-जावक ठप :** झारखंड चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष किशोर मंत्री ने कहा कि कृषि शुल्क बढ़ोतरी से आम लोगों पर महंगाई का बोझ बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि सुबह से राज्य भर में खाद्यान्नों का आवक और जावक पूरी तरह से ठप है।

**गाड़ियां अनलोड नहीं हुई :** पंडरा बाजार समिति में व्यवसायियों का हड़ताल का असर देखने को मिला है। पंडरा बाजार समिति में जहां दुकानें बंद थी। वहीं बाहर से आयी गाड़ियों पर सामान यूं ही लोड था।

**भयावह स्थिति उत्पन्न हो जायेगी :** पंडरा बाजार समिति के अध्यक्ष संजय कुमार माहुरी ने हड़ताल को सफल बताते हुए कहा कि जिस तरह से सरकार ने कृषि शुल्क बढ़ोतरी की है। इसके विरोध में हर कोई है और यही वजह है कि बाजार समिति परिसर में स्थित दुकानें बंद हैं और कारोबार पूरी तरह से ठप है।

झारखंड चेंबर ऑफ कॉमर्स के संयुक्त सचिव शैलेश अग्रवाल ने कहा कि यदि यही स्थिति रही तो राज्य में भयावह स्थिति उत्पन्न हो जायेगी। उन्होंने कहा कि हड़ताल की वजह से प्रतिदिन 100 करोड़ का कारोबार प्रभावित होने की संभावना है।

**मोटिया मजदूर दिन भर बैठे रहे :** व्यवसायियों के हड़ताल की वजह से हर दिन कमाने खाने वाले मोटिया मजदूर की स्थिति सबसे ज्यादा प्रभावित होगी। सामान्य दिनों की तरह मजदूर आज सुबह भी घर से निकले, लेकिन उन्हें काम नहीं मिला। वह पूरे दिन भर यूं ही बैठे रहे। उन्हें चिंता इस बात की सताने लगी कि अब जब वह घर लौटेंगे तो घर का राशन कैसे खरीदेंगे। मजदूर विनोद चौधरी कहते हैं कि सरकार को इस हड़ताल को खत्म कराने की दिशा में कदम उठाना चाहिए।




आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
188100 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
No. 1 Channel
YouTube Channel
Subscribe Now

सर्राफा
सोना (बिक्री) 53,300 रु./10 ग्राम
चांदी 70,000 रु./प्रति किलो

आजाद सिपाही
रांची, गुरुवार, 16 फरवरी, 2023
www.azadsipahi.in


# कई चुनौतियों से जूझना होगा झारखंड के नये डीजीपी को

## ■ अपराध नियंत्रण के साथ जनता का भरोसा हासिल करना सबसे जरूरी

## ■ कोयला, बालू और पत्थर की तस्करी पर लगाम लगाना ही होगा

**झारखंड के नये डीजीपी के रूप में अजय कुमार सिंह ने पदभार संभाल लिया है। हेमंत सोरेन सरकार ने नीरज सिन्हा के रिटायर होने के बाद उनके स्थान पर अजय कुमार सिंह को पुलिस महकमे का मुखिया नियुक्त किया है। झारखंड की सवा तीन करोड़ आबादी को नये डीजीपी से बहुत उम्मीदें हैं। इसलिए उनके सामने इन उम्मीदों पर खरा उतरने की बड़ी चुनौती है। अपराध नियंत्रण के साथ आम लोगों का भरोसा हासिल करना झारखंड पुलिस के लिए बड़ा टास्क है। इसके अलावा महिलाओं के खिलाफ अपराध और नक्सल समस्या पर नियंत्रण के लिए नये डीजीपी को नये उत्साह के साथ काम करना होगा। हाल के दिनों में कोयला, बालू और पत्थर की तस्करी के अलावा संगठित अपराध में वृद्धि दर्ज की जा रही है। इससे पार पाना कठिन चुनौती है। कोरोना काल में झारखंड पुलिस ने अपने जिस मानवीय चेहरे को दुनिया के सामने रखा, उसकी चारों तरफ खूब तारीफ हुई थी। उस चेहरे को बरकरार रखने के लिए नये डीजीपी को अपने पूर्ववर्ती के अनुरूप ठोस रणनीति के तहत काम करने की जरूरत होगी। इसके अलावा जमीन और कोयले के कारोबार में लिप्त पुलिसकर्मियों पर नकेल कसना भी उनके लिए बड़ा टास्क हो सकता है। नये डीजीपी के साथ सबसे बड़ी सकारात्मक बात यह है कि वह झारखंड के कई जिलों में तैनात रहे हैं और कड़क के साथ बेहद सुलझे हुए अधिकारी माने जाते हैं। इस कारण यहां की समस्याओं से वह अच्छी तरह परिचित हैं। उनके सामने झारखंड पुलिस का चेहरा बदलने के लिए दो साल से भी अधिक का काफी लंबा वक्त है और उम्मीद की जानी चाहिए कि वह ऐसा करने में सफल होंगे। झारखंड के नये डीजीपी के सामने व्याप्त चुनौतियों की पृष्ठभूमि में उनकी कार्यशैली को रेखांकित कर रहे हैं आजाद सिपाही के राज्य समन्वय संपादक अजय शर्मा।**

आजाद सिपाही विशेष


अजय शर्मा

14 फरवरी, 2023, मंगलवार को जब झारखंड के नये डीजीपी के रूप में 1989 बैच के आइपीएस अजय कुमार सिंह के नाम की अधिसूचना जारी हुई, तो इस पर बहुत कम लोगों को आश्चर्य हुआ, क्योंकि वह राज्य के दो वरिष्ठतम आइपीएस में से एक होने के अलावा इस पद के सर्वथा योग्य हैं। यूपीएससी ने जिन तीन अधिकारियों के नामों का पैनल भेजा था, उसमें भी अजय कुमार सिंह का नाम दूसरे नंबर पर था। अजय कुमार सिंह झारखंड में कई जिलों में पदस्थापित रहे हैं और कई संवेदनशील पदों की जिम्मेवारी भी निभा चुके हैं। वह एक कड़क और इमानदार अधिकारी माने जाते हैं, जो अक्सर अपने मानवीय चेहरे के लिए सुर्खियों में आते रहते हैं।

अब अजय कुमार सिंह ने डीजीपी का पदभार संभाल लिया है और इसके साथ ही उनके सामने चुनौतियों की लंबी फेहरिस्त भी आ गयी है। एक आइपीएस अधिकारी के रूप में उन्होंने पिछले करीब तीन दशक के दौरान जो शानदार उपलब्धियां हासिल की हैं, उनसे तो झारखंड की सवा तीन करोड़ की आबादी को यह भरोसा हो गया है कि वह पुलिस महकमे का चेहरा बदलने में कामयाब होंगे। इसके साथ ही उनके कड़क और कर्तव्यनिष्ठ होने के कारण भी लोगों की उम्मीदें उनसे काफी बड़ी हैं। वैसे तो अजय कुमार सिंह का गृह राज्य उत्तरप्रदेश है, लेकिन वह झारखंड को अपना दूसरा घर मानते हैं।

नये डीजीपी ने पदभार संभालने के फौरन बाद अपनी प्राथमिकताएं गिनायी हैं। इनमें अपराध और नक्सलवाद पर नियंत्रण के साथ उन्होंने आम लोगों के साथ पुलिस के रिश्ते को और मजबूत करने की बात कही है। वास्तव में झारखंड पुलिस को इस वक्त इसकी सबसे अधिक जरूरत है। हाल के दिनों में राज्य में नक्सली समस्या थोड़ी



चिंताजनक हो गयी है, हालांकि संतोष की बात यह है कि अक्सर पुलिस ही इन पर भारी पड़ी है। इस सिलसिले को जारी रखते हुए पुलिस की मारक क्षमता को बढ़ाना बड़ी चुनौती है। राज्य में महिलाओं के खिलाफ अपराध के साथ सामान्य अपराध भी बढ़े हैं, जिन पर लगाम लगाना और अपराधियों को कानून के शिकंजे में लाने का चैलेंज नये डीजीपी के सामने है। धनबाद और संथाल परगना के इलाके में संगठित अपराध में बढ़ोत्तरी भी चिंताजनक है। कोयला, बालू और पत्थर का अवैध खनन-तस्करी भी नये डीजीपी के सामने बड़ी चुनौती है। इसके साथ झारखंड पुलिस के साथ एक बड़ी समस्या यह है कि बड़ी संख्या में इसके अधिकारी जमीन और कोयले के अवैध कारोबार में लिप्त हैं। बार-बार चेतावनी दिये जाने के बावजूद ऐसे पुलिस अधिकारी सुधरने का नाम नहीं ले रहे। इससे अपराध और नक्सलवाद पर अंकुश लगाना अक्सर मुश्किल हो जाता है। नये डीजीपी को पुलिस महकमे की इस अंदरूनी बीमारी को दूर करने के लिए बहुत परिश्रम करना होगा। उन्होंने अपने पहले साक्षात्कार में पुलिसकर्मियों को जनता के साथ शालीन व्यवहार करने की बात कही है। उम्मीद की जानी चाहिए कि इसका सकारात्मक असर होगा। वैसे कोरोना काल के दौरान झारखंड पुलिस ने अपने जिस मानवीय चेहरे को दुनिया के सामने रखा, उसकी काफी तारीफ हुई। नये डीजीपी इस चेहरे को और चमकायेंगे, यह उम्मीद तो लगायी ही जा सकती है।

झारखंड में कई महत्वपूर्ण और संवेदनशील पदों पर काम करने के अनुभव के कारण नये डीजीपी को यहां की समस्याओं की बेहतर समझ है। वह राज्य के विभिन्न इलाकों से अच्छी तरह परिचित भी हैं। अपने 33 साल के लंबे कैरियर में उन्होंने जिस सुलझे तरीके से चुनौतियों का सामना किया है, उससे यह उम्मीद बंधी है कि वह डीजीपी के रूप में कामयाबी की नयी ऊंचाइयां हासिल करेंगे। उनकी छवि एक कड़क और सुलझे हुए पुलिस अधिकारी की है, जो अपने काम के रास्ते में आनेवाली किसी भी रुकावट से सीधे टकराने में नहीं हिचकते। आइपीएस अधिकारी के रूप में उन्होंने बेहद कुशलता से अपराध और अपराधियों पर प्रहार किया है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अपनी कार्यशैली से राज्य को यही संदेश दिया है कि गड़बड़ी के लिए झारखंड में अब कोई जगह नहीं है और अजय कुमार सिंह से उन्हें यही उम्मीद है कि वह पुलिस को इसी रास्ते पर ले जायेंगे। इसलिए राजनीतिक नेतृत्व की तरफ से नये डीजीपी को पूरा समर्थन मिलेगा। ऐसे में झारखंड को अपराध मुक्त बना कर उसकी ख्याति एक निरापद और सुरक्षित प्रदेश के रूप में दुनिया भर में फैलाना नये डीजीपी के सामने बड़ा चैलेंज है। उनके पास इन चुनौतियों से पार पाने के लिए अभी लंबा वक्त है। इसलिए यह उम्मीद बंधती है कि नये डीजीपी झारखंड पुलिस के उस चमकीले चेहरे को दुनिया के सामने लाने में सफल होंगे। इसके लिए खुफिया तंत्र को मजबूत करना जरूरी होगा, जिसका व्यापक अनुभव नये डीजीपी को है। पुलिसकर्मियों का आम जनता के साथ शालीन व्यवहार हो, यह नये डीजीपी की प्राथमिकता में शामिल है। इसलिए खुफिया सूचनाएं अब पुलिस को मिलेंगी, इसकी उम्मीद भी जगी है।

कुल मिला कर नये डीजीपी अजय कुमार सिंह के सामने चुनौतियों का अंबार है और वह इससे पीछे हटने वाले अधिकारी नहीं हैं। झारखंड पुलिस को नया कलेवर और नया तेवर देने से वह कतई पीछे नहीं हटेंगे। हाल के दिनों में झारखंड पुलिस की वर्दी पर जो दाग लगे हैं, उन सभी को साफ करने में नये डीजीपी जरूर सफल होंगे।

---

### देवघर में धारा 144 लागू करने पर हंगामा: सांसद निशिकांत दुबे ने कहा

# भगवान शिव के लिए आमरण अनशन भी कर सकता हूं

आजाद सिपाही संवाददाता

**देवघर।** देवघर में शिवरात्रि को लेकर तैयारी जोरों पर है। सांसद निशिकांत दुबे ने प्रशासन को चुनौती देते हुए कहा है कि अगर प्रशासन शिव बारात को लेकर मनमानी करेगा तो आमरण अनशन पर बैठ जायेंगे। देवघर अनुमंडल क्षेत्र में निषेधाज्ञा लागू की गयी है। इस फैसले का सांसद विरोध कर रहे हैं। शिव बारात निकालने के लिए भी आदेश जारी किया गया है। एसडीओ के इस आदेश के बाद शहर में कई संगठनों ने इसका विरोध शुरू कर दिया है।



## निशिकांत दुबे ने क्या कहा

शिव रात्रि महोत्सव समिति का कहना है कि इस संबंध में प्रशासन को पहले चर्चा करनी चाहिए थी। बगैर चर्चा के यह फैसला ले लिया गया है। सांसद डॉ निशिकांत दुबे ने इस मुद्दे पर ट्वीट किया है। उन्होंने लिखा, 'झारखंड सरकार डीसी देवघर के माध्यम से हजारों साल से आ रही देवघर शिव बारात को रोकना चाह रही है। आस्था के लिए हम न्यायालय की शरण में जायेंगे।' धारा 144 लगाना तथा बिना शिव रात्रि महोत्सव समिति की सहमति के ज़िला प्रशासन ने रूट कैसे तय किया? यह तानाशाही है, यदि प्रशासन नहीं संभला तो मैं भगवान शिव के लिए आमरण अनशन भी कर सकता हूं।

## हाइकोर्ट पहुंचा मामला

अब हाइकोर्ट में इस मुद्दे पर फैसला होगा। शिवरात्रि महोत्सव समिति के अध्यक्ष अभिषेक आनंद झा ने कहा, प्रशासन का यह तुगलकी फरमान है। शिव बरात को देखने लाखों भक्त पहुंचते हैं। ऐसी परिस्थिति में मनमाने तरीके से 144 की निषेधाज्ञा लागू करना अनुचित है। अगर शहर में धारा 144 लागू होगी तो शिव बारात देखने भक्त कैसे पहुंच पायेंगे। यह हिंदुत्व पर प्रहार है। राज्य सरकार के इशारे पर जिला प्रशासन हिंदुत्व पर प्रहार कर रही है। लोगों की धार्मिक भावना और उनकी आस्था को ठेस पहुंचाने की कोशिश है। बरात में हाथी शामिल होते रहे हैं, यह पहली बार नहीं है ऐसे में इस पर रोक लगा दिया गया है। हाथी शिव बारात में शामिल किये जाते रहे हैं यह पुरानी परंपरा बन चुकी है, लेकिन जिला प्रशासन इसमें अड़ंगा डालने का काम कर रही है, जिसका शिवरात्रि महोत्सव समिति पुरजोर विरोध करती है।

### बाबूलाल मरांडी ने भी दी अनशन की चेतावनी

**प्रदेश के प्रथम मुख्यमंत्री और बीजेपी विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी ने भी देवघर में जिला प्रशासन द्वारा जारी आदेश के खिलाफ अपनी प्रतिक्रिया दी है। बाबूलाल मरांडी ने कहा कि धारा-144 लगाना तथा बिना शिवरात्रि महोत्सव समिति की सहमति के जिला प्रशासन रूट कैसे तय कर सकता है। बाबूलाल मरांडी ने इसे तानाशाही करार देते हुए कहा कि यदि प्रशासन नहीं संभला तो मैं भगवान शिव के लिए आमरण अनशन भी कर सकता हूं।**



## बढ़ सकता है विवाद

इस मामले पर जब विवाद बड़ा तो प्रशासन ने अपना पक्ष रखते हुए कहा है कि शिव बारात पर किसी भी तरह का प्रतिबंध नहीं लगाया गया है। बरात का जो रूट प्रशासन ने निर्धारित किया है, उसी रूट से बारात निकलेगी। यह भी कहा गया है कि अनुमंडल दंडाधिकारी देवघर ने विधि व्यवस्था एवं श्रद्धालुओं की सुरक्षा के दृष्टिकोण से दिशा-निर्देश जारी किया है। दूसरी तरफ शिवरात्रि महोत्सव समिति ने जिला प्रशासन को रूट चार्ट दिया था। समिति इसी रास्ते से बारात निकालना चाहती है। समिति के अध्यक्ष ने कहा, प्रशासन द्वारा दिया गया रूट चार्ट संकीर्ण है। लोगों की अत्यधिक भीड़ होने के कारण कई प्रकार की समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं। प्रशासन द्वारा तय किया गया रूट चार्ट को लेकर शिवरात्रि महोत्सव समिति से किसी भी प्रकार का संवाद नहीं किया गया है।

---

# गर्लफ्रेंड के चक्कर में सेना के जवान ने करायी पत्नी की हत्या!

**4 साल के बेटे के सामने मां को मारी गयी गोली**

आजाद सिपाही संवाददाता

**सिमडेगा।** झारखंड में सिमडेगा जिले के कोलेबिरा प्रखंड में स्थित लसिया कोंबाकेरा गांव में मंगलवार की मध्यरात्रि में अज्ञात अपराधियों ने एक महिला की गोली मारकर हत्या कर दी। मृतक की पहचान कोलेबिरा थाना क्षेत्र की साहपुर कोंबाकेरा निवासी किरण देवी के रूप में हुई है। महिला के पति सुरेंद्र महतो थल सेना में कार्यरत हैं। घटना की सूचना मिलने पर त्वरित कार्रवाई करते हुए रात्रि में ही पुलिस ने घटनास्थल पहुंच कर शव को अपने कब्जे में ले लिया है।



## सबके सामने बदमाशों ने महिला को मारी गोली

पुलिस के मुताबिक, महिला को दो गोली सिर में मारी गयी थी जिससे मौके पर ही महिला की मौत हो गयी। घटना के समय घर में महिला के अलावा उसके मामा, मामा का बेटा व महिला का 4 वर्षीय पुत्र उज्ज्वल था। इसी क्रम में चार अपराधी घर का दरवाजा तोड़कर घर में घुसे। शोर सुनकर घर के सभी अन्य सदस्य भी जग गये। इसी क्रम में अपराधी महिला के पास पहुंचे और सिर में गोली मार दी। घटना को स्वजनों ने भी अपनी आंखों से देखा। घटना को अंजाम देने के बाद अपराधी फरार हो गये। इसके बाद स्वजनों ने इसकी जानकारी थाना को दी।

## पति सुरेंद्र महतो पर शक की सुई

सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस त्वरित कार्रवाई करते हुए घटनास्थल पहुंचकर शव को अपने कब्जे में ले लिया। वहीं घटनास्थल से दो खोखा बरामद किये गये। किरण देवी के स्वजनों ने घटना के पीछे महिला के पति सुरेंद्र महतो पर शक व्यक्त किया है। मृतका के मामा गणेश महतो ने बताया कि किरण के पति सुरेंद्र का जलडेगा थाना क्षेत्र के सिलिंगा गांव निवासी किसी युवती के साथ प्रेम प्रसंग चल रहा था।

## पुलिस कर रही जांच

युवती को समझाने के लिए मृतका के मामा गणेश महतो, मृतक किरण देवी का भाई अखिल महतो आदि गये थे। शायद यही सुरेंद्र को नागवार गुजरा होगा, जिसकी परिणीति के रूप में महिला की हत्या की गयी। वैसे पूरे मामले पर पुलिस अभी कुछ कहने से इंकार कर रही है। जांच के बाद ही कुछ स्पष्ट हो पायेगा।

---

## कांड्रा में विश्वनाथ इंटरप्राइजेज प्लास्टिक फैक्ट्री में लगी भीषण आग

**सरायकेला।** कांड्रा थाना क्षेत्र अंतर्गत कांड्रा-सरायकेला मुख्य मार्ग पर गोपीनाथपुर गांव के समीप विश्वनाथ इंटरप्राइजेज नामक प्लास्टिक फैक्ट्री में मंगलवार देर रात आग लग गयी। आगलगी में लाखों रुपये के सामान जलकर राख हो गये। आग बुझाने का काम बुधवार सुबह तक जारी है। मौके पर अग्निशमन विभाग तथा आधुनिक कंपनी की चार दमकल वाहन आग बुझाने में लगे हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार दे रात फैक्ट्री से आग निकलते देखा गया। जबतक लोग कुछ समझ पाते तबतक आग ने विकराल रूप ले लिया, जिससे आसपास के इलाकों में अफरा-तफरी मच गयी। धीरे-धीरे आग की लपटें काफी तेज हो गयीं और घटनास्थल पर लोगों की भीड़ जुट गयी।

---

# चाइबासा के चर्चित तिहरे हत्याकांड में पांच को फांसी की सजा, जुर्माना भी

**हत्या कर शवों को कोयल कारो नदी घाट में दफनाया**

आजाद सिपाही संवाददाता

**चाइबासा।** झारखंड के चाइबासा जिले के बंदगांव थाना क्षेत्र स्थित पोडेंगेर गांव में साल 2021 के बहुचर्चित तिहरे हत्याकांड में दोषी पाये गये पांच दोषियों को फांसी की सजा सुनायी गयी है।

जिला और सत्र न्यायाधीश ने यह फैसला सुनाया है। झारखंड के पश्चिमी सिंहभूम जिले के बंदगांव थाना क्षेत्र के पोडेंगेर गांव में नवंबर 2021 में डायन बिसाही के आरोप में एक ही परिवार के तीन सदस्यों की हत्या कर शवों को रातों रात कोयल कारो नदी घाट में दफनाने का सनसनीखेज मामला सामने आया था। आरोपी की निशानदेही पर बंदगांव पुलिस ने सालेम डांगा (40), उसकी पत्नी बेलानी डांगा (40) और 13 वर्षीय पुत्री राहिला डांगा का शव बरामद किया था।

तीनों की हत्या चाकू से गला रेत कर की गयी थी। चाइबासा जिला सत्र न्यायालय ने इस मामले की सुनवाई करते हुए मरकस डांगा, इलियास डांगा, केंबा डांगा, दाउद डांगा और इलियास डांगा उर्फ बंका बाकु को दोषी ठहराया था। बुधवार को अदालत ने पांचों दोषियों को फांसी और एक लाख रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है।

### डायन बिसाही को लेकर दिया था घटना को अंजाम

**मृतकों में सालेम डांगा की 2 पुत्रियां अपनी मौसी के घर गयी हुई थीं, इसलिए उनकी जान बच गयी। इस कांड में दोषियों ने सालेम डांगा की पत्नी और बेटी की हत्या चाकू से गला रेत कर की थी। सूचना पर पुलिस ने गांव के मार्क्स डांगा को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने अपना अपराध स्वीकार कर लिया और उसकी निशानदेही पर पुलिस को तीनों के शव बरामद कर लिये।**

---

# इडी कोर्ट ने खारिज की पूजा सिंघल की याचिका

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मनी लांड्रिंग की आरोपी निलंबित आइएएस अधिकारी पूजा सिंघल ने रांची इडी की कोर्ट में याचिका दाखिल कर अपने केस से जुड़े दस्तावेज मुहैया कराने की मांग की थी। उनकी याचिका पर सुनवाई के बाद कोर्ट ने उनकी याचिका खारिज कर दी है। पूजा सिंघल की ओर से अधिवक्ता स्नेह सिंह और अधिवक्ता विक्रांत सिन्हा ने पक्ष रखा। अपनी बहस में



पूजा सिंघल के वकीलों ने कहा कि चार्जफ्रेम की प्रक्रिया से पहले उन्हें उनके केस से जुड़े सभी दस्तावेज दिये जायें। जिसपर इडी के विशेष लोक अभियोजक आतिश कुमार ने कोर्ट को बताया कि फिलहाल इस मामले की जांच जारी है, और जितने कागजात आरोपियों को दिये जाने थे, वह दिये जा चुके हैं। बता दें कि निलंबित आइएएस पूजा सिंघल फिलहाल अंतरिम जमानत मिलने के बाद न्यायिक हिरासत से बाहर हैं।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
188100 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
Channel

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 26.3 °c | 10.0 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 17.45 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 06.22 बजे |



### रामगढ़ उपचुनाव को लेकर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में यूपीए गठबंधन की बैठक

# सीएम ने फिर जीत का परचम लहराने का दिया मंत्र

**रामगढ़ उपचुनाव में यूपीए गठबंधन के प्रत्याशी की जीत सुनिश्चित करने को लेकर आला नेता लगायेंगे जोर**

**कहा- सभी कार्यकर्ता एकजुट रहें और बूथ स्तर तक गठबंधन के प्रत्याशी की जीत के लिए अपना दमखम लगायें**



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में बुधवार को मुख्यमंत्री आवास में रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव में गठबंधन के प्रत्याशी की जीत सुनिश्चित करने को लेकर यूपीए के आला नेताओं की अहम बैठक हुई। बैठक में रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव में गठबंधन के प्रत्याशी बजरंग महतो की जीत सुनिश्चित करने के लिए एक बेहतर रणनीति बनायी गयी। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने यूपीए के आला नेताओं से रामगढ़ उपचुनाव के सियासी समीकरण के मद्देनजर बिंदुवार चर्चा की तथा पूरी ऊर्जा के साथ चुनावी मैदान में उतरने का निर्णय लिया। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने गठबंधन के सभी नेताओं को एकजुटता दिखाते हुए एक बार फिर रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव में जीत का परचम लहराने का मंत्र दिया। मौके पर गठबंधन के प्रत्याशी बजरंग महतो ने मुख्यमंत्री के समक्ष प्रचार-प्रसार से लेकर अन्य मुख्य बिंदुओं चर्चा की। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने बैठक में उपस्थित यूपीए के सभी आला नेताओं तथा रामगढ़ विधानसभा के विभिन्न प्रखंडों से पहुंचे कार्यकताओं से कहा कि वे रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव में विरोधियों को मुंहतोड़ जवाब देने के लिए तैयार रहें।

सभी कार्यकर्ता एकजुट रहें तथा बूथ स्तर तक गठबंधन के प्रत्याशी की जीत के लिए अपना दमखम लगायें। इस अवसर पर झारखंड प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर, मंत्री आलमगीर आलम, मंत्री बादल पत्रलेख, झारखंड मुक्ति मोर्चा के वरिष्ठ नेता सह राज्य समन्वय समिति के सदस्य विनोद पांडेय, फागु बेसरा, पूर्व विधायक योगेंद्र महतो, सुप्रियो भट्टाचार्य, अभिषेक प्रसाद पिंटू, संजीव बेदिया, कांग्रेस नेता शहजादा अनवर, केशव महतो कमलेश, राजद के प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंह यादव, झामुमो के रामगढ़ जिलाध्यक्ष विनोद किस्कू, जिला सचिव विनोद महतो सहित पार्टी के अन्य नेता तथा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# गठबंधन सरकार में अराजकतत्वों का मनोबल ऊंचा: दीपक प्रकाश

**तुष्टिकरण छोड़ महाशिवरात्रि पर्व को धूमधाम एवं पारंपरिक तरीके से मनाना सुनिश्चित कराये राज्य सरकार**



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** दीपक प्रकाश ने झामुमो नेतृत्व वाली कांग्रेस-राजद की गठबंधन सरकार पर कड़ा प्रहार किया। श्री प्रकाश ने कहा कि झामुमो कांग्रेस और राजद गठबंधन की सरकार में अराजक तत्वों का मनोबल सिर चढ़कर बोल रहा है।

उन्होंने कहा यह हेमंत सरकार की तुष्टिकरण नीति का परिणाम है कि आये दिन प्रदेश में आराजकतत्वों के द्वारा राज्य के माहौल अमन चैन को खराब, अशांत किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि पांकी में शिवरात्रि पर्व की तैयारी में अराजकतत्वों के द्वारा बाधा डालते हुए हिंसा फैलाने की कोशिश की गयी। जिसकी भाजपा कड़ी निंदा करती है। उन्होंने कहा कि कहीं पांडू में दलितों की जमीन पर कब्जा करने वाले दबंगों की तो साजिश नहीं है? कहा कि किसी को भी कानून को हाथ में लेने का अधिकार नहीं है।

श्री प्रकाश ने कहा कि महाशिवरात्रि हिंदुओं का महान पर्व है। शिव बारात की तैयारी में जुटे भक्तों पर हिंसक आक्रमण, पत्थरबाजी, तोड़फोड़ करना यह किसी भी दृष्टि से क्षम्य नहीं है। शिवभक्त अपनी परंपरा के अनुसार वर्षों से ऐसी तैयारी करते हैं। जिसमें बाधा डालने की कोशिश अराजकतत्वों के द्वारा की जा रही है। उन्होंने कहा कि शिवभक्तों की भावनाओं के अनुरूप तैयारी को पूरा कराना, शिव बारात में कोई विघ्न पैदा नहीं हो यह सुनिश्चित कराना राज्य सरकार की जिम्मेवारी है।

श्री प्रकाश ने देवघर जिला प्रशासन द्वारा भी शिव बारात की तैयारी में भक्तों की भावनाओं के विपरित आदेश निकालना हेमंत सरकार की तुष्टिकरण नीति को ही उजागर करता है।

उन्होंने राज्य सरकार को चेतावनी देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री तुष्टिकरण छोड़ शिवरात्रि पर्व को पूरे प्रदेश में परंपरा, रीति रिवाज के अनुसार धूमधाम से मनाना सुनिश्चित करायें। और विघ्न डालने वाले अराजकतत्वों पर कठोर दंडात्मक कार्रवाई सुनिश्चित करें।

# सीएम से मिला श्री शिव बारात आयोजन महासमिति का प्रतिनिधिमंडल

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से बुधवार को कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय परिसर में श्री शिव बारात आयोजन महासमिति, पहाड़ी मंदिर रांची के प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को प्रतिनिधिमंडल ने आगामी 18 फरवरी 2023 को महाशिवरात्रि के अवसर पर आयोजित होने वाले श्री शिव बारात में सम्मिलित होने के लिये आमंत्रित किया।



इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने श्री शिव बारात आयोजन महासमिति के प्रतिनिधिमंडल से श्री शिव बारात के आयोजन के लिये की जा रही तैयारियों की जानकारी ली। मुलाकात करने वाले प्रतिनिधिमंडल में शिव बारात आयोजन महासमिति पहाड़ी मंदिर, रांची के अध्यक्ष राजेश कुमार साहू, संरक्षक सुमित सिंह, कलाकार प्रभारी राम सिंह, शिव बारात प्रभारी गगन कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# तीन दिवसीय सांसद खेल महोत्सव का आयोजन कल से : संजय सेठ



**ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को इस खेल से आगे बढ़ने का मिलेगा मौका**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सांसद संजय सेठ एवं ओलंपिक संघ के पदाधिकारियों के द्वारा बुधवार को खेल महोत्सव के निमित्त मेडल ट्रॉफी टी-शर्ट लांच किया गया सांसद सेठ ने प्रेस को बताया खेल महोत्सव, रांची लोकसभा क्षेत्र का भव्य दिव्य और ऐतिहासिक महोत्सव बनने वाला है। 17 फरवरी से 19 फरवरी तक चलने वाले इस महोत्सव में रांची लोकसभा क्षेत्र के 3000 से अधिक खिलाड़ी शामिल होंगे। झारखंड ओलंपिक एसोसिएशन के तत्वावधान में आयोजित इस महोत्सव में 6 प्रकार के खेलों से जुड़ी प्रतिस्पर्धा होगी, इसमें बैडमिंटन, एथलेटिक्स, वुशु, तीरंदाजी, योगासन और कबड्डी को शामिल किया गया है। सभी प्रतियोगिताएं बहुत ही रोचक होंगी और इसके लिए अलग-अलग टीमें भी तैयार कर ली गयी हैं। 3 दिनों तक चलने वाले इस महोत्सव में 650 से अधिक मेडल और ट्रॉफी प्रतिभागियों को दिये जायेंगे। तीन दिवसीय महोत्सव के लिए 3087 प्रतिभागियों ने रजिस्ट्रेशन कराया है। रांची लोकसभा क्षेत्र के सभी प्रखंडों से खिलाड़ी इस प्रतियोगिता में भाग लेंगे। इस प्रतियोगिता में रांची लोकसभा क्षेत्र के 17 प्रखंड और 53 वार्डों का प्रतिनिधित्व होगा। लगभग 200 पंचायतों से खिलाड़ियों की सहभागिता होगी। 17 फरवरी को कार्यक्रम का भव्य उद्घाटन दोपहर 3:00 बजे केंद्रीय कोयला मंत्री प्रह्लाद जोशी जी के हाथों संपन्न होगा। वहीं केंद्रीय जनजातीय कार्य मंत्री अर्जुन मुंडा कार्यक्रम में मुख्य अतिथि होंगे और केंद्रीय खेल राज्यमंत्री निशिथ प्रमाणिक कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि होंगे।

खेल के नामी खिलाड़ियों के द्वारा मशाल प्रज्ज्वलित की जायेगी जो लगातार तीन दिन तक यह मशाल प्रज्ज्वलित रहेगी। 12 स्कूल के बच्चों के द्वारा बैंड द्वारा सारे जहां से अच्छा हिंदू सीता हमारा की धुन पर गीत प्रतियोगिता की जायेगी। जिस स्कूल के बच्चे अपना बेहतर प्रदर्शन करेंगे उन्हें पुरस्कृत किया जायेगा।

सांसद सेठ ने रांची के सभी स्कूलों के प्रबंधक से अपील करते हुए कहा इस खेल महोत्सव अपने बच्चों को अवश्य भेजें ताकि आने वाले दिनों में इन बच्चों में भी खेल की भावना जागृत हो और खिलाड़ियों का भी उत्साहवर्धन होगा। उन्होंने राज्य की जनता से अपील करते हुए कहा ज्यादा से ज्यादा संख्या में इस खेल महोत्सव में भाग लेकर खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन करें। रांची लोकसभा क्षेत्र के हर नागरिक से मेरा अनुरोध है इस कार्यक्रम में अपनी सहभागिता निभाएं। अपने बच्चों का हौसला बढ़ाएं। उनके खेल को देखें क्योंकि नागरिकों की उपस्थिति बच्चों का उत्साह बढ़ाने वाली होगी। और यही बच्चे हमें कई मेडल और पुरस्कार लाकर देंगे। देश दुनिया में झारखंड और भारत का नाम रोशन करेंगे। इस प्रेस वार्ता में मधुकांत पाठक शिवेंद्र दुबे, चंचल भट्टाचार्य, विनय जयसवाल, संदीप सिन्हा शामिल थे।

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

| राशि | फल |
|---|---|
| मेष | परिस्थिति में सुधार होगा, नौकरी में परिवर्तन होने की संभावना। |
| वृष | रोजी-रोजगार में सफलता, यशस्वीकार्य करने का अवसर मिलेगा, राजनीतिक लाभ। |
| मिथुन | श्रेष्ठजनों के सहयोग से रुका हुआ काम पूरा होगा, महत्वकांक्षा पूरी होगी। |
| कर्क | व्यक्तित्व का विकास, आत्मविश्वास की वृद्धि, धन-द्रव्य का लाभ, शुभसमाचार की प्राप्ति होगी। |
| सिंह | विविध उलझनों का सामना होगा, नौकरी में उच्चाधिकारियों से वाद-विवाद। |
| कन्या | आर्थिक विकास, पारिवारिक दायित्व पूरे होंगे, पत्नी का परामर्श लाभप्रद सिद्ध होगा। |
| तुला | अत्यधिक कार्यव्यस्तता, नियमित आमदनी में बाधा, परिवार में अशांति का वातावरण। |
| वृश्चिक | चिरसंचित अभिलाषा पूरी होगी, आकस्मिक लाभ, स्वजन-मित्रों का सहयोग मिलेगा। |
| धनु | सुख-साधनों की वृद्धि, आत्मविश्वास में वृद्धि, विद्या-बुद्धि-प्रतिभा का विकास होगा। |
| मकर | सम-सामयिक प्रयास सफल होंगे, सट्टा-लाटरी से लाभ, हर्षदायक समाचार मिलेंगे। |
| कुंभ | महत्वपूर्ण काम सिद्ध होंगे, आरोग्यसुख, दिमागी तनाव दूर होंगे, पारिवारिक जीवन सुखद। |
| मीन | कर्मक्षेत्र में संतोषजनक प्रगति, सम-सामयिक प्रयास सफल होंगे, व्यापार में लाभ। |

# डीजीपी से मिला पुलिस एसोसिएशन का प्रतिनिधिमंडल

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड पुलिस एसोसिएशन का एक प्रतिनिधिमंडल डीजीपी अजय कुमार सिंह से मिला। प्रतिनिधिमंडल ने डीजीपी को बधाई दी। एसोसिएशन ने सदस्यों की समस्या के संबंधी उनको अवगत कराया। इस पर डीजीपी ने कहा कि जो बचा हुआ काम है वह पूरा होगा।

प्रतिनिधिमंडल में एसोसिएशन के प्रांतीय अध्यक्ष योगेंद्र सिंह, उपाध्यक्ष अखिलेश्वर पांडेय, उपाध्यक्ष अरविंद यादव, महामंत्री अक्षय राम, संयुक्त सचिव मो. महताब, संयुक्त सचिव रंजन सिंह, प्रांतीय संगठन सचिव अंजनी कुमार, केंद्रीय सदस्य नीरज और ललन मौजूद थे।

वहीं डीजीपी से बुधवार को झारखंड पुलिस मेंस एसोसिएशन के पदाधिकारी भी मिले और उन्हें बधाई दी। इनमें प्रांतीय अध्यक्ष





राकेश कुमार पांडेय, महामंत्री रमेश उरांव, संगठन महामंत्री मृत्युंजय सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष करन सिंह, सरफराज खान, शेखर महतो, रमेश शर्मा, वैभव पाठक और प्रदीप महतो शामिल थे।

### गुजरात जायंट्स ने 35 लाख में खरीदा, कभी लड़कों से किट मांगकर खेलती थी

# किट खरीदने को नहीं थे पैसे, अब डब्लूपीएल में धमाल मचायेंगी अश्विनी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** 25 वर्षीय अश्विनी हरफनमौला खिलाड़ी हैं। बिग हीटर अश्विनी विस्फोटक बल्लेबाजी के अलावा अपनी तेज गेंदबाजी के लिए भी जानी जाती हैं। गुजरात जायंट्स की टीम ने अश्विनी पर 35 लाख रुपये की बोली लगायी। कहते हैं कि हौसलों को पंख लगे हों तो उड़ान आसमान से भी ऊंची होती है। यह साबित किया है झारखंड की क्रिकेटर अश्विनी ने। कभी लड़कों से किट मांगकर खेलने वाली अश्विनी विमेन प्रीमियर लीग में धमाल मचाने को तैयार है। 25 वर्षीय अश्विनी हरफनमौला खिलाड़ी हैं। बिग हीटर अश्विनी विस्फोटक बल्लेबाजी के अलावा अपनी तेज गेंदबाजी के लिए भी जानी जाती हैं। यही वजह है कि गुजरात जायंट्स की टीम ने अश्विनी पर 35 लाख रुपये की बोली लगायी। बातचीत में अश्विनी कुमारी ने क्रिकेट के प्रति उनके प्यार से लेकर, तमाम संघर्षों के बाद दुनिया की सबसे बड़ी लीग तक पहुंचने के सफर के बारे में बताया।

### बचपन से ही क्रिकेट के प्रति जुनूनी थीं अश्विनी

झारखंड में जमशेदपुर के गोविंदपुर की रहने वाली अश्विनी कुमारी ने बताया कि बचपन से ही क्रिकेट को लेकर उनका खास रिश्ता है। अश्विनी कहती हैं ऐसा नहीं है कि मैंने किसी को देखकर या प्रेरणा लेकर क्रिकेट खेलना सीखा। बचपन से ही क्रिकेट मेरी स्वाभाविक पसंद थी। बैट-बॉल देखते ही मानों मुझे कुछ हो जाता था। मैं खो जाती थी। बचपन में जब मोहल्ले में फेरी वाले आते तो मैं मां से प्लास्टिक की बैट और बॉल खरीदने की जिद करती। धीरे-धीरे गली में लड़कों के साथ क्रिकेट खेलना शुरू किया लेकिन जानती नहीं थी कि प्रोफेशनल क्रिकेट क्या होता है? जब 2013 का वीमेन वर्ल्ड कप हो रहा था तब मैंने पेशेवर क्रिकेट के बारे में जाना। तब, सीखने के लिए कोचिंग ढूंढ़ना शुरू किया।

अश्विनी के लिए क्रिकेट की कोचिंग करना भी मुश्किल भरा था क्योंकि उनके घर से शहीद निर्मल महतो स्टेडियम की दूरी बहुत ज्यादा थी। ऐसे में उन्होंने पहले घर के पास ही घोड़ाबांधा में काजल दास से प्रारंभिक कोचिंग ली। बाद में शहीद निर्मल महतो स्टेडियम में सीखा। इसके बाद अश्विनी का चयन अंडर-19 के लिए हुआ लेकिन पहले सीजन उन्होंने कोई भी मुकाबला नहीं खेला।





### बिग हीटर और फास्ट बॉलर के तौर पर है पहचान

अश्विनी बताती हैं कि उनका पहला बड़ा टूर्नामेंट सीनियर टी20 वीमेंस चैंपियनशिप था। यहां, अश्विनी ने 2 मुकाबलों में शानदार प्रदर्शन किया। एक मैच में 50 गेंदों में 84 रनों की पारी खेली वहीं दूसरे मुकाबले में 55 गेंदों में 95 रन बनाये। इस प्रदर्शन का इनाम मिला और उन्हें ईस्ट जोन के लिए चुन लिया गया। यहां एक मैच में अश्विनी ने सेंट्रल जोन के खिलाफ 65 रनों की ताबड़तोड़ पारी खेली। ये खास था क्योंकि सेंट्रल जोन में 90 फीसदी खिलाड़ी वैसी होती हैं जो अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेल रही होती हैं। इसके बाद अश्विनी को इंडिया-1 में जगह मिली। यहां 3 मुकाबलों में केवल 1 में ही अश्विनी की बैटिंग आयी। यहां उन्होंने 35 रन बनाये।

### कभी लड़कों का किट मांगकर खेलती थीं अश्विनी

क्रिकेट को करियर के रूप में चुनना कितना मुश्किल था? इसका जवाब देते हुए अश्विनी कहती हैं कि परिवार ने हमेशा साथ दिया। पूरी आजादी दी। माता-पिता ने सलाह दी थी कि जो भी करो लगन से करो। अश्विनी कहती हैं कि प्रोफेशनल क्रिकेट खेलने में आर्थिक चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। कोचिंग और क्रिकेट किट काफी महंगा है। बेसिक किट के लिए भी न्यूनतम 8 हजार रुपये लगते हैं।

अश्विनी ने बताया कि शुरूआत में वह लड़कों का किटबैग मांगकर टूर्नामेंट खेलने जाया करती थीं। क्रिकेट वाले पहले जूते कोच ने लाकर दिये। धीरे-धीरे जब अंडर-19 मैचों के लिए डीए मिला। मैच फीस मिली तो किट खरीदा। अश्विनी कहती हैं कि यदि मेहनत का साथ है तो किस्मत आपको हरा नहीं सकती।

### गुजरात जायंट्स के लिए खेलेंगी अश्विनी कुमारी

जब गुजरात जायंट्स ने नीलामी में 35 लाख रुपये की बोली लगायी तो घरवालों का रिएक्शन कैसा था? जवाब में अश्विनी कहती हैं कि पापा ने तो बहुत ज्यादा जाहिर नहीं किया लेकिन मां की आंखों में आंसू थे। अश्विनी दार्शनिक लहजे में जवाब देते हुए कहती हैं कि आपका संघर्ष केवल आपका नहीं होता। मां ने भी मेरे साथ संघर्ष किया है। इसलिए जब मैंने कुछ अचीव किया तो वो मां ने भी महसूस किया। वीमेन प्रीमियर लीग को लेकर उत्साहित अश्विनी कहती हैं कि अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों के साथ ड्रेसिंग रूम साझा करने को मिलेगा। अश्विनी इस समय इंटर जोनल सीनियर वीमेन वनडे टूर्नामेंट में खेल रही हैं।

### किसी भी प्लेइंग-11 के लिए तुरुप का इक्का हैं अश्विनी

अश्विनी ने अपना करियर बतौर तेज गेंदबाज शुरू किया था तो बल्लेबाजी में कैसे आईं? अश्विनी इसका दिलचस्प जवाब देती हैं। अश्विनी ने बताया कि वो नेट्स में बैटिंग सेशन के दौरान बॉल को तेजी से हिट करती थीं। लंबे-लंबे छक्के लगाती थीं। ऐसे में स्टेट टीम के कोच उमेश सर ने सीनियर टी20 वीमेंस लीग में अश्विनी को ओपनिंग के लिए भेजा। उन्होंने लंबे-लंबे छक्के लगाये। 2021 में चैलेंजर्स ट्रॉफी में भी कई बड़ी और उपयोगी पारियां खेलीं।

## रांची स्मार्ट सिटी में बनेगा अपोलो अस्पताल

**रांची।** रांची स्मार्ट सिटी में अपोलो अस्पताल बनने का रास्ता साफ हो गया है। 28 जनवरी 2023 को रांची के जिमखाना क्लब में हुए नेफ्रो क्रिटिकल केयर कॉन्फ्रेंस में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने स्मार्ट सिटी में अपोलो अस्पताल खोलने की घोषणा की थी। अब इसपर मुख्यमंत्री ने सैद्धांतिक मंजूरी दे दी है, जिसके बाद नगर विकास विभाग ने रांची स्मार्ट सिटी के सीईओ को पत्र लिखकर स्मार्ट सिटी में अपोलो के लिए जमीन उपलब्ध कराने को कहा है। गौरतलब है कि पहले डोरंडा के घाघरा में अपोलो अस्पताल प्रस्तावित था। लेकिन जमीन विवाद के कारण वहां अस्पताल बनाने में अचड़न पैदा हो गयी। प्रशासन ने कई बार जमीन अधिग्रहण की कोशिश भी की, लेकिन विरोध के कारण प्रशासन को पीछे हटना पड़ा मामला हाइकोर्ट भी पहुंच गया, जिसके बाद सरकार अपोलो के लिए दूसरी जगह जमीन तलाश रही थी।

## टेरर फंडिंग मामला: विनीत अग्रवाल की अपील पर सुनवाई जारी

**रांची।** टेरर फंडिंग के मामले में आरोपी विनीत अग्रवाल की ओर से दायर क्रिमिनल अपील की सुनवाई बुधवार को झारखंड हाइकोर्ट में हुई। हाइकोर्ट के जस्टिस रंगन मुखोपाध्याय की अध्यक्षता वाली खंडपीठ में सुनवाई हुई। अब कल यानी गुरुवार को फिर सुनवाई होगी। प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता सुमित गड़ोदिया ने पैरवी की। इससे पूर्व एनआइए की ओर से मामले में शपथ पत्र दाखिल गया।

बता दें कि चतरा के टंडवा में मगध आम्रपाली कोयला प्रोजेक्ट में लोडिंग एवं खनन के लिए कार्य कर रही कंपनियों पर प्रतिबंधित उग्रवादी संगठनों को आर्थिक मदद पहुंचाने समेत कई आरोप लगे हैं। इस मामले की जांच राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआइए) कर रही है। वहीं रांची एनआइए की विशेष अदालत द्वारा लिये गये संज्ञान को प्रार्थी ने हाइकोर्ट में चुनौती दी है। एनआइए ने टंडवा थाने में दर्ज प्राथमिकी को फरवरी 2018 में टेकओवर किया था, अनुसंधान के बाद एनआइए ने मामले में विनीत अग्रवाल समेत 17 आरोपियों के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया है।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल

188100 Subscribers

VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+

Watch Time (HR) 11 Lakh+

YouTube Channel

Subscribe NOW

No 1 Channel




# पत्थर खनन का खुलासा, अब धनबाद में कोयला घोटाले की जांच करे इडी

**सरयू राय ने रखी मांग, काली कमाई से राजस्व हानि हो रही**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सरयू राय ने धनबाद में कोयला के अवैध खनन का दावा करते हुए इडी से इसकी जांच की मांग की है। सरयू राय का दावा है कि जांच से धनबाद में कोयला से काली कमाई और राजस्व हानि का बड़ा खुलासा होगा।

पूर्वी जमशेदपुर से निर्दलीय विधायक सरयू राय ने अब धनबाद में अवैध कोयला खनन का मुद्दा उठाया है। सरयू राय ने धनबाद में कोयला के अवैध खनन का दावा करते हुए इडी से इसकी जांच की मांग की है। सरयू राय का दावा है कि जांच से धनबदा में कोयला से काली कमाई और राजस्व हानि का बड़ा खुलासा होगा।

### सरयू राय ने किया लोगों की शिकायतों का जिक्र

सरयू राय ने कहा कि वह जब बरौनी जा रहे थे तो रास्ते में धनबाद में कई लोग उनसे मिलने आये। लोगों ने उनसे धनबाद में खुलेआम और दिनदहाड़े गोलीबारी, आगलगी, अपराधियों द्वारा पुलिस को दी जा रही खुली चुनौती, आउटसोर्सिंग में कोयला की डकैती का मुद्दा उठाया। बकौल सरयू राय, लोगों ने आरोप लगाया है कि यह सब वहां पुलिस, प्रशासन और बीसीसीएल की मिलीभगत से हो रहा है। सरयू राय ने इसे अविश्वसनीय ब्योरा बताते हुए कहा कि इतनी गंभीर समस्याओं के बीच ऐसा लगता है मानों सरकार नदारद है।



### धनबाद में कोयला के अवैध खनन का आरोप लगाया

सरयू राय ने इडी से आग्रह किया है कि पत्थर खनन घोटाले का खुलासा करने के पश्चात एजेंसी को धनबाद में कोयला खनन घोटाला और अवैध परिवहन का भी खुलासा करना चाहिए। सरयू राय ने कहा कि इडी को विशेष रूप से धनबाद में अवैध कोयला खनन, परिवहन तथा बीसीसीएल में कोयला उत्पादन में वृद्धि के दावों की जांच करनी चाहिए। आउटसोर्सिंग से चल रही कोयला खदानों के क्रॉस सेक्शन की मापी भी करायी जानी चाहिए। सरयू राय ने आरोप लगाया कि जिले में बिना चालान के रेल और सड़क मार्ग से कोयले की ढुलाई हो रही है।

### जुलाई 2022 में हुआ था अवैध पत्थर खनन का खुलासा

गौरतलब है कि इडी ने जुलाई 2022 में झारखंड के साहिबगंज में 1000 करोड़ रुपये के खनन घोटाले का खुलासा किया था। मामले में मुख्य आरोपी, मुख्यमंत्री के विधायक प्रतिनिधि पंकज मिश्रा हैं। साहिबगंज में हुए 1000 करोड़ रुपये के खनन घोटाला केस में पंकज मिश्रा, प्रेम प्रकाश और बच्चू यादव जैसे लोग जेल में हैं। दाहू यादव फरार है।

# स्वास्थ्य मंत्री के आवास का घेराव, जमकर की नारेबाजी

**अनुबंधकर्मचारी संघ के बैनर तले किया प्रदर्शन**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** अनुबंधित पारा चिकित्सा कर्मी संघ और झारखंड राज्य एनआरएचएम एएनएम-जीएनएम अनुबंध कर्मचारी संघ के बैनर तले हजारों की संख्या में अनुबंधकर्मियों ने स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता का आवास का घेराव किया। गौरतलब है कि 17 जनवरी से राजभवन के समक्ष अनुबंधकर्मियों का प्रदर्शन जारी है। वहीं 24 जनवरी से 21 अनुबंध कर्मी आमरण अनशन पर हैं। अनशन के 23 दिन के बाद भी जब विभाग के मंत्री और अधिकारियों की नींद नहीं खुली, तब संघ ने बाध्य होकर स्वास्थ्य मंत्री के आवास का घेराव करने का निर्णय लिया।



### अनुबंध कर्मी आरपार की लड़ाई के मूड में

अनुबंध पारा चिकित्सा कर्मी संघ के अध्यक्ष विनय कुमार सिंह ने कहा कि स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता धरना स्थल पर आने वाले थे, लेकिन खराब स्वास्थ्य का हवाला देते हुए वे नहीं आये। सरकार की अनदेखी से नाराज होकर सभी अनुबंध कर्मचारी उनके आवास पर पहुंचे हैं। अब हम सभी लोग आर पार की लड़ाई के मूड में हैं। संघ की एक सूत्री मांग है कि मेडिकल नियमावली 2014 के तर्ज पर सभी अनुबंध कर्मचारियों का समायोजन किया जाये।

### बढ़ायी गयी स्वास्थ्य मंत्री के आवास की सुरक्षा

इधर अनुबंधकर्मियों के प्रदर्शन को देखते हुए स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता के आवास के बाहर सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गयी है। महिला जवानों की भी तैनाती की गयी है।

### स्वास्थ्य मंत्री अपनी हठधर्मिता जनहित में छोड़ कर हड़ताल खत्म करायें : विजय शंकर नायक



रांची। राज्य के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता अपनी हठधर्मिता राजहित में छोड़ें और अविलंब 17 जनवरी से राजभवन के समक्ष अनुबंधित पारा चिकित्सकों एनआरएचएम जीएनएम, एएनएम, अनुबंधित कर्मचारियों की हड़ताल और अनशन को तुड़वाने की दिशा में सकारात्मक पहल करें। उनके संवैधानिक हक और अधिकार जायज मांगों पर सहानुभूति पूर्वक विचार कर उनकी मांग मानी जाये ताकि पारा मेडिकल कर्मियों की हड़ताल के कारण राज्यभर में वैक्सीनेशन सहित 35 नेशनल प्रोग्रामो का सफल संचालन हो सके। उक्त बातें बुधवार को झारखंड बचाओ मोर्चा के केंद्रीय संयोजक विजय शंकर नायक ने कहीं। उन्होंने कहा कि पारा मेडिकल कर्मियों की हड़ताल से राज्य भर में चिकित्सा व्यवस्था पंगु हो गयी है। श्री नायक ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से जनहित में मांग किया कि वे इन बिंदुओं पर अविलंब हस्तक्षेप करें।

# रांची के 1253 किसानों के खाते में जायेगा 43.85 लाख रुपये

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रांची जिले के 1253 किसानों के बैंक अकाउंट में 43.85 लाख रुपये जायेगा। मुख्यमंत्री सुखाड़ राहत योजना के तहत पात्र किसानों को अनुग्राहिक राहत राशि भुगतान करने का निर्देश रांची उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने दिया। प्रत्येक लाभुक को 3500 रुपये की दर से भुगतान होगा।

उपायुक्त ने मुख्यमंत्री सुखाड़ राहत योजना के तहत पात्र किसानों को अनुग्राहिक राहत राशि भुगतान की स्वीकृति प्रदान की है। मुख्यमंत्री सुखाड़ राहत योजना के पात्र किसानों को अनुग्राहिक राहत राशि देने के लिए श्रेणी क में कुल 1132 लाभुकों और श्रेणी ग में कुल 121 लाभुक की मंजूरी दी गयी। प्रति लाभुक 3,500 रुपये की दर से 43 लाख 85 हजार 500 रुपये के भुगतान की स्वीकृति प्रदान की गयी है।

## प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण

# 14 लाख से अधिक लाभुकों को मिला अपना आशियाना

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण से झारखंड अब तक 14 लाख से अधिक आवास बना दिये गये हैं। ग्रामीण विकास विभाग ने पीएम आवास पर सभी जिलों से रिपोर्ट मंगवायी है जिसमें 2016-2022 तक 15,06,745 आवासों की स्वीकृति प्रदान की गयी है। जिसमें से 14,09,247 आवास का निर्माण पूरा कर दिया गया है। शेष बचे आवासों को तेजी से पूर्ण करने का निर्देश दिया जा रहा है। अधिकारियों ने बताया कि पक्का आवास बनाने के लिए सरकार की ओर से लाभुकों को वित्तीय सहायता दी जा रही है। जिनके आवास पूर्ण हो चुके हैं, वे गृह प्रवेश भी कर रहे हैं। इन आवासों का निर्माण मनरेगा मजदूरों से भी कराया जा रहा है ताकि उन्हें रोजगार उपलब्ध हो सके। इसके अलावा पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के साथ अभिषरण के जरिये लाभुकों के आवास में शौचालय का निर्माण कराया जा रहा है। लंबित आवासों को पूर्ण करने के लिए भारत सरकार ने दिशा-निर्देश दिये हैं ताकि सभी लाभुकों को 2024 तक आवास उपलब्ध कराया जा सके।

# बच्चे असफलताओं से हताश ना हों : डॉ नीता



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** विद्यार्थियों के समग्र विकास में विद्यालय और परिवार की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। बच्चों का व्यक्तित्व उनके साथ परिवार और विद्यालय के संस्कारों को भी प्रतिबिंबित करता है। इसलिए बच्चे जहां भी जायें अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी सजगता के साथ करें। उक्त बातें प्राचार्या डॉ. नीता पांडेय ने बुधवार को कैंब्रियन पब्लिक स्कूल कांके रोड रांची में 10वीं और 12वीं के परीक्षार्थियों लिये आयोजित ब्लेसिंग सेरेमनी में कहीं। उन्होंने कहा कि सफलता और असफलता दोनों ही जीवन का हिस्सा है। बच्चे असफलताओं से हताश ना होकर अपने आप को ज्यादा मजबूत करें। इससे पहले विद्यालय के शिक्षकों ने 'गर कोई कर सकता है तो मैं क्यों नहीं' शीर्षक प्रेरणा गीत प्रस्तुत किया। प्राचार्या ने विद्यार्थियों को परीक्षा के नियमों से अवगत कराया। कार्यक्रम का संयोजन चीफ कोऑर्डिनेटर आशा राज व संचालन शिक्षिका ममता कुमारी ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षिका विनीता वर्मा, मंजुला बेरा, आभा सहाय, सुषमा तिवारी, इमराना शाहीन, जे.बेरा तथा संगीत शिक्षक सतीश मिश्रा की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

**कैंब्रियन पब्लिक स्कूल में ब्लेसिंग सेरेमनी का आयोजन**

# बीआइटी मेसरा, लालपुर सेंटर के प्रतिभागियों का बेहतरीन प्रदर्शन, पहले स्थान पर रहे ऋषि बोस

**प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** बीआइटी मेसरा व लालपुर सेंटर के विद्यार्थियों की सोसाइटी बटेक्सल के तत्वावधान में दो दिवसीय कार्यक्रम का समापन बुधवार को हो गया। कार्यक्रम दो भागों में आयोजित किया गया था। प्रथम भाग कंप्यूटर आधारित कोडिंग से संबंधित था, तो दूसरा भाग घरेलू कचड़े या फिर बेकार साबित हो गयी उन वस्तुओं को पुनः साज-सज्जा के लिए तैयार करना था। इसके लिए प्रतिभागियों ने अपने बेहतरीन प्रदर्शन से दिल जीत लिया।





इसके लिए उन्हें पुरस्कार प्रदान किया गया। पुरस्कृत करते हुए केंद्र की निदेशक डॉ वंदना भट्टाचार्य ने होनहार प्रतिभा को उत्साहित करते हुए कहा कि आज के युवाओं की प्रतिभाओं को अगर प्रोत्साहित किया जाये, तो हम कचड़े का भी उपयोग घर और समाज को सुंदर बनाने में कर सकते हैं।

प्रथम पुरस्कार विजेता ऋषि बोस और शेखर कुमार दूसरा पुरस्कार अरुणिमा और तियारा को तृतीय स्थान के लिए प्राची कुमारी को मिला।

कंप्यूटर आधारित कार्यक्रम में प्रथम स्थान अदिति राव वर्मा, तेजल राज को मिला इनको पुरस्कृत डॉ आशुतोष मिश्रा और डॉ अनीश हैदर ने प्रदान किया। इस आयोजन में सोयायटी की अध्यक्ष भब्या रंजन ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में इन ऊजार्वान सदस्यों की भागीदारी रही। इस मौके पर अभिकल्प, ऋषि कुमार, लक्ष्य, हर्ष, ऋषि चरण उपस्थित थे।

# भाजपा टाटीसिलवे मंडल में कार्यसमिति की बैठक सोमवार को

आजाद सिपाही संवाददाता

**नामकुम।** भाजपा टाटीसिलवे मंडल अध्यक्ष राजेंद्र महतो की अध्यक्षता में उनके आवास पर बुधवार को एक विशेष बैठक आयोजित की गयी। संचालन मंडल महामंत्री अमित कुमार मिश्रा ने किया।

जिसमें सर्वसम्मति से 20 फरवरी को दोपहर 3 बजे मंडल अध्यक्ष के आवास पर कार्यसमिति की बैठक करने का निर्णय लिया गया। बैठक में मुख्य रूप से एसटी मोर्चा अध्यक्ष रामचरण पहान, अमित कुमार मिश्रा, राकेश सिंह, गिरिधर मिश्रा, हलधर मिश्रा, मनोज महतो, निखिल महतो, अजीत मिर्धा, चंचल महतो, संतोष कुमार, भैरव महतो के साथ मंडल के सदस्य उपस्थित थे।

# सुरेश्वर महादेव मंदिर में धूमधाम से मनायी जायेगी महाशिवरात्रि

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सुरेश्वर महादेव मंदिर, सुरेश्वर धाम, केतारी बागान चुटिया, रांची में 18 फरवरी को होने वाली महाशिवरात्रि धूमधाम से मनायी जायेगी। विदित हो कि 8 मई 2022 को इस मंदिर में बाबा भोले नाथ की शिवलिंग की प्राण प्रतिष्ठा किया गया था। मंदिर समिति को पहला अवसर मिल रहा है कि मंदिर परिसर में महाशिवरात्रि पर्व मनायेगा। मंदिर समिति के सभी सदस्य महाशिवरात्रि पर्व को भव्य और धूमधाम से मनाने में जुटे हुए हैं। 18 फरवरी को सुबह 4 बजे भगवान भोलेनाथ का रुद्राभिषेक किया जायेगा, इसके बाद शिव के भक्तों के लिए द्वार खोल दिया जायेगा ताकि शिव भक्त जलार्पण एवं पूजा पाठ कर सकें। भारी भीड़ की अंदेशा को देखते हुए बैरिकेडिंग कर महिला एवं पुरुषों के लाइन को अलग-अलग किया जायेगा। महाशिवरात्रि का मुख्य आकर्षण शिव बारात होगी जो संध्या 6 बजे मंदिर परिसर से निकलेगी और महादेव मंडा मैदान होते हुए ऐतिहासिक राम मंदिर जायेगी। वहीं मंदिर में भगवान भोले नाथ एवं मां पार्वती जी का विवाह संपन्न होगा। इस भव्य बारात में ढोल मांदर और तुरतुरी बजाते हुए घोड़ा नाच के साथ कानपुर और इंदौर से आये कलाकार भव्य झांकी पेश करेंगे। स्काई इवेंट के कलाकार भगवान भोलेनाथ और मां पार्वती का रूप धरे अपने सहयोगी कलाकारों के साथ सजे हुए ट्रेलर (वाहन) में एक से बढ़कर एक झांकी प्रस्तुत करेंगे और दूसरे रथ रुपी ट्रेलर (वाहन) में प्रसिद्ध भजन गायकों की टोली अपनी कला का प्रदर्शन करेंगे। घोड़े के रथ पर भगवान भोलेनाथ का रूप लेकर बारात में शामिल होंगे। इस पूरे कार्यक्रम को भव्य बनाने में सुरेश्वर महादेव मंदिर के अध्यक्ष सुरेश साहू के नेतृत्व में पद्मश्री मुकुंद नायक, महासचिव संतोष कुमार, संरक्षक आलोक कुमार, संजय कुमार, राजेश गुप्ता (छोटू), कृष्णा साहू, नंदू ठाकुर, विक्रम साहू, गोपाल प्रसाद, गौतम साहू, रितिक राज, प्रकाश कुमार, उमेश केसरी, मनपुरन नायक, किशोर नायक, धनंजय सिंह, राम शरण तिर्की, राकेश कुमार, मन्नू भैया, अमित कुमार, कलेश्वर साहू, नरेंद्र साहू एवं मंदिर के मुख्य पुजारी सच्चिदानंद बाबा, बबलू बाबा सहित अन्य जुटे है। इसकी जानकारी महासचिव नीतीश कुमार और संतोष कुमार ने दी।

**महाशिवरात्रि पर आकर्षण शिव बारात निकाली जायेगी**

## जम्मू कश्मीर में बॉर्डर पर तैनात है बेटा, मरीज की आर्थिक स्थिति देखते हुए लिया निर्णय

# सैमफोर्ड अस्पताल में सेना के जवान के पिता का मुफ्त में इलाज

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सैमफोर्ड अस्पताल की ओर से बोकारो स्थित आर्मी जवान के पिता सहदेव यादव को अस्पताल प्रबंधन द्वारा फ्री में परमानेंट पेसमेकर लगाया गया है। सहदेव यादव बोकारो जिले के रहने वाले हैं। उनका एक बेटा जम्मू कश्मीर में बॉर्डर पर तैनात है 12 फरवरी को सीने में दर्द और बार-बार बेहोशी की शिकायत को लेकर सैमफोर्ड अस्पताल में एडमिट हुए थे। कार्डियक साइंस के डायरेक्टर डॉ दीपक गुप्ता और उनकी टीम के द्वारा इस मरीज का अस्थाई पेसमेकर लगाया गया, मरीज की आर्थिक स्थिति को देखते हुए उसे बिना पैसै का परमानेंट पेसमेकर लगाने का निर्णय लिया गया। डॉ दीपक कुमार गुप्ता और डॉ आशुतोष कुमार ने इस मरीज का इलाज किया।

**बिना पैसे लिये लगाया पेसमेकर, 200000 तक का इलाज बिना पैसे का किया गया**

### 200000 का खर्च अस्पताल ने खुद उठाया

सैमफोर्ड हॉस्पिटल के कार्डियक साइंस के डयरेक्टर दीपक कुमार गुप्ता ने बताया कि सहदेव यादव मरीज का परमानेंट पेसमेकर लगाने के निर्णय के बाद, उनका एक बेटा जो जम्मू कश्मीर में सेना का जवान है, उसने फोन किया और गुजारिश किया कि वह गरीब परिवार का लड़का है और इसके पहले सीएमसी वेल्लोर में पिताजी के इलाज में सारा पैसा खर्च हो गया है। इसलिए परमानेंट पेसमेकर लगाने के लिए कुछ डिस्काउंट दिया जाये। सेना के जवान के फोन आने के बाद डॉ दीपक गुप्ता ने मैनेजमेंट से बात करके सेना के जवान का पूरा पैसा माफ कर दिया। जिसकी लागत करीब 200000 आ रही थी और मैनेजमेंट ने निर्णय लिया कि सेना के इस जवान के पिता का इलाज अस्पताल प्रबंधन द्वारा फ्री ऑफ कॉस्ट किया जायेगा।



### सेना को सम्मान दिया गया

डॉ दीपक कुमार गुप्ता ने बताया कि इस मरीज के बेटा का फोन आने के बाद सेना को सम्मान देते हुए उनका इलाज पूरी तरह से बिना पैसे का किया गया है। जो देश सेवा में लगे हुए हैं और जिनकी आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं है उनको हम जैसे लोगों से जो भी मदद बन सकता है वह करते रहना चाहिए। डॉक्टर दीपक कुमार गुप्ता ने बताया कि सहदेव यादव को कोरोनरी एंजियो और स्थायी पेसमेकर सफलतापूर्वक लगाया गया है। वह ठीक हैं और डिस्चार्ज करके उनको घर भी भेज दिया गया है।

### देश सेवा करनेवालों को करते हैं मदद : सीइओ

सैमफोर्ड हॉस्पिटल के सीइओ डॉक्टर धनंजय कुमार ओझा ने बताया कि मरीज सहदेव यादव का बेटा सेना में है और वह गरीब है यह जानने के बाद मैनेजमेंट की ओर से उनको सम्मान दिया गया है। जो लोग देश सेवा के लिए काम कर रहे हैं उनको अगर किसी भी तरह की जरूरत होगी तो सैमफोर्ड अस्पताल प्रबंधक पूरी डॉक्टरों की टीम के साथ हमेशा उपलब्ध है।

### शैक्षणिक भ्रमण पर जयपाल सिंह मुंडा के गांव पहुंचे छात्र



**रांची (आजाद सिपाही)।** राष्ट्रीय विमर्श कार्यक्रम में आये मुंबई युनिवर्सिटी और आरयू मास कॉम के छात्र 15 फरवरी को पूर्व हॉकी ओलंपियन जयपालसिंह मुंडा के खूंटी स्थित टकरा गांव पहुंचे। जहां उनका पारंपरिक तरीके से भव्य स्वागत किया गया। उसके बाद सभी छात्रों ने गांव का भ्रमण किया। भ्रमण के बाद सभी छात्रों को जयपाल सिंह मुंडा के पुत्र जयंत सिंह मुंडा ने झारखंडी पारंपरिक भोजन कराया। गांव के जयलाल मुंडा ने छात्रों को राजा परहा व्यवस्था के बारे में बताया और जयपालसिंह मुंडा , स्टेफी मुर्मू और संतोष कीरो ने जीवन वृतांत को सुनाया। छात्रों ने झारखंडी पारंपरिक नृत्य में भी भाग लिया और भरपूर लुत्फ उठाया। इस अवसर पर सभी छात्रों के अलावा मुंबई युनिवर्सिटी केइएस श्राफ कालेज के शिक्षक युवती नंदू और आशीष रिछार्या समेत मास कॉम के निदेशक डॉ बीपी सिन्हा, शिक्षक संतोष उरांव, मनोज शर्मा, संकर्षण परिपूर्णन ,पीएस तिवारी भी उपस्थित रहे।

# राज्यपाल रमेश बैस के सम्मान में विदाई समारोह आयोजित


आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय परिसर में बुधवार को राज्य सरकार की ओर से राज्यपाल रमेश बैस के सम्मान में विदाई समारोह आयोजित की गयी। भावपूर्ण वातावरण में राज्यपाल रमेश बैस को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, झारखंड विधानसभा अध्यक्ष रबींद्र नाथ महतो, मंत्री जोबा मांझी, मंत्री आलमगीर आलम, मंत्री रामेश्वर उरांव, मंत्री सत्यानंद भोक्ता, मंत्री बन्ना गुप्ता, मंत्री बादल पत्रलेख ने सप्रेम पुष्पगुच्छ भेंटकर भावभीनी विदाई दी। इस अवसर पर राज्यपाल रमेश बैस की धर्मपत्नी रामबाई बैस भी उपस्थित रहीं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री की धर्मपत्नी कल्पना सोरेन ने रामबाई बैस को सप्रेम बुके भेंटकर उनको भावभीनी विदाई दी। मौके पर राज्यपाल रमेश बैस ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश अपरेश कुमार सिंह, विधायक प्रदीप यादव, मथुरा महतो, सुदिव्य कुमार, उमाशंकर अकेला, राजेश कच्छप, राज्य के मुख्य सचिव सुखदेव सिंह, पुलिस महानिदेशक अजय कुमार सिंह, झारखंड कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, कई विश्वविद्यालयों के कुलपति, राज्य सरकार के विभिन्न विभागों के प्रधान सचिव, सचिव, महाधिवक्ता, पुलिस विभाग के वरीय अधिकारी सहित बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।





राज्यपाल रमेश बैस से राज्य के मुख्य सचिव सुखदेव सिंह ने राज भवन में शिष्टाचार मुलाकात की। इस अवसर पर राज्यपाल को उन्होंने एक पुस्तक भी भेंट की।

## कुजू में बनारस से आये भगवान हनुमान की प्रतिमा का भव्य स्वागत



**कुजू (आजाद सिपाही)।** चटनियाँ बस्ती देवीमण्डप कुजू स्थित हनुमान मंदिर के प्रांगण में पांच दिवसीय श्री श्री 1008 श्री हनुमत प्राण प्रतिष्ठा सह महायज्ञ को लेकर मंगलवार को बनारस से आये भगवान हनुमान की प्रतिमा भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने डायवर्सन फोरलेन से प्रतिमा को गाजे-बाजे के साथ क्षेत्र का भ्रमण कराया गया। श्रद्धालुओं द्वारा प्रतिमा को सुसज्जित वाहन में सवार कर क्षेत्र के ट्रांसपोर्ट नगर, कुजू चौक, कुजू बस्ती, डटमामोड़ से होते हुए यज्ञ स्थल तक ले जाया गया। मौके पर यज्ञ अध्यक्ष जगेश्वर प्रजापति ने जानकारी देते हुए बताया कि आगामी 18 फरवरी को टूटी झरना मंदिर प्रांगण से भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी। जबकि 21 फरवरी को नगर भ्रमण, 22 फरवरी को प्राण प्रतिष्ठा, 23 को जागरण व भव्य भंडारे के साथ समापन किया जाएगा। जुलूस में अध्यक्ष जगेश्वर प्रजापति, सचिव शिबू महतो, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सह दक्षिणी मुखिया राकेश कुमार मेहता, उपाध्यक्ष बासुदेव महतो, सुनील केसरी, पंकज केसरी, भोला साव, कुलेश्वर महतो, मंदिर निमार्ता सह कोषाध्यक्ष कामेश्वर साव, सह कोषाध्यक्ष अनिल अगरिया, कन्हैया कुमार, मासूम कुमार, रामकुमार केसरी, पिंटू केसरी, अशोक केसरी, सहसचिव आशीष कुमार, लखन प्रसाद, बीनू मेहता, रवि केसरी, रघुनंदन केसरी, शंकर केसरी, शंकर मेहता, धीरज मेहता, संरक्षक के रूप में सुखदेव सोनी, जनक प्रसाद, प्रकाश केसरी, दशरथ प्रसाद केसरी, संजीत कुमार उर्फ परदेशी, दीपक सिंह, प्रमोद यादव, मनोज साव, गणेश भुइयां, पूर्व मुखिया अशोक कुमार, कलेश्वर भुइयाँ, जबकि सदस्य के रूप में करण कुमार, विशाल कुमार, जगदीश कुमार, संजय दीपक, लव कुमार, रामबाबू आदि शामिल रहे।

## राष्ट्रीय सलाहकार फाइलेरिया मुक्ति अभियान की जानकारी लेने पतरातू पहुंचे



**पतरातू (आजाद सिपाही)।** फाइलेरिया मुक्ति अभियान की जानकारी प्राप्त करने दिल्ली से राष्ट्रीय सलाहकार डॉक्टर विनोद कुमार गुरुवार को पतरातू पहुंचे । उसके बाद पतरातू स्थित सीएचसी पहुंचकर फाइलेरिया मुक्ति अभियान से संबंधित डॉक्टरों से जानकारी ली । इसके साथ आवश्यक दिशा निर्देश दिए इसके अतिरिक्त 10 फरवरी से 25 फरवरी तक होने वाले इस फाइलेरिया मुक्ति अभियान की स्थिति की जानकारी लेने डॉक्टर डॉ विनोद कुमार रैना ने प्रखंड के कई गांव का दौरा किया । उन्होंने दवा वितरण कर रहे सहिया व सेविका से फाइलेरिया वितरण से संबंधित जानकारी ली । डॉ रैना ने पत्रकारों को बताया कि रामगढ़ जिले के कई स्थानों का दौरा कर रहा हूं ।फाइलेरिया वितरण के कार्यों की जानकारी भी ले रहा हूं। जिले मे दवा का वितरण बेहतर तरीके से हो रहा है । इस मौके पर सिविल सर्जन डॉ प्रभात कुमार , नीलम कुमार ,आबिद सरदार, चिकित्सा प्रभारी डॉ नितिन तुलसियान, बीपीएम मनीष कुमार सहित कई स्वास्थ्य कर्मी शामिल थे।

## रामलीला में राम सीता विवाह का मंचन किया गया



**पतरातू (आजाद सिपाही)।** पतरातू बाजार स्थित श्री राम जानकी मंदिर परिसर में 10 तारीख से चल रहे रामलीला कार्यक्रम के अंतर्गत मंगलवार की रात रामायण की एक बहुत ही खूबसूरत एवं हृदय को स्पर्श करने वाला प्रसंग श्री राम सीता विवाह का मंचन किया गया। इसमें सैकड़ों श्रोता भाव विभोर हो गए। और रामलीला मंडली के कलाकारों को बेहतरीन प्रस्तुतीकरण के लिए धन्यवाद दिया। यही नहीं श्रोताओं ने इस मौके पर हृदय खोलकर दान दिया। मंगलवार को ही सीता स्वयंवर के प्रसंग को भी रामलीला के मंच पर बहुत बेहतरीन तरीके से प्रस्तुतीकरण किया गया।। इस मौके पर राम जानकी मंदिर के अध्यक्ष मनमोहन गुप्ता, विजयकांत पाठक ,वासुदेव पाठक , मनोज शास्त्री , नारायण साहू ,सुजीत रजक ,उत्तम दुबे, कुलदीप पाठक ,सहित कई ग्रामीण शामिल थे ।

## कृषि उपज एवं पशुधन विपणन बिल के विरोध में बंद रहीं खूंटी की गल्ला और किराना दुकानें



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** झारखंड राज्य कृषि उपज एवं पशुधन विपणन(संवर्धन और सुविधा) विधेयक 2022 बिल को झारखंड सरकार द्वारा मंजूरी दिए जाने के विरोध में फेडरेशन ऑफ झारखंड चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज द्वारा आहूत अनिश्चितकालीन दुकान बंदी के पहले दिन बुधवार को जिला मुख्यालय खूंटी में अधिकांश गल्ला किराना के थोक एवं खुदरा दुकान बंद रहे। फेडरेशन ऑफ झारखंड चेंबर ऑफ कॉमर्स के आह्वान पर चेंबर ऑफ कॉमर्स खूंटी ने जिला के दुकानदारों से बंदी को सफल बनाने की अपील की गई थी। सुबह खूंटी चेंबर के कार्यवाहक अध्यक्ष विनोद जायसवाल सहित अन्य सदस्य बंद के समर्थन में सड़क पर उतरे और दुकानदारों से दुकानें बंद रखने की अपील की, जिसका असर भी हुआ और अधिकांश किराना दुकानें बंद रहीं। इस दौरान चेंबर से जुड़े व्यवसायियों ने झारखंड कृषि बिल के विरोध में शहर के नेताजी चौक में प्रदर्शन किया और सरकार से जनहित में अविलंब इस काले कानून को वापस लेने की मांग की। विनोद जायसवाल ने कहा कि इस बिल के लागू होते ही रोजमर्रा के उपयोग में आने वाली खाद्य वस्तुओं जिसमें पहले से ही 5 प्रतिशत की दर से जीएसटी लग रही है, उसपर पुनः राज्य सरकार कृषि शुल्क के नाम पर दो प्रतिशत टैक्स लगाकर आम लोगों के ऊपर अतिरिक्त महंगाई का बोझ डालने का काम कर रही है। दूसरी ओर जिला के मुरहू और तोरपा प्रखंड मुख्यालय में भी बुधवार को अधिकांश गला किराना की दुकानें बंद रहीं। गला किराना की दुकानें बंद रहने से आम लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

### रामगढ़ उपचुनाव में आजसू सुप्रीमो ने कैंप कर राजनीतिक बयार बदलने का कर रहे प्रयास

# आपके आशीर्वाद से एक बार फिर आजसू की झोली में होगी रामगढ़ सीट : सुदेश

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़/रजरप्पा।** आजसू पार्टी सुप्रीमो सुदेश कुमार महतो ने रामगढ़ उपचुनाव को लेकर कैंप किये हुए है। जिसके कारण राजनीतिक समीकरण बदलते दिख रहा है। सुदेश महतो लगातार रामगढ़ में कैंप कर रहे है। जिसके कारण राजनीतिक बदलाव के बयार बह रही है। आजसू सुप्रीमो पूरा दिन चुनावी अभियान में जुटे है। एनडीए प्रत्याशी सुनीता चौधरी के पक्ष में चुनाव प्रचार कर रहे है। लोगों से मिल रहे है।

### अबकी बार डेढ़ लाख पार के मिशन पर सुदेश के साथ चल रहे हैं कार्यकर्ता

सुदेश महतो का अबकी बार डेढ़ लाख पार के मिशन पर पूरा आजसू परिवार काम कर रहा है। पार्टी के हर एक सिपाही अपने काम मे जुटे है। सुदेश महतो के साथ भारी संख्या में कार्यकर्ता उनके मिशन पर काम कर रहे है। इसका गवाह सभा के क्रम में जुटने वाला भीड़ बन रही है। जगह जगह उनका स्वागत भी हो रहा है।

बुधवार को आशु सुप्रीमो सुदेश कुमार महतो का काफिला दुलमी प्रखंड में विभिन्न क्षेत्रों में घुमा। सुदेश महतो आम जनों से मिलकर उनकी दर्द को समझें और कहा कि अगर कोई गलती हुआ हो तो उसे माफ कर दे। आगे कोई भी गलती नहीं होगा। मैं खुद आपके बीच हूं। मुझसे आप सीधा संवाद कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि आपके आशीर्वाद से एक बार फिर रामगढ़ विधानसभा का सीट आजसू पार्टी के झोली में होगा। रामगढ़ से मेरा पारिवारिक संबंध है और मुझे हर जगह प्यार व स्नेह मिलता है। इसका मैं पूरा जीवन ऋणी रहूंगा।



### झूठा वादा कर सत्ता में आयी है हेमंत सरकार : सुदेश महतो

रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव को लेकर आजसू पार्टी के सुप्रीमो सुदेश कुमार महतो दुलमी क्षेत्र के सुदूरवर्ती कई इलाको में चुनावी सभा को संबोधित किया उन्होंने एनडीए प्रत्याशी सुनीता चौधरी के पक्ष में मतदाताओं से वोट करने की अपील की, और अपने संबोधन में कहा कि झारखंड के वर्तमान गठबंधन सरकार विकास के नाम पर जनता को पूरी तरह से ठगने का काम कर रही है तथा जनता से झूठे वादे कर सत्ता में आई है। आज की सरकार के पास ना तो मिशन है ना ही कोई वीजन है। झामुमो-कांग्रेस महगठबंधन की सरकार के विकास के नाम पर 3 वर्षों से शासन चला रही है परंतु पूरे तीन साल तक झारखंडियो के हित के लिए निराशाजनक व विकास विरोधी सरकार चल रही है। सुदेश कुमार महतो ने रामगढ़ विधानसभा अंतर्गत दुलमी प्रखंड के कुल्ही एवं पोटमदगा पंचायत में जनसभा को संबोधित किया।

## पूरे राज्य को रामगढ़ से बड़ी उम्मीदें, हेमंत सरकार को उखाड़ फेंकने की शुरुआत आप ही करें : बाबूलाल

**रामगढ़/गोला (आजाद सिपाही)।** राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री एवं भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी ने बुधवार को एनडीए प्रत्याशी सुनीता चौधरी के पक्ष में गोला के बरलंगा कोराम्बे एवं अरगड्डा बाजार में चुनावी सभा को संबोधित किया। चुनावी सभा को संबोधित करते हुए श्री मरांडी ने कहा कि रामगढ़ में विकास की लंबी लकीर आजसू ने खिंची है। लोगों को पानी,बिजली,सड़क की जरूरत आजसू ने पुरी की है। इसलिए वोट का अधिकार एनडीए प्रत्याशी को है। यहां के लोगों का मैं आभारी हूं जिन्होंने राज्य बनने का बाद रामगढ़ का पहला विधायक मुझे चुना। इसके बाद आपलोगों ने आजसू के ऊपर विश्वास दिखाते हुए चंद्रप्रकाश चौधरी को जिताया। इन्होंने इस विधानसभा को विकास के मामले में पूरे राज्य में नम्बर एक बना दिया।

### झामुमो कभी नहीं चाहा, झारखंड राज्य अलग बने

झामुमो नही चाहता था कि झारखंड अलग राज्य बने। अगर पार्टी चाहती तो बहुत पहले राज्य का निर्माण होता। क्यूंकि ये लोग कांग्रेस को देश चलाने में साथ दे रहे थे। उन्होंने आगे कहा कि हेमंत की सरकार लूटने में व्यस्त है। लोगों की चिंता नही है। सिर्फ बालू,कोयला,लोहा की लूट हो रही है। सरकार दिल्ली एवं मुम्बई से लुटेरा ले कर आई थी। बालू लूटने के लिए। सरकार लुटेरों को बचाने में लगी है। एनडीए के शासन में बालू को फ्री किया गया था। उन्होंने आगे कहा कि सरकारी दफ्तरों में बिना पैसा का कोई काम नही हो रहा है। अंचल में आय जाति,म्यूटेशन से लेकर सभी कार्यो में पैसा ली जाती है। पुलिस कर्मी वसूली में लगे है।



### दो नंबर बटन दबा कर एनडीए प्रत्याशी सुनीता चौधरी को भारी मतों से विजयी बनायें

गोमिया विधायक लंबोदर महतो ने कहा कि विकास की लंबी लकीर आजसू ने खिंची है। इस गांव तक जो सड़क बनी है। वो आजसू ने खिंची है। इसलिए वोट का अधिकार आजसू को है। उन्होंने ईवीएम मशीन के क्रम संख्या दो में स्थित केला छाप में बटन दबाने की अपील की। मौके पर गोमिया विधायक लंबोदर महतो,पूर्व विधायक राम कुमार पहान,नीरू शांति भगत,डुमरी प्रभारी यशोदा देवी, आजसू जिलाध्यक्ष दिलीप दाँगी, केंद्रीय सचिव विजय साहू, गुड्डू यादव, तिवारी महतो, रंजित पांडेय, रणधीर गुप्ता, रणजीत सिन्हा, रमेश वर्मा,जीप सदस्य जलेश्वर महतो, सांसद प्रतिनिधि विजय ओझा,दिनेश कुमार महतो,अशोक कुमार,राजेन्द्र साही मुंडा,कपिलेश्वर बेदिया,अनूप प्रसाद,संजय करमाली आदि थे।

## मांडू में स्कार्पियो से 6.40 लाख रुपये बरामद



**मांडू/रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** मांडू थाना के निकट रांची पटना मुख्य मार्ग एनएच 33 पर रामगढ़ उपचुनाव को जारी जांच-पड़ताल में एक स्कॉर्पियो से लाखों रुपये जब्त किए गए है। बताया जाता है कि जांच के क्रम में स्कार्पियो संख्या जेएच02बीई/9048 से 6 लाख 40 हजार रुपये बरामद किया। मौके पर दंडाधिकारी मधुसूदन ठाकुर के निर्देष पर पुलिस की टीम वाहन को जब्त कर थाना ले आई। दंडाधिकारी ने सभी रुपए को बंद लिफाफे में सील कर मांडू थाना को सुपूर्द किया। घटना बुधवार दिन के करीब तीन बजे की है। बताया जाता है कि कोडरमा से रांची जाने के क्रम में स्कार्पियो में सवार मधवाटांड़ कोडरमा निवासी बिरेंद्र कुमार यादव के वाहन की जांच की गयी। इस क्रम में दंडाधिकारी समेत पुलिस की टीम वाहन की तलाशी ली। इसमें वाहन के अंदर एक नीले रंग की फाइल में रखे रुपये पर नजर पड़ गयी, जिसे पदाधिकारियों ने जब्त कर लिया।

## कुजू पुलिस ने अवैध स्टीम कोयला लदा ट्रक को पकड़ा, मामला दर्ज



**कुजू (आजाद सिपाही)।** कुजू पुलिस ने ओपी क्षेत्र के कोरियाघाटी जंगल के पास से अवैध स्टीम कोयला लदा एक 709 मिनी टरबो ट्रक को पीछा कर पकड़ा। बाद में कोयला सहित ट्रक को जब्त कर ओपी लाया गया। जानकारी के अनुसार, कुजू ओपी प्रभारी बलबंत दुबे को गुप्त सूचना मिली कि 709 मिनी ट्रक संख्या जेएच17बी-8511 पर अवैध स्टीम कोयला लाद कर तस्करी हेतु ले जाया रहा है। जहां ओपी प्रभारी के अगुवाई में गठित टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए कोरियाघाटी के पास ट्रक को रोकने का प्रयास किया। जिस पर चालक ने ट्रक को तेज गति से भगाने लगा। वही चलती ट्रक से चालक कुद कर जंगल की ओर फरार हो गया। वहीं, ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गया। पुलिस ने ट्रक से करीब 150 बोरा में अवैध स्टीम कोयला पाया गया। पुलिस ने मामले को लेकर चालक व मालिक पर मामला दर्ज किया।

## कृषक पाठशाला योजना राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है : कृषि निदेशक

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** कृषक पाठशाला कर्रा में बुधवार को कृषि निदेशालय की ओर से समेकित बिरसा ग्राम विकास सह कृषक पाठशाला योजना के तहत एक कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में कृषक पाठशाला योजना के तहत सूचीबद्ध कार्यकारी एजेंसियों को योजना क्रियान्वयन के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि झारखंड के कृषि निदेशक चंदन कुमार ने संस्थाओं को योजना के बारे में बताते हुए कहा कि कृषक पाठशाला योजना राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है, जिसमें अधिक से अधिक लोगों को जोड़ा जाएगा। खूंटी के उप विकास आयुक्त नीतीश कुमार सिंह ने कार्यक्रम में खूंटी कृषक पाठशाला के बारे में जानकारी दी और बताया कि राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं को कन्वर्जेंस के माध्यम से कृषक पाठशाला में क्रियान्वित की गई है। कृषि विभाग के उप निदेशक अनिल कुमार सिंह और जिला कृषि पदाधिकारी संतोष लकड़ा ने कृषि विभाग की योजनाओं पर प्रकाश डाला। कृषक पाठशाला योजना के राज्य कार्यक्रम प्रबंधक दीपक कुमार योगी ने कार्यकारी एजेंसियों को योजना की विस्तृत जानकारी दी।कार्यक्रम में झारखंड के कृषि निदेशक, उप विकास आयुक्त, जिला कृषि पदाधिकारी, राज्य कार्यक्रम प्रबंधक, विवेक मोहन एवं सभी एजेंसियां उपस्थित थे।



### 16 बाइक, एक लैपटॉप, 22 मोबाइल और 7 लाख 10 हजार 200 रुपये के साथ दो गिरफ्तार

## नशेड़ियों को औने-पौने दाम देकर बंधक रखते थे सामान

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुरकुंडा।** भुरकुंडा पुलिस ने ड्रग्स कारोबार से जुड़े एक बड़े सिंडिकेट पर धावा बोला है। पुलिस ने सिंडिकेट से जुड़े दो युवकों को 16 मोटर साईकिल, 22 मोबाइल, एक लैपटॉप सहित 7 लाख 10 हजार 200 रुपए नकदी के साथ धर-दबोचा है। बुधवार को पतरातू एसडीपीओ डॉ. बिरेंद्र कुमार चौधरी ने भुरकुंडा ओपी में प्रेस कांफ्रेंस कर मामला की जानकारी दी। एसडीपीओ ने बताया कि भुरकुंड पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर सोमवार की रात्रि करीब 1 बजे सयाल मोड़ एमईसीएल कॉलोनी में छापामारी कर 16 मोटर साईकिल, 19 एनरॉयड व 3 की-पैड कुल 22 मोबाइल, एक लैपटॉप सहित 7 लाख 10 हजार 200 रुपए नकदी के साथ दो भाईयों एमईसीएल कॉलोनी निवासी 27 वर्षीय रंभु रजक व 30 वर्षीय शंभु रजक को धर-दबोचा। डॉ. बिरेंद्र चौधरी ने बताया कि पूछताछ में ड्रग्स कारोबार का खुलासा हुआ है। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में नशा के आदि युवक नशे के लिए अपने कीमती सामानो को औने-पौने दाम में बंधक रखते थें। नशेड़ी ड्रग्स प्राप्त करने के लिए पकड़े गये आरोपियों के पास अपना सामान गिरवी रख ड्रग्स खरीदते थें। नकदी छोड़ बरामद सभी सामान नशेड़ियों के ही बताये जाते हैं। एसडीपीओ ने बताया कि आरोपियों ने सिंडिकेट में शामिल चार लोगों का नाम बताया है। उन्हीं लोगों के कहने पर ये लोग सामान रखकर पैसा देते थें। हलांकि जांच प्रभावित न हो इसके चलते सिंडिकेट में शामिल चार लोगों का नाम पुलिस उजागर नहीं की है। पुलिस ने बताया कि पूरे मामले की बारीकी से जांच चल रही है। जल्द ही नशा से जुड़े सिंडिकेट का खुलासा कर दिया जायेगा। पकड़े गये आरोपियों पर 379, 411, 420, 467, 468, 34 भादवि के तहत मामला दर्ज कर जेल भेज दिया गया है। छापामारी अभियान में पतरातू इंस्पेक्टर रोहित कुमार, भुरकुंडा ओपी प्रभारी अमित कुमार, पुअनि राजदीप कुमार, पुअनि अक्षय कुमार, पुअनि मयंक प्रसाद, पुअनि कुंदन राव, सअनि बिरेंद्र ओझा, सअनि रामप्रवेश शर्मा, सअनि पुरन सिंह, सअनि सामंत कुमार दास सहित सशस्त्र बल के जवान शामिल थें।



# लोकल फॉर ग्लोबल

बेंगलुरु में शुरू हुए पांच दिवसीय एयरो शो-एयरो इंडिया 2023 का उद्घाटन करते हुए मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ठीक ही कहा कि इस आयोजन में दुनिया भर के डिफेंस सेक्टर से जुड़े लोगों की दिलचस्पी जिस तरह से बढ़ रही है, वह बहुत अच्छा संकेत है। इस बार भी 100 से ज्यादा देशों ने इसमें अपनी मौजूदगी दर्ज करायी है। देश-विदेश के 700 से ज्यादा एग्जिबिटर्स इसमें हिस्सा ले रहे हैं। ऐसे आयोजनों की सार्थकता इस मायने में है कि इसमें इंडस्ट्री के अलग-अलग पक्षों से वास्ता रखने वाले लोग मिलते हैं। एक-दूसरे की जरूरतों और अपेक्षाओं से परिचित होते हैं और फिर उसे पूरा करते हुए औद्योगिक संभावनाओं का विस्तार करते हैं। इसी संदर्भ में यह बात गौर करने लायक है कि रक्षा निर्यात क्षेत्र में अपेक्षाकृत नई एंट्री होने के बावजूद भारत ने पिछले कुछ वर्षों में तेजी से बढ़त बनायी है। उसका इरादा जल्द से जल्द अपनी रक्षा जरूरतों के लिहाज से आत्मनिर्भरता की स्थिति में पहुंचने का तो है ही, अन्य देशों की जरूरतें पूरी करते हुए प्रमुख निर्यातक देश बनना भी है। पिछले कुछ वर्षों का रेकॉर्ड इस दिशा में हुई प्रगति की पुष्टि भी करता है। 2017 में देश का जो डिफेंस एक्सपोर्ट मात्र 1520 करोड़ रुपये पर था, वह 2021-22 में 14000 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। ऐसे में अपने उद्घाटन भाषण में प्रधानमंत्री मोदी ने साल 2024-25 तक 5 अरब डॉलर यानी 41,000 करोड़ रुपये से ऊपर पहुंचाने का जो महत्वाकांक्षी लक्ष्य दिया है, वह अपने आप में खासा आकर्षक है। लेकिन इस संबंध में कुछ बातों पर ध्यान देने की भी जरूरत है। आज की तारीख में हमारा डिफेंस एक्सपोर्ट खासतौर पर निचली और मध्यम स्तर की तकनीक से जुड़ी चीजों जैसे पर्सनल प्रोटेक्टिव इक्विपमेंट, ऑफशोर पेट्रोल वेसेल, कोस्टल सर्वेलांस सिस्टम्स, रडार के कलपुर्जों, हेलिकॉप्टर आदि तक सीमित है। दूसरी बात, एलसीए जैसे अडवांस्ड प्लेटफॉर्म के उत्पादन की धीमी रफ्तार भी निर्यात की तेज बढ़ोतरी की राह में बाधा बनी हुई है। तीसरी बात यह कि दुनिया में युद्ध के तौर-तरीके तेजी से बदल रहे हैं। यूक्रेन युद्ध ने इन प्रवृत्तियों की पुष्टि की है। जहां एक तरफ मिसाइलों और मानवरहित ड्रोनों के इस्तेमाल पर जोर बढ़ते जाने की बात है वहीं वायु सेना और नौसेना के असेट्स के इस्तेमाल में तालमेल बढ़ाने की जरूरत भी रेखांकित की जा रही है। भारत को न केवल अपने सामरिक हितों की रक्षा के मद्देनजर इन पहलुओं पर ध्यान देने की जरूरत है बल्कि निर्यात संभावनाओं का पूरा-पूरा इस्तेमाल करने के लिहाज से भी यह जरूरी होगा। आखिरी बात यह कि प्रधानमंत्री की ओर से रखे गये इस मुश्किल लक्ष्य को सचमुच हासिल करना है तो डिफेंस इंडस्ट्रीज के विभिन्न हिस्सों, खासकर सार्वजनिक क्षेत्र, निजी क्षेत्र और ऐकडेमिक जगत- तीनों को आपस में बेहतर तालमेल सुनिश्चित करते हुए आगे बढ़ना होगा।

**भारत को न केवल अपने सामरिक हितों की रक्षा के मद्देनजर इन पहलुओं पर ध्यान देने की जरूरत है बल्कि निर्यात संभावनाओं का पूरा-पूरा इस्तेमाल करने के लिहाज से भी यह जरूरी होगा।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**अध्यक्ष के रूप में भारत ने ऊर्जा के हरित स्रोतों को अपनाने से जुड़ी अपनी उपलब्धियों और भारत सरकार के विभिन्न कार्यक्रमों, जैसे सौभाग्य, उज्ज्वला और उजाला योजनाओं के माध्यम से देशवासियों को स्वच्छ ऊर्जा तक सार्वभौमिक पहुंच प्रदान करने संबंधी अपनी सफलता पर प्रकाश डाला। लाइफ अभियान (पर्यावरण के लिए जीवनशैली) के माध्यम से मांग और जिम्मेदारीपूर्ण खपत को बढ़ावा देने के भारत के आह्वान को सभी भाग लेने वाले देशों का पूर्ण समर्थन मिला।**

# जी-20 ऊर्जा कार्यसमूह : मुख्य बातें

**अलोक कुमार, सचिव, विद्युत मंत्रालय**

बेंगलुरु में ऊर्जा के हरित स्रोतों को अपनाने से जुड़ी कार्यसमूह की पहली बैठक सफलतापूर्वक संपन्न हुई। 18 सदस्य देशों, नौ विशेष आमंत्रित देशों और 15 अंतर्राष्ट्रीय संगठनों के 110 से अधिक प्रतिनिधियों ने इस पहली बैठक में भाग लिया।

अध्यक्ष के रूप में भारत ने ऊर्जा के हरित स्रोतों को अपनाने से जुड़ी अपनी उपलब्धियों और भारत सरकार के विभिन्न कार्यक्रमों, जैसे सौभाग्य, उज्ज्वला और उजाला योजनाओं के माध्यम से देशवासियों को स्वच्छ ऊर्जा तक सार्वभौमिक पहुंच प्रदान करने संबंधी अपनी सफलता पर प्रकाश डाला। लाइफ अभियान (पर्यावरण के लिए जीवनशैली) के माध्यम से मांग और जिम्मेदारीपूर्ण खपत को बढ़ावा देने के भारत के आह्वान को सभी भाग लेने वाले देशों का पूर्ण समर्थन मिला।

अध्यक्ष के रूप में भारत द्वारा प्रस्तावित छह प्राथमिकता वाले क्षेत्रों को सदस्य देशों से भी काफी समर्थन मिला, जिनमें शामिल हैं- (1) तकनीकी कमियों को दूर करके ऊर्जा के हरित स्रोतों को अपनाना (2) ऊर्जा के हरित स्रोतों को अपनाने के लिए कम लागत वाला वित्तपोषण (3) ऊर्जा सुरक्षा और विविध आपूर्ति श्रृंखलाएं (4) ऊर्जा दक्षता, औद्योगिक कम कार्बन के लिए बदलाव और जिम्मेदारीपूर्ण खपत, (5) भविष्य के ईंधनः हरित हाइड्रोजन और जैव-ईंधन तथा (6) स्वच्छ ऊर्जा तक सार्वभौमिक पहुंच और ऊर्जा के हरित स्रोतों को अपनाने से जुड़ा न्यायपूर्ण, किफायती और समावेशी मार्ग।

**कोविड संकट के दौरान दुनिया में 75 मिलियन लोग सामर्थ्य में कमी के कारण बिजली की सुविधा से वंचित हो गये।**

दक्षता को बढ़ाना और इलेक्ट्रोलाइजर, फ्यूल सेल, कार्बन अवशोषण उपयोग और भंडारण



(सीसीयूएस) की लागत को कम करना, बैटरी भंडारण के लिए उन्नत रसायन सेल और छोटे मॉड्यूलेटर परमाणु रिएक्ट आदि की भी अंतरराष्ट्रीय सहयोग के प्रमुख क्षेत्रों के रूप में पहचान की गयी।

वैश्विक स्तर पर ऊर्जा के हरित स्रोतों को अपनाने से जुड़े ऊर्जा सुरक्षा के महत्व पर विचार-विमर्श हुआ। यह स्वीकार किया गया कि ऊर्जा के हरित स्रोतों को अपनाने के क्रम में प्रत्येक देश का अपने यहां उपलब्ध ऊर्जा के स्रोतों पर आधारित ऊर्जा के क्षेत्र में बदलाव को अपनाने का अपना एक मार्ग होगा।

भविष्य में नेट-जीरो के लक्ष्य को हासिल करने के लिए, 2021 के 29 प्रतिशत की तुलना में 2050 में दुनिया की 90 प्रतिशत बिजली नवीकरणीय स्रोतों से आनी चाहिए। वैश्विक सौर और पवन क्षमताओं को गुणात्मक रूप से बढ़ाने की आवश्यकता है। अनुमान है कि 2020 और 2050 के बीच केवल सौर क्षमता ही 17 गुनी बढ़ेगी। 2050 तक, विश्व स्तर पर बिजली क्षेत्र में वार्षिक बैटरी उपयोग को 300 जीडब्ल्यू से अधिक बढ़ना होगा, यानी, 2021 में बैटरी आवश्यकता से 51 गुना अधिक।

इसी तरह, हरित हाइड्रोजन के लिए भी गुणात्मक वृद्धि का अनुमान लगाया गया है, जहां 2030 तक इलेक्ट्रोलाइजर क्षमता (प्त850 जीडब्ल्यू) की 129 प्रतिशत की वार्षिक चक्रवृद्धि दर की आवश्यकता है।

एक प्रमुख चुनौती के रूप में आपूर्ति श्रृंखलाओं में विविधता लाने की तत्काल आवश्यकता की पहचान की गयी, क्योंकि दुनिया नवीकरणीय उर्जा क्षमताओं के निर्माण में वृद्धि कर रही है। एक विश्लेषण से पता चलता है कि वर्ष 2022 में, प्रमुख प्रौद्योगिकियों- सौर पीवी मॉड्यूल (प्त 480 जीडब्ल्यू), पवन (प्त120 जीडब्ल्यू), लिथियम-आयन बैटरी (1000 जीडब्ल्यूएच), और 50% से अधिक इलेक्ट्रोलाइजर (8 जीडब्ल्यू प्रतिवर्ष)- की 80 प्रतिशत से अधिक विनिर्माण क्षमता केवल तीन देशों में केंद्रित हैं।

उदाहरण के लिए, पिछले दशक में, सौर पीवी सामग्री के वैश्विक व्यापार का 70 प्रतिशत हिस्सा, केवल पांच देशों से है, जबकि पवन ऊर्जा के क्षेत्र के कुल व्यापार का 80 प्रतिशत हिस्सा केवल चार निर्यातक देशों के पास है। लिथियम-आयन बैटरी (एलआइबी) का निर्माण भी कुछ देशों में ही केंद्रित है। कुल व्यापार में 70 प्रतिशत हिस्सेदारी, केवल चार देशों की है।

इस बात को ध्यान में रखते हुए कि वर्तमान में आरइ विनिर्माण अत्यधिक केन्द्रित है और व्यापार प्रवाह, ऊर्जा सुरक्षा के लिए जोखिम पैदा करता है, सदस्य देशों ने स्थानीय विनिर्माण पर ध्यान केंद्रित करते हुए निर्माण क्षमता को बढ़ाने और नई ऊर्जा प्रणाली की प्रमुख सामग्रियों, महत्वपूर्ण खनिजों और कल-पुर्जों के लिए आपूर्ति श्रृंखलाओं के विविधीकरण की तत्काल आवश्यकता पर प्रकाश डाला।

हरित हाइड्रोजन/अमोनिया को बढ़ावा देने को अत्यधिक समर्थन मिला। कुछ सदस्यों ने, इसके अलावा, कम-कार्बन हाइड्रोजन प्रौद्योगिकियों की पूरी श्रृंखला पर विचार करने का प्रस्ताव दिया।

वित्तपोषण की लागत को कम करने के लिए सार्वजनिक क्षेत्र के वित्त के साथ-साथ निजी क्षेत्र द्वारा वित्तपोषण की आवश्यकता पर सुझाव दिये गये। आमंत्रित देशों ने वैश्विक दक्षिण के देशों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखने पर विचार साझा किये। उन्होंने इन प्रौद्योगिकियों में निवेश को प्रोत्साहित करने के लिए सरकारों को स्पष्ट दीर्घकालिक रूपरेखा देने की आवश्यकता पर भी जोर दिया।

सदस्य देशों ने कम-कार्बन वाली अर्थव्यवस्थाओं के लिए ऊर्जा दक्षता को फर्स्ट फ्यूल के रूप में मान्यता दी और उनके द्वारा लागू की गयी विभिन्न राष्ट्रीय नीतियों पर प्रकाश डाला। ये 2030 तक ऊर्जा दक्षता में सुधार की वैश्विक दर को दोगुना करने के बारे में रोडमैप के अपेक्षित परिणाम के लिए क्रमिक आवश्यकताओं पर अच्छी अंतर्दृष्टि प्रदान करते हैं। हरित विकास और हरित रोजगार को बढ़ावा देने के साधन के रूप में उद्योग और परिवहन के विद्युतीकरण के महत्व पर जोर दिया गया।

आइइए की रिपोर्ट के अनुसार, कोविड संकट के दौरान दुनिया में 75 मिलियन लोग सामर्थ्य में कमी के कारण बिजली की सुविधा से वंचित हो गये। विश्व स्तर पर लगभग 2.4 बिलियन लोग स्वच्छ खाना पकाने की प्रौद्योगिकियों और स्वच्छ ईंधन की सुविधा से वंचित हैं, संभावना है कि अतिरिक्त 100 मिलियन लोग भी, जिनकी स्वच्छ ईंधन तक पहुंच है, इस सुविधा से वंचित हो जायेंगे। सदस्य देशों ने इस बात पर सहमति व्यक्त की कि ऊर्जा के हरित स्रोतों को अपनाने के लिए सभी एसडीजी में न्यूनतम व्यापार-बदलाव सुनिश्चित किया जाना चाहिए, ताकि कोई पीछे न रह जाये।

कुछ सदस्य देशों ने ऊर्जा सुरक्षा के लक्ष्य को हासिल करने के लिए; बदलाव के दौर में प्राकृतिक गैस की जीवाश्म ईंधन के रूप में पहचान किये जाने की आवश्यकता को रेखांकित किया। समूह ने इस बात पर सहमति व्यक्त की कि स्वच्छ ऊर्जा स्रोतों को अपनाने के दौर में; इथेनॉल, संपीडित बायोगैस, हरित हाइड्रोजन जैसी ईंधन की एक विस्तृत श्रृंखला भविष्य के ईंधन के रूप में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगी।

## जमशेदपुर की खबरें

### उपायुक्त के निर्देश पर जन वितरण प्रणाली के दुकानों का औचक निरीक्षण

# लाभुकों से लिया गया फीडबैक

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** जिले के उपायुक्त विजया जाधव के निर्देश पर पीडीएस दुकानों का औचक निरीक्षण किया गया। बुधवार को निरीक्षण के दौरान ससमय खाद्यान वितरण की वस्तुस्थिति से अवगत होकर लाभुकों से फीडबैक लिया गया। कार्यपालक दंडाधिकारी सह प्रभारी पणन पदाधिकारी ज्योति कुमारी के द्वारा बागबेड़ा क्षेत्र, सुमित प्रकाश व संतोष महतो के द्वारा बोड़ाम प्रखंड एवं निशा कुमारी द्वारा मानगो क्षेत्र के जन वितरण प्रणाली दुकानों का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सभी संचालकों को दुकानों में पिंक रंग से रंगने, दुकान के बाहर लाभुकों की सूची लगाने, सूचना पट्ट में फोर्टिफाइड चावल को लेकर जागरूकता, जनशिकायत पंजी रखने, मुफ्त राशन वितरण की जानकारी प्रदर्शित करने का निर्देश दिया। जांच के क्रम में जनवरी तक का खाद्यान्न वितरण 21 फरवरी तक हर हाल में सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। मौके पर लाभुकों से भी फीडबैक लिया गया। ताकि उन्हें ससमय और उचित मात्रा में खाद्यान्न मिल रहा या नहीं मापतौल मशीन का ईपॉश मशीन से कनेक्शन का जानकारी ली गई। ताकि सही मात्रा में अनाज मिल सके। अपवाद से अनाज का उठाव समाप्त करने के लिए हर संभव प्रयास किया जा रहा। मृत या स्थानांतरित लाभुक का नाम राशन कार्ड से हटाने में प्रगति, अपवाद में राशन उठाने वाले लाभुकों का सत्यापन करना, सभी लाभुकों का आधार सीडिंग तथा अन्य बिंदुओं पर जांच की गई।

# करीम सिटी कॉलेज में 22 छात्र-छात्राओं का चयन



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** साकची स्थित करीम सिटी कॉलेज में प्लेसमेंट सेल के प्रयास से प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया। वेदांता लिमिटेड की तरफ से आए पांच सदस्सीय टीम ने कॉलेज के छात्र-छात्राओं का साक्षात्कार लिया। मौके पर वेदांता के टीम ने 22 छात्र-छात्राओं को कंपनी में चयन किया। उन्हें शुभकामनाओं के साथ रिजल्ट तथा नियुक्ति पत्र समर्पित किए गए। चयनित विद्यार्थियों में 19 छात्र-छात्राएं रसायन विज्ञान ऑनर्स व तीन स्नातक वाणिज्य के हैं। सभी विद्यार्थियों का चयन कंपनी ने वार्षिक 3.25 लाख के पैकेज पर किया गया। इस अवसर पर कॉलेज के प्राचार्य डॉ मोहम्मद रेयाज ने सभी चयनित छात्र-छात्राओं को बधाई दी।

### सीजीपीसी के धर्म प्रचार विभाग ने बैठक कर लिये अहम निर्णय

# सीजीपीसी ग्रंथी, सेवादारों और ओहदेदारों को दिलायेगी सिख रहत मर्यादा की शिक्षा

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** सेंट्रल गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (सीजीपीसी) का धर्म प्रचार विभाग ने प्रधान भगवान सिंह के नेतृत्व में क्षेत्र के गुरुद्वारों के ग्रंथियों, सेवादारों व ओहदेदारों को सिख रहत मयार्दा का महत्वपूर्ण सबक पढ़ाने का बीड़ा उठाया है। इस सिलसिले में मंगलवार देर शाम धर्म प्रचार कमेटी ने सदस्यों के साथ बैठक कर कई बिंदुओं पर विचार किया. बैठक में जमशेदपुर के विभिन्न गुरुद्वारों में रहत मयार्दा लागू कराने के लिए सर्वप्रथम गुरुद्वारों के ग्रंथियों, सेवादारों व ओहदेदारों को सिख रहत मयार्दा की शिक्षा दिलाने की व्यवस्था कराने का निर्णय लिया गया। धर्म प्रचार कमेटी के संयोजक सुखदेव सिंह खालसा व प्रचारक गुरप्रताप सिंह ने कहा कि वे शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (एसजीपीसी) के साथ लगातार संपर्क में हैं और प्रयास कर रहे हैं कि वहां से प्रचारकों को शहर में आंमत्रित कर रहत मयार्दा को लागू कराने की मुहीम चलायी जायेगी। प्रधान भगवान सिंह, सलाहकार गुरचरण सिंह बिल्ला और महासचिव अमरजीत सिंह की उपस्थिति में आयोजित बैठक में कहा गया कि फि लहाल शहर के छह गुरुद्वारों, क्रमशः टुइलाडुंगरी, तार कंपनी, टेल्को, बिरसानगर, जुगसलाई (स्टेशन रोड) तथा संत कुटिया गुरुद्वारों से शुरूआत की जायेगी। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि गुरुद्वारों द्वारा संचालित विद्यालयों में गुरमुखी लिपि को अनिवार्य करने की कवायद शुरू की जायेगी। बैठक में सुखदेव सिंह खालसा, गुरप्रताप सिंह, जसवंत सिंह जस्सू के अलावा प्रचारक हरविंदर सिंह जमशेदपुरी, रविंदर सिंह, रविंदरपाल सिंह, भूपिंदर सिंह, हरजीत सिंह टीपू और दलबीर कौर ने मुख्य रूप से भाग लिया।

# विधायक संजीव सरदार ने किया झारखंड राज्य विश्वविद्यालय अध्ययन केंद्र का उद्घाटन

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** परसुडीह के करनडीह स्थित लाल बहादुर शास्त्री मेमोरियल कॉलेज में झारखंड राज्य विश्वविद्यालय अध्ययन केंद्र का उदघाटन समारोह का आयोजन किया गया। बुधवार को कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पोटका के विधायक संजीव सरदार शामिल हुए। मौके पर लाल बहादुर शास्त्री मेमोरियल कॉलेज में बैंड बाजा के साथ विधायक संजीव सरदार का स्वागत करते हुए कार्यक्रम स्थल तक लाया गया। इस अवसर पर कॉलेज के शिक्षकों द्वारा शॉल उड़ाकर विधायक संजीव सरदार को सम्मानित किया गया। मौके पर विधायक के द्वारा फीता काटकर विधिवत झारखंड राज्य विश्वविद्यालय अध्ययन केंद्रों का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर विधायक संजीव सरदार के साथ जेएसएयू के कुलपति प्रो डा त्रिवेनी नाथ साहू, कोल्हान के कुलपति प्रो डा गंगाधर पांडा, कुलसचिव प्रो डा घनश्याम सिंह, डा अशोक कुमार झा सहित विभिन्न कॉलेज से आये प्राचार्य गण, अध्यापक गण व कॉलेज के विद्यार्थियों के आलावे स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

### ह्यूमन वेलफेयर की टीम ने सदर अस्पताल पहुंच जाना टुना सबर दंपति का हाल

# डॉक्टरों से ली दोनों के इलाज और स्थिति की जानकारी

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** ह्यूमन वेलफेयर ट्रस्ट की एक टीम ने बुधवार को सदर अस्पताल पहुंच कर वहां भर्ती सबर दंपति टुना सबर एवं उसकी पत्नी का हाल जाना। ट्रस्ट के सदस्यों ने टुना एवं उनकी पत्नी को उपहार स्वरूप दाब पानी, सेब, संतरा, केला एवं अंगूर भी प्रदान किये. ह्यूमन वेलफेयर ट्रस्ट के आसिफ अख्तर, मतीनुल हक अंसारी, मानगो नगर निगम के ब्रांड एंबेसेडर मुख्तार आलम खान, शाहिद परवेज, मोइनुद्दीन अंसारी, आफताब आलम का दल बुधवार को सदर अस्पताल पहुंचा एवं वहां इलाज करा रहे टुना सबर एवं उसकी पत्नी का हाल-चाल जाना। सदर अस्पताल के सिविल सर्जन जुझार मांझी, आइसीयू के इंचार्ज डॉ फैसल खान, डॉ रंजीत कुमार पंडा और खुर्रम से मिला एवं ट्रस्ट के लोगों ने टुना सबर से बात की जो खुद को सवस्थ बता रहे हैं एवं उन्होंने खुद को पहले से बेहतर बताया। सिविल सर्जन डॉ जुझार मांझी ने बताया कि डीसी मैडम के निदेर्शानुसार दोनों की चौबीस घंटे निगरानी की जा रही है और ये काफी अच्छा महसूस कर रहे हैं। ट्रस्ट की ओर से दंपति को उपहार स्वरूप डाब, सेब, संतरा, केला एवं अंगूर आदि दिये गये. ट्रस्ट के लोगों ने आइसीयू के सारे नर्सिंग स्टाफ को टुना सबर के बेहतर देखभाल के लिए शुक्रिया अदा किया।

आजाद सिपाही
रांची, गुरुवार, 16 फरवरी, 2023
www.azadsipahi.in



## महत्वपूर्ण न्यूज

### रविकांत पाठक को मिला राज्य का श्रेष्ठ प्रधानाचार्य का पुरस्कार



**श्री बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)।** विद्या भारती के बरगंडा गिरिडीह में आयोजित 28वां प्रांतीय प्रधानाचार्य सम्मेलन में ए श्रेणी के विद्यालयों में सरस्वती विद्या मंदिर, श्री बंशीधर नगर के प्रधानाचार्य रविकांत पाठक को विद्या भारती की सभी आयामों को गति देने के लिए झारखंड प्रांत के श्रेष्ठ प्रधानाचार्य के रूप में पुरस्कृत किया गया। प्रधानाचार्य को इस उपलब्धि के लिए गढ़वा जिला सह संघचालक काशी महतो, विद्यालय प्रबंधकारिणी समिति के अध्यक्ष जोखू प्रसाद, सचिव रवि प्रकाश, उपाध्यक्ष डॉक्टर धर्मचंद लाल अग्रवाल, राजकुमार प्रसाद, सह सचिव अनिल कुमार विश्वकर्मा, कोषाध्यक्ष विद्या भास्कर, अभिभावक प्रतिनिधि चंदन कुमार, सदस्य अशोक कुमार सिंह, कृष्णानंद प्रसाद, शैलेश अग्रवाल, हरदयाल उरांव, सदस्य शशिकला, नीरज पांडेय एवं सभी आचार्य दीदीजी और अभिभवाक गण ने हार्दिक बधाई दी है। प्रधानाचार्य सम्मेलन के मौके पर विद्या भारती प्रतिभा खोज एवं प्रतिभा चयन में सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के विद्यार्थियों को प्राप्त पुरस्कार की राशि भी संबंधित प्रधानाचार्य को प्रदान किया गया। जिसके अंतर्गत इस विद्यालय के भैया अभिजीत राज कक्षा अष्टम, जो अमित कुमार प्रधानाध्यापक, उच्च विद्यालय, चितविश्राम के पुत्र हैं, जिन्हें प्रतिभा चयन में सांत्वना पुरस्कार के रूप में एक हजार रुपये की राशि नगद प्रधानाचार्य को प्राप्त हुई। विद्यालय की इस उपलब्धि पर सभी भैया-बहनों, आचार्यों एवं अभिभावकों में हर्ष व्याप्त है।

### केसीसी कार्ड बनाकर 50 हजार रु. कर ली गयी अवैध निकासी, पीड़ित ने लगायी इंसाफ की गुहार



**कांडी (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के ग्राम सरकोनी के अमस्था टोला निवासी जवाहर रजवार के नाम से बिचौलियों द्वारा झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक कांडी में किसान क्रेडिट कार्ड कराकर 50 हजार निकासी कर ली गई। बाद में बैंक का चक्रवृद्धि ब्याज बढ़ कर एक लाख 22 हजार तीन सौ चौवन रुपये हो गये। इस विषय में ज्वाहर रजवार ने बताया कि मुझे तब पता चला जब बैंक कर्मियों द्वारा मेरे घर पर नोटिस भेजा गया। उस नोटिस में मेरे नाम पर केसीसी ऋण कराकर फर्जी निकासी की गयी, जबकि मुझे अभी तक पता नहीं था कि मेरे नाम पर केसीसी ऋण बैंक द्वारा किया गया है और ना ही मैंने कभी एक रुपये बैंक से निकासी की। आखिर किस बिचौलिये ने मेरे नाम पर जालसाजी कर पैसे की निकासी की, इसको लेकर जवाहर रजवार ने कई जगहों पर जाकर इंसाफ की गुहार लगायी। वह एक मजदूर अशिक्षित आदमी है। आखिर किसने इसके नाम पर फर्जी निकासी की है, इस संबंध में वर्तमान ग्रामीण बैंक के मैनेजर कृष्णा राम ने बताया कि 15 वर्ष पूर्व इनके नाम पर केसीसी ऋण कराया गया था, जो चक्रवृद्धि ब्याज जोड़कर इतने रुपये का नोटिस भेजा गया था। इसकी जवाबदेही मेरी नहीं है। 75 वर्ष का वृद्ध जवाहर रजवार किसी तरह से अपना भरण-पोषण करता है। वह अपना घर-द्वार भी बेच दे तब भी ऋण चुकता नहीं हो सकता। उन्होंने अखबार के माध्यम से जिला प्रशासन से इंसाफ की गुहार लगायी है।

### गायत्री परिवार शान्तिकुंज हरिद्वार से पूजित दिव्य शक्तिकलश मझिआंव लाया गया



**मझिआंव (आजाद सिपाही)।** मझिआंव नगर पंचायत क्षेत्र के चन्द्री स्थित नवनिर्मित गायत्री शक्तिपीठ में मां गायत्री व मां वैष्णो देवी की प्रतिमा स्थापित करने को लेकर एक मार्च से पांच मार्च तक 108 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ आयोजित किया गया है। इसकी सफलता के लिए गायत्री परिवार के जिला ट्रस्टी अच्युतानंद तिवारी, युवा मंडल के जिला संयोजक बिरेन्द्र सोनी, यज्ञ समिति के उप कोषाध्यक्ष बेचन राम,अशोक साह एवं दिनेश पाल द्वारा अखिल विश्व गायत्री परिवार शान्तिकुंज हरिद्वार से गायत्री परिवार की प्रमुख शक्तिस्वरूपा शैलबाला पांड्या द्वारा पूजित दिव्य शक्तिकलश बुधवार को मझिआंव लाया गया और शक्तिपीठ पर स्थापित किया गया। इसके पूर्व उंटारी रोड रेलवे स्टेशन पर शक्तिकलश के पहुंचते ही गायत्री परिवार के महिला मंडल एवं प्रज्ञामंडल के सदस्यों द्वारा बैंड बाजे के साथ स्वागत किया गया। इस संबंध में गायत्री परिवार के प्रखंड संयोजक नागेन्द्र सिंह ने बताया कि 19 फरवरी को उपजोन की बैठक मझिआंव गायत्री शक्तिपीठ पर आहूत की गई है जिसमें उपजोन, जिला एवं सभी प्रखंड के गायत्री परिजन उपस्थित रहेंगे, जिसमें महायज्ञ कमेटी का भी विस्तार किया जायेगा। मौके पर नगर भ्रमण के दौरान प्रखंड समन्वयक नागेन्द्र सिंह, कोषाध्यक्ष अशोक चौरसिया, रामबेलास प्रसाद, देवमुनि विश्वकर्मा, पारस मिस्त्री, राहुल कमलापुरी, अरुण सोनी, महिला मंडल संयोजक सुनीता चौरसिया, सीमा दुबे, धर्मशीला देवी, रिंकी देवी, सरस्वती देवी, अंजना देवी सरिता देवी, राखी देवी सहित कई गायत्री परिजन शामिल थे।

**कार्यक्रम :** मंत्री ने किया पौने चार करोड़ की नौ सिंचाई योजनाओं का ऑनलाइन शिलान्यास

# हर खेत को मिलेगा पानी, किसानों की समस्या होगी दूर : मिथिलेश ठाकुर

**कहा- संवेदक हर हाल में बरसात से पूर्व गुणवतायुक्त कार्य पूर्ण करें, कार्य की गुणवत्ता में किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जायेगी**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर बुधवार को गढ़वा स्थित अपने आवास पर लघु सिंचाई प्रमंडल गढ़वा की नौ चेक डैम का शिलान्यास किया। मंत्री ने पूजा अर्चना कर नारियल फोड़कर एवं शिलापट्ट का अनावरण कर इन योजनाओं का शिलान्यास किया। जिले के मेराल एवं रंका प्रखंड में तीन-तीन, गढ़वा में दो तथा चिनियां प्रखंड में एक चेक डैम का निर्माण तीन करोड़, 77 लाख, 19 हजार 300 रुपये की लागत से किया जाएगा।

शिलान्यास की गयी योजनाओं में मेराल प्रखंड के रजहरा में पथलाही नाला पर चेक डैम का निर्माण, सोहबरिया में चमबोथवा नाला पर, पतरिहा में धोरहा नाला पर, रंका प्रखंड के सेमरखांड़ में भीतियाही नाला पर, गासेदाग में सलई नाला पर, कटरा में हरैया नाला पर, गढ़वा प्रखंड के कोरटा में अद्रा नाला पर, कल्याणपुर में बलहा नाला पर तथा चिनियां प्रखंड के लोहार टोली खुरी में टाना नाला पर चेक डैम का निर्माण कार्य शामिल है।



**अगले चरण में जिले के अन्य नदी नालों में विभिन्न स्थानों पर चेक डैम का निर्माण कराने की योजना है**

मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि इस क्षेत्र में सिंचाई बहुत बड़ी समस्या है, जिससे किसान अच्छे ढंग से खेती नहीं कर पाते हैं। अगले चरण में जिले के अन्य नदी नालों में विभिन्न स्थानों पर चेक डैम का निर्माण कराने की योजना है। जिससे अधिक से अधिक किसानों को सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराया जा सके। मंत्री ने मौके पर मौजूद सभी संवेदकों को हर हाल में बरसात से पूर्व गुणवतायुक्त कार्य पूर्ण करने की बात कही है। मंत्री ने कहा कि कार्य की गुणवत्ता में किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि गढ़वा में सड़क, बिजली, पेयजल, चिकित्सा एवं शिक्षा के साथ-साथ हर खेत को पानी उपलब्ध कराया जाएगा। किसानों की सिंचाई से संबंधित एवं अन्य समस्याएं दूर की जाएंगी। मंत्री ने कहा कि गढ़वा जिला कम बारिश का क्षेत्र है। यहां किसानों को खेती के लिए सिंचाई की काफी समस्या होती है, इसलिए जिले के विभिन्न क्षेत्रों में छोटे-छोटे नदी, नालों को बांधकर चेक डैम का निर्माण कराया जा रहा है। ताकि किसानों को सिंचाई की व्यवस्था उपलब्ध हो सके। उन्होंने कहा कि चेक डैम के निर्माण से सिंचाई सुविधा के साथ-साथ जल स्तर को बनाये रखने में भी काफी सहायता होगी। इन चेक डैम के निर्माण से काफी संख्या में किसान लाभान्वित होंगे। उन्होंने कहा कि कृषि ही देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। फिर भी आज तक गढ़वा-पलामू में किसानों के लिए समुचित सिंचाई की व्यवस्था नहीं की जा सकी है। परंतु झारखंड की हेमंत सरकार हर क्षेत्र में बेहतर कार्य कर रही है। यह सरकार किसानों की आय बढ़ाने एवं कृषि के लिए हर सुविधा उपलब्ध कराने के लिए कृतसंकल्पित है। मंत्री ने कहा कि पूर्व की सरकार ने बेतुका योजना डोभा पर करोड़ों रुपये खर्च किये जिसका कहीं कोई परिणाम नहीं निकला। मौके पर मुख्य रूप से झामुमो जिलाध्यक्ष तनवीर आलम, विधायक प्रतिनिधि कंचन साहू, संजय चौधरी, दिलीप गुप्ता, नंदकिशोर ठाकुर, दिलीप यादव, राजेश तिवारी, प्रवीण तिवारी, हिमांशु सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## मेराल के चार दर्जन से अधिक लोग झामुमो में हुए शामिल



**मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने माला एवं पार्टी का पट्टा पहनाकर सभी को पार्टी में शामिल करते हुए स्वागत किया**

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेराल।** जिले के मेराल प्रखंड के अरंगी पंचायत के 40 से अधिक महिला-पुरूष झाररखंड मुक्ति मोर्चा में शामिल हुए। बुधवार को गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के गढ़वा स्थित आवास पर सभी ने झामुमो की सदस्यता ग्रहण की। मंत्री श्री ठाकुर ने माला पहनाकर एवं पार्टी का पट्टा पहनाकर सभी को पार्टी में शामिल करते हुए स्वागत किया। पार्टी में शामिल होने वालों में मुख्य रूप से राजेन्द्र प्रसाद, गोपाल प्रसाद यादव, बंशी चौधरी, झिमल पासवान, रामराज राम, योगेन्द्र यादव, अनूप कुमार, रमपतिया कुंअर, पिंकी देवी, सविता देवी, सहोदरी देवी, सीता देवी, सरिता देवी, प्रभा देवी, शारदा देवी, कौशल्या देवी, मीना देवी सहित 40 से अधिक लोगों का नाम शामिल है।

मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि आज पूरे राज्य में हेमंत सरकार के कार्यकलापों से प्रभावित होकर काफी संख्या में लोग झामुमो में शामिल हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता ही पार्टी के रीढ़ होते हैं। गढ़वा जिला में लगातार दूसरे दलों को छोड़कर कई दिग्गज नेता, कार्यकर्ता सहित काफी संख्या में लोगों ने झामुमो की सदस्यता ग्रहण की है। यह सिलसिला इस बात का संकेत है कि हेमंत सरकार राज्यहित एवं जनहित में बेहतर कार्य कर रही है। मंत्री ने सभी कार्यकर्ताओं से कहा कि वे लोग राज्य सरकार द्वारा किये जा रहे विकास कार्यों एवं चलायी जा रही जनहित योजनाओं की जानकारी लोगों तक पहुंचाएं एवं इसका लाभ दिलाने में मदद करें।

पार्टी में शामिल होने वाले लोगों ने कहा कि वे लोग मंत्री श्री ठाकुर के विकास कार्य एवं झारखंड सरकार के कार्यकलापों से प्रभावित होकर झामुमो में शामिल हो रहे हैं।

मौके पर झामुमो जिलाध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, विधायक प्रतिनिधि कंचन साहु, संजय चौधरी, दिलीप गुप्ता, आशीष अग्रवाल, अरविंद यादव सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## स्वीकृत अनुदान राशि आवंटित करने संबंधी लिये गये निर्णय

**उपायुक्त ने की अनुसूचित जाति/जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम की समीक्षा**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** उपायुक्त गढ़वा रमेश घोलप की अध्यक्षता में कल्याण विभाग के तहत एट्रोसिटी एक्ट (अनुसूचित जाति/जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम) की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई, जिसमें पुलिस अधीक्षक अंजनी कुमार झा, अनुमंडल पदाधिकारी नगर उंटारी आलोक कुमार, जिला कल्याण पदाधिकारी निलेश कुमार मुर्मू सहित सांसद एवं विधायक प्रतिनिधि भी उपस्थित थे। उक्त बैठक में विभाग की ओर से कुल 12 पीड़ितों की सूची प्रस्तुत की गई, जिसकी क्रमवार समीक्षा की गयी एवं जिला कल्याण पदाधिकारी श्री मुर्मू द्वारा क्रमानुसार सभी वादों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। पीड़ितों के साथ हुई घटना एवं दर्ज कांड में प्रस्तुत धारा के अनुसार सभी के बीच स्वीकृत अनुदान राशि आवंटित करने संबंधी निर्णय लिए गए। विदित हो कि अनुसूचित जाति/जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत अनुसूचित जाति एवं जनजातियों में शामिल व्यक्तियों के विरुद्ध हुए अपराधों के लिए अपराधियों को दंडित किया जाता है एवं पीड़ित व्यक्ति को विशेष सुरक्षा व अधिकार दिया जाता है। बैठक के दौरान उपायुक्त श्री घोलप द्वारा सभी पेंडिंग केसेस को स्टडी करके 15 दिनों बाद पुनः बैठक करने हेतु जिला कल्याण पदाधिकारी को निर्देशित किया गया। साथ ही एससी-एसटी एट्रोसिटी एक्ट से संबंधित मामलों के त्वरित निष्पादन हेतु प्रत्येक माह ससमय बैठक आहूत कराने हेतु निर्देशित किया गया, ताकि पीड़ित व्यक्तियों को दिए जाने वाली मुआवजा/ सरकारी सहायता की राशि ससमय दिया जा सके।

## मुख्यमंत्री तीर्थ योजना अंतर्गत तीर्थ यात्री हुए रवाना



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** मुख्यमंत्री तीर्थ योजना अंतर्गत मुस्लिम धर्मावलंबियों को अजमेर शरीफ, आगरा एवं फतेहपुर सिकरी के तीर्थ यात्रा के लिए समाहरणालय परिसर से हटिया स्टेशन, रांची के लिए रवाना किया गया। निदेशक डीआरडीए दिनेश प्रसाद सुरीन, स्थापना उप समाहर्ता अरुण उरांव, प्रभारी पदाधिकारी गोपनीय शाखा संजीव कुमार सिंह एवं जनसंपर्क पदाधिकारी साकेत कुमार पांडे द्वारा हरी झंडी दिखाकर तीर्थ वाहनों को कुल 36 वरिष्ठ एवं सुयोग्य तीर्थ यात्रियों के साथ रवाना किया गया। उन्हें विशेष ट्रेन द्वारा हटिया स्टेशन, रांची से विभिन्न निर्धारित तीर्थ स्थलों यथा- आगरा, अजमेर शरीफ एवं फतेहपुर सिकरी ले जाया जाएगा। तीर्थ यात्रियों के देखभाल एवं निगरानी हेतु जिला स्तर से दो नोडल पदाधिकारी नियुक्त किए गए हैं, जो संपूर्ण यात्रा अवधि में आईआरसीटीसी एवं पर्यटन विभाग से प्रतिनियुक्त नोडल पदाधिकारी से समन्वय स्थापित कर उन्हें गंतव्य तक ले जाने एवं तीर्थ यात्रा के पश्चात जिला मुख्यालय तक वापसी तक संपूर्ण यात्रा के दौरान देखभाल एवं निगरानी सुनिश्चित करेंगे।

## जीपी परेश कुमार तिवारी महासचिव पद के लिए किया नामांकन



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** गढ़वा जिला अधिवक्ता संघ के द्विवार्षिक चुनाव में वरिष्ठ अधिवक्ता एवं जीपी परेश कुमार तिवारी ने आज महासचिव पद के लिए नामांकन पत्र दायर किया। उनके प्रस्तावक वरिष्ठ अधिवक्ता जितेंद्र कुमार हैं। नामांकन पत्र दाखिल करने के समय अधिवक्ता साकेत प्रताप देव, ललित कुमार पांडे, सचिता नंद धर दुबे, निरंजन चौबे, शशि भूषण तिवारी, सुश्री तृप्ति मोहम्मद, मंजूर अंसारी, मो. कमरूद्दीन अंसारी आदि काफी संख्या में अधिवक्ता मौजूद थे। जिला के कई अधिवक्ताओं ने उन्हें शुभकामनाएं दी हैं।


**उप विकास आयुक्त का कार्यालय, गिरिडीह।**
**(जिला ग्रामीण विकास अभिकरण)**
Phone No.- 06532-222572, Email ID- (drdagiridih@yahoo.co.in)

**अति–अल्पकालीन पुनर्निविदा आमंत्रण सूचना**

श्यामा प्रसाद मुखर्जी रुर्बन मिशन योजना अंतर्गत गिरिडीह जिला के रुर्बन कलस्टर, भण्डारीडीह, प्रखण्ड गिरिडीह सदर अन्तर्गत विभिन्न सामग्रियों के क्रय/अधिष्ठापन हेतु मुहरबंद निविदा दिनांक 16.02.2023 से 23.02.2023 के 12:00 बजे मध्याह्न तक आमंत्रित की जाती है। उक्त निविदा दिनांक 23.02.2023 को 12:30 बजे अपराह्न में समाहरणालय, गिरिडीह (जिला ग्रामीण विकास अभिकरण) में खोली जाएगी। निविदा की संक्षिप्त विवरणी निम्नवत् है:–

| Sl. No | Particulars | Tender No. |
|---|---|---|
| 1. | Establishment/ Installation of Cement Jali/Windows and allied Products Manufacturing Unit | SPMRM/GRD/22-23/02 |
| 2. | Supply/ Installation of Desktop Computer Sets and Accessories for Computer Education in Government Schools. | SPMRM/GRD/22-23/03 |

विस्तृत कार्य तथा निविदा की शर्त्तों का विवरण जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, गिरिडीह के सूचना पट्ट एवं आधिकारिक www.giridih.nic.in पर देखा जा सकता है।

परीयोजना पदाधिकारी, डी0आर0डी0ए0, गिरिडीह। | निदेशक, डी0आर0डी0ए0, गिरिडीह। | उप विकास आयुक्त, गिरिडीह।

PR 290396 (Rural Development) 22-23 (D)



**कार्यालय: वन प्रमण्डल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमण्डल, गुमला**
वन भवन, - गुमला 835207
Mob:-8987790115 (Office)
Email:-forest-gumla@jharkhandmail.gov.in

**आवश्यक सूचना**

श्री सुखदेव राम, सेवानिवृत प्रधान लिपिक, ग्राम–भदौली, पो0–सिसई, थाना–सिसई, जिला–गुमला, झारखण्ड आपको इस कार्यालय के पत्रांक 1516 दिनांक 26.07.2022, पत्रांक 1547 दिनांक 30.07.2022, पत्रांक 1656 दिनांक 10.08.2022, दिनांक 13.09.2022, दिनांक 17.10.2022 एवं दिनांक 04.11.2022 के दैनिक समाचार पत्रों द्वारा पेंशन प्रपत्र Online समर्पित करने हेतु निर्देश दिया गया था। किन्तु अब–तक आपके द्वारा अपना पेंशन प्रपत्र Online समर्पित नहीं किया गया है, जो अत्यंत ही खेदजनक है, जिसके कारण आपका पेंशन/उपादान की स्वीकृति हेतु प्रस्ताव महालेखाकार झारखण्ड, राँची को नहीं भेजा जा सका है।

अतः पुनः आपको दैनिक समाचार पत्रों के माध्यम से सूचित किया जाता है कि समाचार पत्रों में प्रकाशन की तिथि से तीन दिनों के अन्दर प्रमंडलीय कार्यालय में उपस्थित होकर अपना पेंशन प्रपत्र Online करायें। अन्यथा आपके द्वारा दायर वाद सं0 W.P. (S) No. 977 of 2022 के क्रम में इसकी सूचना माननीय उच्च न्यायालय, झारखण्ड, राँची को भेज दी जायेगी।

वन प्रमंडल पदाधिकारी
गुमला वन प्रमंडल, गुमला

PR 290368 Forest, Environment and Climate Changes (22-23)_D


**मांग :** आइएमए एवं झासा ने उपायुक्त के माध्यम से मुख्यमंत्री को मांगपत्र प्रेषित कर अपनी बातों से अवगत कराया, कहा

# अविलंब बैठक कर 27 फरवरी से प्रस्तावित विस सत्र में इसे पारित कराया जाये

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आइएमए) एवं झासा, झारखंड ने उपायुक्त रमेश घोलप के माध्यम से मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को मांगपत्र प्रेषित कर अपनी बातों से अवगत कराया। डीसी को दिए आवेदन में आईएमए के पदाधिकारियों ने कहा है कि उन्होंने बार-बार लंबित मांगों को सरकार के समक्ष रखा है, जो निम्नांकित है-



**क्लिनिकल एस्टेब्लिशमेंट एक्ट में आवश्यक संशोधन-** हरियाणा एवं उत्तर प्रदेश की तर्ज पर 50 बेड तक के अस्पतालों को क्लिनिकल एस्टेब्लिशमेंट एक्ट से मुक्त रखा जाए ताकि सुदूरवर्ती ग्रामीण क्षेत्रों में प्राइमरी एवं सेकेंडरी लेवल के अस्पतालों का अस्तित्व बना रहे साथ ही गरीब एवं जरूरतमंद आम जनता को सस्ते दर पर स्वास्थ्य सुविधा मुहैया होते रहे।

**मेडिकल प्रोटेक्शन एक्ट लागू करना-** ज्ञात हो कि वर्तमान में भारतवर्ष के 23 राज्यों में मेडिकल प्रोटेक्शन एक्ट लागू है। जिन राज्यों में यह लागू है, वहां मरीजों का रेफरल कम है और परिणाम स्वरूप मृत्यु दर कम है। साथ ही चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मियों के साथ मारपीट की घटना एवं अस्पतालों में तोड़फोड़ की घटना को कम किया जा सकेगा।

**बायोमैट्रिक अटेंडेंस-** आपने अपनी सूझबूझ से पुलिस विभाग को इमरजेंसी सर्विसेस मानते हुए बायोमेट्रिक अटेंडेंस सिस्टम से मुक्त करने की घोषणा की है। चूंकि इमरजेंसी सर्विसेज की सूची में स्वास्थ्य सेवा सबसे पहले आता है, इसलिए चिकित्सकों को भी बायोमैट्रिक अटेंडेंस से मुक्त किया जाए। जामताड़ा के विधायक इरफान अंसारी के द्वारा सिविल सर्जन जामताड़ा को घसीट कर लाने जैसी अमर्यादित भाषा का प्रयोग किया गया है। इसे संज्ञान में लेते हुए आपके स्तर से उचित करवाई की जाए।

धनबाद के डॉक्टर दंपत्ति डॉ विकास हाजरा की मृत्यु हो गई। वहीं धनबाद के ही आशीर्वाद अपार्टमेंट में आग लगने से अकस्मात मृत्यु पर राज्य सरकार द्वारा प्रति व्यक्ति चार लाख की राशि दिए जाने की घोषणा की गयी है। चिकित्सक दंपत्ति को भी राज्य सरकार की तरफ से यह राशि मुहैया करायी जाए। रिम्स रांची के प्लास्टिक सर्जरी विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉक्टर सौरभ शर्मा कि ड्यूटी जाने के क्रम में सड़क दुर्घटना के कारण अकस्मात मृत्यु हो गई। उन्हें राज्य सरकार की तरफ से चार लाख की राशि दी जाए साथ ही उनकी पत्नी डॉ खुशबू, जो खुद चिकित्सक (निश्चेतक) हैं, उन्हें सरकारी नौकरी दी जाये। फायर सेफ्टी के एनओसी के लिए निर्धारित शर्तों को सरल बनाया जाए ताकि सभी अस्पतालों में, जहां पर अंतः विभाग हो, फायर सेफ्टी के पुख्ता इंतजाम किया जा सके और स्वास्थ्य केंद्र , जहां पर मरीज भर्ती नहीं लिए जाते, वैसे स्वास्थ्य केंद्र को इससे मुक्त रखा जाए।

विभाग एवं सरकार के आश्वासन के बाद भी अभी तक इसे लागू नहीं किया जा सका है। यह चिंता का विषय है और संगठन इसके प्रति आपका ध्यान आकर्षित करना चाहता है। दिनांक 05-02-2023 को आहूत आईएमए एवं झासा की संयुक्त मीटिंग में सर्वसम्मति से लिए गए निर्णयों के आधार पर आपसे आग्रह है कि अविलंब आईएमए एवं झासा के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर 27 फरवरी से प्रस्तावित विधानसभा सत्र में इसे पारित करायी जाए।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल, राँची।
**ई–प्रोक्योरमेंट सूचना**
**नेशनल कम्पेटेटीभ बिडिंग**

टेन्डर रेफरेंन्स नं0–प0नि0वि0/राँची–46/2022–23 — दिनांक :– 14.02.2023

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का नाम | एच.ई.सी. से राँची–गुमला रोड (एन .एच.–23) पथ में राँची–पिस्का स्टेशन के बीच कि0मी0 427/2–3 में **Level Crossing No. RL -5** के स्थान पर चार लेन **ROB** का निर्माण कार्य वर्ष 2022–23. |
| 2. | अनुमानित प्राक्कलित राशि (रू0 लाख में) | रू0 837.69 लाख (रूपये आठ करोड़ सैतीस लाख उनहत्तर हजार) मात्र। |
| 3. | अग्रधन की राशि (रू0 लाख में) | रू0 8.38 लाख (रूपये आठ लाख अड़तीस हजार) मात्र। |
| 4. | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 06 (छः) महीने |
| 5. | वेबसाईट पर निविदा प्रकाषन की तिथि | 24.02.2023 10.30 बजे पूर्वाह्न |
| 6. | निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि/ समय | 16.03.2023 12.00 बजे दोपहर तक |
| 7. | निविदा खोलने की तिथि/ समय | 17.03.2023 12.30 बजे अपराह्न। |
| 8. | निविदा प्रकाषित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता पथ निर्माण विभाग,पथ प्रमंडल, मोहराबादी, राँची–834008. |
| 9. | प्रोक्योरमेंट पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या | 0651–2361018 |
| 10. | ई–प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्पपाईन संख्या | 0651–2401010 |

- प्राक्कलित राशि एवं अग्रधन की राशि घट–बढ़ सकती है, जिसे *Tender Online Upload* में देखा जा सकता है, एवं किसी भी प्रकार का बदलाव *http://jharkhandtenders.gov.in* पर देखा जा सकता है।
- पथ निर्माण विभाग, झारखण्ड सरकार में निबंधित संवेदकों के लिए युकेन *(UCAN)* निबंधन आवश्यक है।
- नियम एवं शर्तों के लिए वेबसाईट *http://jharkhandtenders.gov.in* पर देखें।

कार्यपालक अभियंता
पथ निर्माण विभाग,पथ प्रमंडल,राँची।

PR 290375 Road Construction Dept Road Division Ranchi(22-23)D

आजाद सिपाही
रांची, गुरुवार, 16 फरवरी, 2023
www.azadsipahi.in
08


## मंदिर की साफ-सफाई के लिए दी पाइप

**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** प्रजापति युवा संगठन के द्वारा बेंती शिव मंदिर में साफ सफाई के लिए पाइप दिया गया। साथ ही समाज की ओर से आगे भी हर संभव मदद करने का भरोसा दिया गया। मौके पर सिकंदर प्रजापति, राजेश प्रजापति, हेमराज प्रजापति, बैजनाथ प्रजापति, खजांची प्रजापति, अजय प्रजापति, उमेश प्रजापति, प्रेम प्रजापति, संतोष प्रजापति, छोटू प्रजापति, दिलीप प्रजापति, सुगन प्रजापति, विजय प्रजापति, नितेश प्रजापति, अरुण प्रजापति सहित कई लोग मौजूद थे।

## कल्याणपुर में शीट तोड़कर हुई दुकान में चोरी

**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** पिपरवार थाना क्षेत्र के कल्याणपुर गांव में सुरेंद्र टाना भगत पिता स्वर्गीय ब्रह्मदेव टाना भगत की दुकान में बीती रात अज्ञात चोरों ने सीट तोड़कर चोरी की घटना को अंजाम दिया। इस संबंध में भुक्तभोगी सुरेंद्र राम ने पिपरवार थाना में आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने कहा कि रोज की तरह उन्होंने रात में दुकान बंद कर घर गया। सुबह दुकान आया तो शटर खोलने के बाद दुकान का सीट टूटा हुआ दिखा जिसके बाद चोरी की जानकारी मिली। उन्होंने बताया कि दुकान में रखे खाद्य सामग्री सहित कुछ नगद रुपये की चोरी कर ली गई है। इधर पिपरवार पुलिस मौके पर पहुंचकर मामले की जानकारी ली।

## तमाड़ में अफीम की खेती को नष्ट किया



**तमाड़ (आजाद सिपाही)।** तमाड़ थाना अंतर्गत ग्राम कांची के आस पास के क्षेत्र में तमाड़ थाना के द्वारा आइआरबी विजयगिरी के साथ आभियान चलाकर करीब 5 एकड़ में लगे अफीम पोस्ता की खेती को विनष्ट किया गया।

## अड़की में मुर्गी का चूजा और संबंधित सामग्री लाभुकों के बीच वितरित की गयी




**अड़की (आजाद सिपाही)।** अड़की प्रखंड के सिदरी व सोसोकुटी पंचायत मे आज मुर्गी का चूजा एवं उससे संबंधित सामग्री को लाभुकों के बीच वितरित किया गया। इस अवसर पर प्रमुख कृष्ण सिंह मुंडा विधायक प्रतिनिधि मनोज मंडल, सोसोकुटी मुखिया चितरंजन सिंह मुंडा और अन्य शामिल हुए।

## कार्डधारियों को चार माह से राशन नहीं मिला

**रड़गांव/तमाड़ (आजाद सिपाही)।** तमाड़ प्रखंड में हरा कार्डधारी को चार महीने से राशन नहीं मिल रहा है। जिससे कार्डधारी परेशान है। डीलर को कहने पर कहते है कि माल नहीं दिया जा रहा है। जिससे उन्हे अनाज नही मिल पा रहा है। डीलर कहते है कि हरा काड पीला कार्ड बन जायेगा लेकिन कब बनेगा नहीं मालूम लोग इससे पिसा रहे है। रडगांव पंचायत मे लाल कार्ड और पीला कार्ड में ग्रामीण को राशन तो डीलर द्वारा वितरण किया जा रहा हैं, लेकिन ग्रीन कार्ड में राशन नहीं मिल रहा है। मिली जानकारी के अनुसार डीलरों का कहना है कि रशन प्रखंड से ही उन्हें प्राप्त नहीं हो रहा है, गरीब ग्रामीण इससे बहुत परेशान हैं, ग्रामीणों का कहना है कि राज्य सरकार ग्रीन कार्ड तो बनाया। मगर इसका लाभ हम गरीबों को नहीं मिल रहा है।

## साइंस एग्जीविशन सह सेमिनार का आयोजन

**तमाड़ (आजाद सिपाही)।** कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय सलगाडीह तमाड़ में साइंस एग्जीबिशन कम कॉमिनेटी सेमिनार का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा 6से 12वीं कक्षा तक की विज्ञान प्रदर्शनिक लगाया इस अवसर पर छात्राओं द्वारा रंगारंग कार्यक्रम की गयी और शिक्षा से संबंधित नाटक कर बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के स्लोगन को प्रस्तुत किया अतिथि द्वारा घुम घुम कर बच्चो द्वारा बनाये गये एक्जीविशन का अवलोकन किया गया इस अवसर पर बीडीओ गिरजा शंकर महतो, सीओ विमल सोरेन, प्रमुख अजय मुंडा, वार्डेन रीता बड़ाईक, उप प्रमुख शकुंतला खंडित, सांसद प्रतिनिधि लक्ष्मण मुंडा, मुखिया अनीता देवी, बीपीओ मुमताज के अलावे बच्चे बच्चियों के अभिवावक मौजूद थे।

### रैयत बेरोजगारों ने रोजगार बाधित होने पर आंदोलन की दी चेतावनी

# मूल रैयत बता रहे लोगों से खतियान मांगे सीसीएल प्रबंधन

आजाद सिपाही संवाददाता

**खलारी।** एनके एरिया केडीएच परियोजना अंतर्गत आने वाले खतियानी रैयत बेरोजगारों ने रोजगार बाधित होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है। केडीएच परियोजना अंतर्गत विश्रामपुर की मुखिया दीपमाला कुमारी, तुमांग के मुखिया संतोष कुमार महली सहित दर्जनों गांव के सैकड़ों रैयत बेरोजगार महिला पुरूषों ने केडीएच पीओ के नाम हस्ताक्षरयुक्त आवेदन सौंपा है। इसकी प्रतिलिपि एनके जीएम, डीएसपी खलारी व थाना प्रभारी खलारी को भी दी गई है। आवेदन में कहा गया है कि रैयत विस्थापितों के लंबे संघर्ष के बाद एनके प्रबंधन द्वारा केडीएच परियोजना के अंतर्गत आने वाले खतियानी रैयत व बेरोजगारों को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए रोड सेल की व्यवस्था की गई थी। इस रोड सेल के माध्यम से



केडीएच परियोजना अंतर्गत केकराहीगढ़ा, भूतनगर, बरटोला, खुंटीटोला, रोहनियाटांड़, डेमधौड़ा, जेहलीटांड़, बालक धौड़ा, मुखिया धौड़ा, जामुनदोहर, विश्रामपुर, बड़कीटांड़, करकट्टा बस्ती, मैनेजर बंगला, दुर्गा मंडप करकट्टा व करकट्टा के रैयत विस्थापित व ग्रामीण रोजगार से लाभान्वित हैं। विगत कुछ दिनों पहले कुछ बाहरी लोग सीसीएल के अधिगृहित भूमि पर घर बना लिए हैं, जिनका इस परियोजना क्षेत्र में कहीं जमीन नहीं है। ये लोग खुद को यहां का मूल रैयत घोषित कर रहे हैं। यही लोग विगत कुछ दिनों से धरना पर बैठे हुए हैं और यहां के रैयत विस्थापित एवं ग्रामीणों के रोजगार को बाधित कर रहे हैं। इससे इन गांवों के बेरोजगार होते रैयत ग्रामीण पलायन करने पर मजबूर हो रहे हैं। इसे लेकर ग्रामीणों में काफी आक्रोश है। प्रबंधन को सुझाव दिया कि मूल रैयत बनकर धरना दे रहे लोगों से खतियान व जमीन के कागजात की मांग करें। यदि खतियान दिखाने में असमर्थता दिखाते हैं और सीसीएल कार्य में बेवजह बाधक बनते हैं तो प्रबंधन ऐसे लोगों को चिन्हित कर कानूनी कार्रवाई करे। अगर सीसीएल प्रबंधन कार्रवाई नहीं करेगी तो गांवों के ग्रामीण चरणबद्ध तरीके से बड़े पैमाने पर आंदोलन करेंगे साथ ही परियोजना विस्तारीकरण में सहयोग नहीं करेंगे।

### ये थे शामिल

आवेदन देने वाले प्रमुख लोगों में रैविमो के एरिया अध्यक्ष बिगन सिंह भोगता, विनय खलखो, जालिम सिंह, दामोदर गंझू, रतिया गंझू, प्रभाकर गंझू, रंथू उरांव, संजय गंझू आदि शामिल हैं।

## अमृत नगर में कलश यात्रा के साथ शुरू हुआ पांच दिवसीय 1008 लघु रुद्र महायज्ञ

**खलारी (आजाद सिपाही)।** कलश शोभा यात्रा के साथ महावीरनगर अमृतनगर में पांच दिवसीय 1008 लघु रुद्र महायज्ञ आरंभ हो गया। अमृतनगर शिवालय परिसर से कलश लेकर 400 से अधिक महिलाएं जल लाने सपही नदी पहुंचीं। इनमें कन्या पूजन का 51 कलश भी था। सपही नदी के तट पर ब्राह्मणों द्वारा गंगा पूजन सहित अन्य विधान के बाद महिलाएं कलश में जल भरी। इसके बाद सिर पर कलश लेकर कतार में जुलूस की शक्ल में यज्ञ स्थल के लिए रवाना हुई। जुलूस गाजे बाजे के साथ चल रहा था। आयोजन कमेटी सहित अन्य लोग जयकारा लगाते हुए साथ साथ चल रहे थे। नगर भ्रमण करते हुए कलश शोभा यात्रा यज्ञ स्थल पहुंचा। वेदी निर्माण के बाद जल भरे कलशों को यज्ञ मंडप में रखा गया। कलश लाने वाली महिलाओं को चना, गुड़, शरबत व भोजन दिया गया। प्रखंड प्रमुख सोनी तिग्गा व जिप सदस्य सरस्वती देवी ने महिलाओं को कलश सौंपा। अनुष्ठान कराने वालों में संतोषकुमार झा(बबलू), श्याम ठाकुर सहित मिथिलांचल से आए 21 विद्वान शामिल हैं। यज्ञ के दूसरे दिन गुरूवार को अग्नि स्थापना, मंडप पूजन, वेदी पूजन व हवन कार्यक्रम होगा। कलश शोभायात्रा शामिल अन्य अतिथियों में शशिभूषण सिंह, अरविन्द सिंह, श्याम सुन्दर सिंह, प्रताप यादव के अलावा कमेटी के भरत प्रजापति, बीरेन्द्र गुप्ता, जगरनाथ गुप्ता, अजय केषरी सहित ग्रामीण शामिल थे।

# रैयत विस्थापित मोर्चा एवं डकरा परियोजना प्रबंधन की बैठक में 11 सूत्री मांगों को लेकर की गयी चर्चा



आजाद सिपाही संवाददाता

**खलारी।** रैयत विस्थापित मोर्चा डकरा शाखा एवं डकरा परियोजना प्रबंधन के साथ एक बैठक हुई। बैठक में मोर्चा द्वारा दिए गए 11 सूत्री मांगों को लेकर प्रबंधन ने चर्चा की। जिसमे डकरा कोलियरी एन के एरिया क्षेत्र में 1972-1973 से लेकर अभी तक एलए-एक्ट एवं सीबी एक्ट के तहत अधिग्रहित एवं भू-स्वामियों को दिए गए नौकरी एवं मुआवजा ब्यौरा देने, डकरा परियोजना में ठेकेदारी सहित अन्य कार्यो में लोकल लोगों को काम में प्राथमिकता देने, रैयत गांव चूरी होयर बस्ती में सिंचाई के लिए डकरा माइंस का पानी पाइप लाइन से चूरी होयर बस्ती में सप्लाई करने, होयर स्कूल, चदराधौड़ा, लंबाधौड़ा में डीप बोरिंग, टावर लाइट चूरी दक्षिणी पंचायत भवन में, चूरी बस्ती आंगनबाड़ी में, चूरी बस्ती साईं मंदिर में, होयर शिव मंदिर में, होयर पानी टंकी के पास, होयर जतरा स्थल परिसर में, करंजतोरा बस्ती, सामुदायिक भवन चूरी बस्ती में, चदराधौडा में एवं नाला निर्माण, खेल मैदान चूरी बस्ती और होयर बस्ती में बनाने एवं स्वास्थ्य चिकित्सा शिविर चूरी होयर बस्ती में लगाने एव पीसीसी रोड, स्कूल बस सुविधा, चेक डैम निर्माण कराने की मांग पर चर्चा की गई। सभी मांगो पर प्रबंधन ने सकारात्मक पहल करने एवं एरियास्तर के मामले को एरिया अग्रसारित करने पर बात हुई। बैठक में प्रबंधन की ओर से परियोजना पदाधिकारी जे अब्राहम एवं मोर्चा की ओर से एरिया अध्यक्ष बिगन सिंह भोगता, नरेश गंझू, जगरनाथ महतो, जालिम सिंह, रामलखन गंझू, अमृत भोगता, विनय खलखो, सुनील यादव, श्याम जी महतो, दामोदर गंझू, भोला यादव, बीरेंद्र यादव, संजय यादव, भुनेष्वर यादव, अनिल यादव, कैलाश महतो, रविन्द्र यादव, प्रभाकर गंझू, शंकर यादव शामिल थे।

## चंदन के परिजनों को आर्थिक मदद देकर किया प्रोत्साहित

**खलारी (आजाद सिपाही)।** झामुमो खलारी द्वारा इंटरनेशनल दिव्यांग थ्रो बॉलिंग में महावीर नगर के चयनित चंदन कुमार के परिजनों को मंगलवार को आर्थिक मदद देकर प्रोत्साहित किया गया। साथ ही झामुमो प्रखंड अध्यक्ष अनिल



पासवान ने भरोसा दिलाया कि आगे भी उनके खेल में आर्थिक बाधा ना बने, जिसका हर संभव प्रयास किया जाएगा। उन्होंने बताया कि चंदन को इंटरनेशनल दिव्यांग थ्रो बॉलिंग में चयनित होने से खलारी प्रखंड का नाम पूरे देश और दुनिया में विख्यात हुआ है। सहयोग करने में झामुमो प्रखंड उपाध्यक्ष राजेश प्रसाद, संयुक्त सचिव राजकुमार गंझू का नाम शामिल है।

### पिपरवार एरिया ने 45 दिन पूर्व हासिल किया कोयला उत्पादन का लक्ष्य

# अशोक परियोजना ने 9 मिलियन टन कोयला उत्पादन कर बनाया नया कीर्तिमान

आजाद सिपाही संवाददाता

**पिपरवार।** कोल इंडिया में अपनी एक अलग पहचान बना चुके और सीसीएल की रीढ़ माने जाने वाले पिपरवार एरिया ने चालु वित्तिय वर्ष 2022-23 मे निर्धारित समय से पूर्व कोयला उत्पादन का लक्ष्य प्राप्त कर नया कीर्तिमान स्थापित किया है। पिपरवार एरिया को दिए गये 9 मिलियन टन कोयला उत्पादन का लक्ष्य निर्धारित समय से करीब 45 दिन पूर्व प्राप्त कर इतिहास रच दिया है। पिपरवार एरिया के इस बेहतर प्रदर्शन पर कंपनी के डायरेक्टर ने एक बार पुनः पिपरवार पर भरोसा करते हुए आने वाले 45 दिनों में डेढ़



मिलियन टन कोयला उत्पादन करने का एक और लक्ष्य दिया गया है। समय से पूर्व कोयला उत्पादन का लक्ष्य प्राप्त करने के खुशी में बुधवार को अशोक परियोजना कार्यालय में सभी अधिकारियों और कर्मचारियों के बीच मिठाई बांटी गई। निर्धारित लक्ष्य प्राप्त करने की खुशी में पिपरवार क्षेत्र के महाप्रबंधक सीबी सहाय एवं अशोक परियोजना पदाधिकारी संजय कुमार ने सभी अधिकारियों, कोल कर्मियों, युनियन प्रतिनिधियों के साथ स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग की सराहना करते हुए उन्हें बधाई दी है। उन्होंने इसका सारा श्रेय अपने अधिकारियों एवं कर्मियों को देते हुए कहा कि हमारी पुरी टीम की कर्मठता एवं परिश्रम का परिणाम है कि हमलोगों ने समय से पुर्व ही अपना निर्धारित लक्ष्य प्राप्त कर लिया है।

### कोयला उत्पादन लक्ष्य को समय से पहले पूरा कर लिया

उन्होंने बताया कि मुख्यालय द्वारा दिये गये अतिरिक्त लक्ष्य को भी हम प्राप्त कर परियोजना की गरिमा में चार चांद लगाने का काम करेंगे। परियोजना पदाधिकारी संजय कुमार ने बताया कि क्षेत्र के सभी अधिकारी कर्मचारी की मेहनत और विस्थापित ग्रामीण एवं श्रमिक प्रतिनिधियों के सहयोग से कोयला उत्पादन लक्ष्य को समय से पहले पूरा कर लिया गया है। उन्होंने कहा कि पिपरवार एरिया पूरे कोल इंडिया में कोयला उत्पादन के लिए जाना जाता है और अपने पुराने रिकॉर्ड को कायम रखते हुए इस वर्ष भी बेहतर उत्पादन कर कोल इंडिया में सीसीएल का नाम रोशन किया है। उन्होंने आगे भी इस तरह के बेहतर प्रदर्शन जारी रखने की बात कही। इधर समय से पूर्व कोयला उत्पादन का लक्ष्य प्राप्त करने के लिए जनता मजदूर संघ के सचिव सह सीसीएल सेफ्टी बोर्ड के सदस्य रविंद्रनाथ सिंह और सीटू के सीसीएल सचिव इस्लाम अंसारी ने सभी कोयला कामगार सहित अधिकारियों को बधाई दी है।

## प्रसिद्ध सतीघाट टुसू मेला का घुरती मेला उल्लास के साथ संपन्न



**सोनाहातू (आजाद सिपाही)।** पांच परगना का प्रसिद्ध सतिघाट टुसु मेला का घूरती मेला बुधवार को उल्लास के साथ सम्पन्न हुआ। मेले को लेकर लोगों में काफी उत्साह रहा। मेले में हजारों की संख्या में लोगों की भीड़ उमड़ी। मेले में वक्ताओं ने कहा कि हमें अपनी लोक सांस्कृतिक विरासत को बचाने की जरूरत है। मेला से हमें आपसी तालमेल को मजबूत बनाने का संदेश देता है। हमें अपनी सांस्कृतिक और परंपरा की रक्षा स्वंय करनी होगी। सतीघाट मेला स्वाभिमान से जुड़ा है हमें अपनी स्वाभिमान की रक्षा करनी है। मेला में लोग चौड़ल के साथ नाचते गाते हुए आये। वहीं कई महिला मंडली के दल टुसू गीत गाते हुए मेला परिसर पहुंचे एवं स्वर्णरेखा नदी में टुसू को विसर्जित किया। बच्चों ने मेले परिसर में लगे झूले, मौत का कुआं आदि का आनंद लिया। पंचायत के मुखिया सुभद्रा देवी, मेला समिति के अध्यक्ष सत्यनारायण सिंह मुंडा, अशोक महतो, गौतम सिंह देव, माधव सिंह मुंडा, महानंद पुराण, विरिंचि पुराण, जयप्रकाश सिंह मुंडा, कृष्ण सिंह मुंडा, आंनद यादव, राजेश्वर कोइरी आदि का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## बजट पर चर्चा कार्यक्रम का आयोजन

**बुंडू (आजाद सिपाही)।** बुंडू के अमानत अली इंटर कॉलेज में बजट पे चर्चा कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम संचालन भाजपा, रांची जिला ग्रामीण, युवा मोर्चा के अध्यक्ष विवेक आनंद जायसवाल के द्वारा किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सह मुख्य वक्ता भाजपा रांची ग्रामीण जिला के संगठन प्रभारी विनोद सिंह ने विस्तार से बजट के बारे में छात्रों को बताया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता अमानत अली इंटर कॉलेज के प्राचार्य अली अल अराफात ने किया। विनोद सिंह ने कहा कि, इस बार का बजट छात्रों, किसानों, व्यापारियों के हित में किया गया, जनजातीय विभाग द्वारा भी इस क्षेत्र के विकास के लिए एकलव्य आवासीय विद्यालय खोले जायेंगे, इन्होंने कॉलेज एवं हाई स्कूल के छात्र छात्राओं को शिक्षा को आगे बढाने की बाते कही। कॉलेज के प्राचार्य ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि नरेंद्र मोदी परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम किए जिसका छात्रों पर बहुत सकारात्मक प्रभाव पड़ा,ऐसे कार्यक्रमों से छात्रों को सरकार द्वारा चल रही योजनाओं के बारे में पता चलता है,कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन भाजपा बुंडू नगर मंडल अध्यक्ष आलोक दास ने किया। कार्यक्रम में कॉलेज के अध्यापक मयंक मिश्रा, श्वेता जायसवाल, विकास शर्मा सहित कॉलेज के कर्मचारी और छात्र-छात्रायें सैकड़ों की संख्या में शामिल हुई।

## सड़क सुरक्षा दिवस को लेकर अभियान चलाया

**बुंडू (आजाद सिपाही)।** बुंडू थाना क्षेत्र के एदेलहातु टोल प्लाजा के निकट सड़क सुरक्षा दिवस को लेकर अभियान चलाया गया। जिसमें विशेष रूप से दो पहिए वाहन चलाने वालों को हेलमेट पहनने की हिदायत दी गई। बुंडू थाना प्रभारी पंकज भूषण ने कहा कि यह अभियान बुंडू टाउन में भी चलाया जायेगा।

## पिछड़ा वैश्य मोर्चा की बैठक आयोजित



**तमाड़ (आजाद सिपाही)।** पिछड़ा वैश्य मोर्चा की बैठक आज तमाड़ के डोडेया में उपेन साहू के विवाह हॉल में हुई। बैठक की अध्यक्षता मथुरा प्रसाद साहू ने किया इस अवसर पर पांच परगना क्षेत्र के वैश्य समाज के प्रमुख लोग मुख्य रूप से उपस्थित हुए बैठक में संगठन की मजबूती के साथ साथ सामाजिक कार्यों में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने का निर्णय लिया गया। यह बैठक समाज के हित में कार्य करेंगी। इसके लिए समाज के लोगों को एकजुट करने का निर्णय लिया गया। संघ का सम्मेलन 26 फरवरी को होली मिलन समारोह के साथ होगी। यह संगठन पूर्णरूपेण वैश्य समाज से जुड़े लगभग 10 जातियों का प्रतिनिधित्व करेगी 26 फरवरी को आपसी मिलन के साथ बन भोज का आयोजन किया गया है 26 तारीख को ही पिछड़ा वर्ग मोर्चा का नामांकरण किया जायेगा। आज की बैठक में मुख्य रूप से अरुण कश्यप, राजेंद्र साहू, कीस्टो साहू प्रदीप साहू, अनिल साहू, पिंकू गुप्ता, जगदीश गुप्ता, रमेश भगत, विकी गुप्ता, प्रेम गुप्ता, सत्यनारायण साहू, संटू साहू, प्रयाग लाल साहू, दीपक साहू, सुरेंद्र साहू, राजकुमार साहू, उदय साहू, जयंत साहू, मंटू साहू, मंजय साहू, विनेश साहू, बलिभद्र साहू, किशोरी साहू समेत सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## पेयजल टंकी और डीप बोरिंग कार्य का किया शिलान्यास

**तमाड़ (आजाद सिपाही)।** तमाड़ प्रखंड अन्तर्गत जानुमपीड़ी में केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना जल जीवन मिशन के तहत हर घर शुद्ध पेयजल पहुंचाने के उद्देश्य से पेयजल टंकी एवं डीप बोरिंग कार्य का शिलान्यास भूमि पूजन एवं नारियल फोड़ कर सांसद प्रतिनिधि लक्ष्मण सिंह मुंडा, ग्राम प्रधान मानकी उमाकांत सिंह, पंचायत सदस्य रामेश्वर मांझी के कर कमलों द्वारा किया गया। यह कार्य रोहण राज इंटरप्राइजेज के संवेदक राजकुमार द्वारा किया जाना है। इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि लक्ष्मण सिंह मुंडा ने कहा कि कार्य पूरी तरह गुणवत्ता पूर्ण और आम जनों के उपयोग वाला होना चाहिए। भारत सरकार द्वारा कई कार्य जनहित में हो रहा है। हर घर में शुद्ध पेयजल पहुंचे भारत सरकार का यह भी एक उद्देश्य है इसी निमित्त कार्यों को करना।

## सीआइएसएफ ने अवैध कोयला लदा पिकअप वैन जब्त कर खलारी पुलिस को सौंपा

**खलारी (आजाद सिपाही)।** खलारी थाना अन्तर्गत नयाधौड़ा बस्ती के समीप से सीआइएसएफ के इंस्पेक्टर एमके चौधरी ने छापामारी कर सीसीएल का 25 क्विंटल कच्चा कोयला सहित पिकअप वैन जेएच 01 डीटी-3943 को जब्त कर लिया। इस संबंध में सीआईएसएफ द्वारा लिखित दी गई जानकारी के अनुसार मंगलवार की रात 11 बजे सीसीएल के लगभग 25 क्वींटल कोयले को अवैध रूप से तस्करी करने के लिये 50 बोरे में भरकर पिकअप वैन में लादा जा रहा था। इसीक्रम में सीआईएसएफ के जवानों ने इंस्पेक्टर एमके चैधरी के नेतृत्व में उक्त पिकअप वैन को पकड़कर खलारी थाना के एएसआई गंगा प्रसाद की उपस्थिति में पुलिस को सौंप दिया। साथ ही 15 फरवरी को एक मामला थाना काण्ड संख्या 15/2023 के तहत धारा 414/34 भदवि एवं कोल माईंस एक्ट दर्ज कराया गया।

आजाद सिपाही
रांची, गुरुवार, 16 फरवरी, 2023
www.azadsipahi.in
09

# इटकी में मौसीबाड़ी भूमि विवाद के समाधान को लेकर बंद का असर



**सरना सनातन संगठन के लोगों ने कहा- अविलंब समाधान नहीं होने पर होगा उग्र आंदोलन**

आजाद सिपाही संवाददाता

**इटकी।** मौसीबाड़ी भूमि विवाद का समाधान प्रशासन द्वारा नहीं किये जाने के विरोध में बुधवार को इटकी में एक वर्ग विशेष की दुकानें व प्रतिष्ठान स्वतः बंद रहे। साप्ताहिक बुधवार हाट पर भी इस बंदी का व्यापक असर रहा। बंद का आह्वान सरना सनातन के सदस्यों द्वारा किया गया था। बंद के कारण इटकी-रांची मार्ग पर यात्री बसों सहित अन्य वाहनों का आवागमन कम रहा। कई निजी स्कूल बंद रहे। सरकारी विद्यालयों में भी उपस्थिति कम रही। खुदरा सब्जी बाजार पूर्णतः सुबह से ही बंद रहे। इक्के दुक्के लोगों ने अपनी दुकान लगा रखी थी। बंद के दौरान सनातन धर्मावलंबियों द्वारा सीओ को पुनः ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में मौसीबाड़ी की भूमि पर किये गये अतिक्रमण को मुक्त कराते हुए इसे सुरक्षित करने, सार्वजनिक स्थल पर प्रतिबंधित मांस की बिक्री पर रोक लगाने व इटकी बाजार को अतिक्रमण मुक्त करने की मांग की गयी है। इन मांगों से उच्च अधिकारियों को भी अवगत कराने का आग्रह किया गया है।

ज्ञात हो कि उक्त स्थल पर कुछ दिनों बाद रामनवमी जैसे महत्वपूर्ण पर्व का जुलूस व खेलकूद का आयोजन किया जाता है। बंद समर्थक प्रतिनिधियों द्वारा ज्ञापन सौंपने के बाद मंदिर परिसर में प्रेस कॉन्फ्रेंस में उन्होंने यह बताया कि अविलंब समाधान नहीं होने पर उग्र आंदोलन किया जाएगा।

# एसएसपी कप फुटबॉल एवं सड़क जागरूकता अभियान को लेकर मैराथन दौड़ को विधायक ने किया रवाना




**चान्हो (आजाद सिपाही)।** सामुदायिक पुलिसिंग योजना के तहत होने वाले एसएसपी कप फुटबॉल प्रतियोगिता एवं सड़क जागरूकता अभियान के मैराथन दौड़ को थाना के समीप से विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने बुधवार को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। चान्हो थाना से लेकर बीजूपाड़ा तक सभी ने पैदल यात्रा की। 16 से 20 फरवरी तक चलने वाले सामुदायिक पुलिसिंग के तहत एसएसपी कप फुटबॉल प्रतियोगिता का विधिवत उद्घाटन 16 तारीख को विधायक शिल्पी नेहा तिर्की लुंडरी मैदान में करेगी। यह प्रतियोगिता 16 से 20 तारीख तक चलेगा। 20 फरवरी को फाइनल मैच खेला जाएगा। जिसके मुख्य अतिथि वरीय पुलिस अधीक्षक कौशल किशोर होंगे। इसमें कुल 16 टीमें भाग ले रही है। सभी टीमें चान्हो प्रखंड क्षेत्र के हैं। मौके पर थाना प्रभारी के साथ सभी पुलिसकर्मी आसपास के छात्र एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया हिस्सा लिया। इसमें मुख्य रूप से इमरान खान, इरशाद खान, इश्तियाक, ऐनुल अंसारी, अब्दुल्ला अंसारी, जुल्फिकार अली, समेत अन्य लोग मौजूद थे।

# 24 फरवरी को महायज्ञ एवं शिव दरबार प्राण प्रतिष्ठा को लेकर कमेटी का गठन



**पिस्कानगड़ी (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के टुंडुल गांव स्थित शिव मंदिर मंडा टांड़ में श्री श्री रूद्र महायज्ञ सह शिव दरबार प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर टुण्डुल, डोरिया टोली, मठटोली, होटवासी शिव मंदिर मोहल्ला, मंडा टांड़ के ग्रामीणों की बैठक की युवा समाजसेवी कमलेश ओहदार की अध्यक्षता में की गई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि आगामी 24 फरवरी को श्री श्री रूद्र महायज्ञ एवं शिव दरबार प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन किए जाएगा। इसके संचालन के लिए स्वर समिति से एक संचालन समिति का गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष के रूप में कमलेश ओहदार, कार्यकारी अध्यक्ष महावीर नायक, महासचिव अनिल मुंडा और कोषाध्यक्ष के रूप में सुजीत महतो का चयन किया गया। इस संबंध में मंदिर समिति के सदस्यों ने बताया कि आगामी 20 फरवरी को सैकड़ों सरना सनातन धमार्लंबियों की उपस्थिति में झंडा गड़ी कार्यक्रम किया जाएगा और पांच दिन के बाद 24 फरवरी को मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा का भव्य आयोजन का किया जाएगा। मौके पर शीतल ओहदार, नवीन महतो, राजू महतो, सचिन महतो, रविंद्र महतो, अनिल महतो, लोकेश महतो, देवेंद्र महतो, निरंजन महतो, पवन प्रमाणिक, मोतीलाल ओहदार, विवेक प्रमाणिक, भूषण महतो, अनिल महतो, गुप्ता नायक, विशाल महतो सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

# मुखिया संघ ने सभी विभाग के अधिकारियों-कर्मियों के साथ जनप्रतिनिधियों की बैठक कराने की मांग की



**लापुंग (आजाद सिपाही)।** ककरिया पंचायत सचिवालय में मुखिया संघ की बैठक अलका तिर्की की अध्यक्षता में की गयी। बैठक के दौरान विचार किया गया कि पंचायत के जन प्रतिनिधियों की बैठक प्रखंड विकास पदाधिकारी व प्रखंड प्रमुख विभागवार करायें, जिससे हम सभी विभागों के अधिकारियों कर्मियों को जान सकें। वहीं नाराजगी जाहिर करते हुए कहा गया कि आज हमें प्रखंड मुख्यालय व बैंकों में आम ग्रामीणों की तरह कार्य कराना पड़ता है। बैंक कर्मी व प्रखंड कर्मी हमें एक जनप्रतिनिधि की तरह मान सम्मान दें। साथ ही बिचौलिया प्रथा समाप्त हो और जनप्रतिनिधियों के माध्यम से पंचायत का कार्य हो। जिससे पंचायत का विकास अच्छी तरह हो पाये। बैठक में विभिन्न पंचायत के मुखिया व प्रतिनिधियों ने अपने पंचायत की समस्याओं से अवगत कराया। मौके पर मुखिया मालती रानी केरकेट्टा, दुर्गा उरांव, बिरसमनी देवी, सविता उरांव, सरोज मुंडा, धुचला मुंडा, सुमिला मिंज, उप प्रमुख विश्वनाथ मुंडा, समाजसेवी सुजीत तिर्की, शिवकुमार सिंह समेत कई लोग मौजूद रहे।

**कार्यक्रम :** गेतलसूद सरस्वती विद्या मंदिर के दशम वर्ग के विद्यार्थियों को दी गयी विदाई

# जीवन में ज्ञान का महत्व सर्वोपरि है : शांति मुंडा

**विद्यालय परिसर में साइंस लैब का हुआ उदघाटन**

आजाद सिपाही संवाददाता



**अनगड़ा।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर गेतलसूद में बुधवार को आयोजित एक समारोह में दसवीं कक्षा के भैया-बहनों को विदाई दी गयी। कार्यक्रम का शुभारंभ एसके अग्रवाल, एके कर्ण, प्रमुख दीपा उरांव, मुखिया शांति मुण्डा, विजय चैधरी, आलोक जैन, शिवाजी सिंह, अजय नंदन, शिवेन्द्र लाल प्रमाणिक एवं सरोज देवी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम मे कक्षा नवम के छात्र-छात्राओं ने स्वागत गीत गाये तथा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये।

इस अवसर पर दसवीं के भैया-बहनों नें स्कूल मे बिताये अपने खट्टे-मीठे अनुभवों को साझा करते हुए हंसी-ठिठोली के पल को याद किया। मौके पर मुखिया शांति मुण्डा ने कहा कि कि जीवन में ज्ञान का महत्व सर्वोपरि है। अंक उतना मायने नहीं रखता जितना कि ज्ञान रखता है। उन्होंने अभिभावकों से कहा कि समय के साथ माहौल बदल रहा है, आप बच्चों पर दबाव नहीं डालें बल्कि प्यार से उन्हें आगे बढ़ने का हौसला देते रहें। सभी ने बच्चों को आगामी परीक्षा के लिए सर्वश्रेष्ठ करने के लिए शुभकामनाएं दी।

साइंस लैब का हुआ उदघाटनः- इससे पूर्व विद्यालय परिसर मे साइंस लैब का उदघाटन एसके अग्रवाल, विजय चैधरी, मुखिया शांति मुण्डा, आलोक जैन, शिवाजी सिंह, शिवेन्द्र लाल प्रमाणिक और प्राचार्य सेवाराम महतो ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया।

सेवाराम महतो ने साइंस लैब की उपयोगिता बताते हुए कहा कि आवश्यक शिक्षण सामग्री रहने से बच्चों को प्रायोगिक शिक्षा बेहतर तरीके से मिलती है। कहा कि विद्यालय बच्चों को गुणवतापूर्ण व समग्र शिक्षा देने के प्रति कटिबद्ध है। मौके पर गौरीशंकर सिंह मुण्डा, भोला महतो, जितेन्द्र उरांव, आचार्य वीरेन्द्र कुमार, रामचंद्र महतो, विक्रम बैठा, प्रीति कुमारी, शिवशंकर महतो, रामचंद्र महतो, रंजीत कुमार सहित अन्य उपस्थित थे।

# पैका गांव में जोड़ा पुल टुसू मेला का किया गया भव्य आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता



**अनगड़ा।** प्रखंड के पैका गांव में बुधवार को जोड़ा पुल टुसू मेला का भव्य आयोजन किया गया। इस मेला में आसपास व दूरदराज से हजारों की संख्या में लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। मेला में टुसू झांकी के साथ बड़ी संख्या में महिला-पुरूष और बच्चे नाचते-गाते हुए शामिल हुए। इससे पहले पूर्व सांसद रामटहल चौधरी, आजसू नेता प्रकाश लकड़ा, रणधीर चौधरी, जयप्रकाश महतो एवं मनेश महतो ने संयुक्त रूप से फीता काटकर मेला का शुभारंभ किया।

इस अवसर पर इग्नेश व अजय देवघरिया ग्रुप द्वारा रंगारंग नागपुरिया गीत-संगीत का कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक राजेश कच्छप थे। कार्यक्रम का संचालन मेला आयोजन समिति के मुख्य संयोजक व युवा कांग्रेस नेता जितेन्द्र कुमार महतो ने किया। मौके पर विधायक राजेश कच्छप ने कहा कि मेला हमारी सभ्यता, संस्कृति और पहचान से जुड़ा है। यह हमारे बिरासत की धरोहर है, जिसे बरकरार रखने की आवश्यकता है। पूर्व सांसद रामटहल चौधरी ने कहा कि मेला संस्कृति समाजिक समरस्ता का बढ़ावा देती है। प्रकाश लकड़ा ने कहा कि मेला हमें एक-दूसरे के साथ मिल-जुलकर रहने का संदेश देता है। रणधीर चौधरी ने कहा कि मेला में उमड़ी भीड़ यह दर्शाता है कि हम अपनी संस्कृति के प्रति कितने सजग हैं। बाद में उत्कृष्ट टुसू झांकी को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में आयोजन समिति के जितेन्द्र महतो, दसवा उरांव, प्रदीप महतो, लक्ष्मण महतो, जयराम महतो, क्रिस्टीना तिर्की आदि का योगदान रहा।

# महिला सेना को भगवा साड़ी देंगे : जय सिंह यादव

**रामनवमी की तैयारी को लेकर महावीर मंडल नामकुम की बैठक आयोजित**

**मनोज कुमार सिंह बने महावीर मंडल केंद्रीय समिति नामकुम के अध्यक्ष**

आजाद सिपाही संवाददाता





**नामकुम।** रामनवमी मेला अखाड़ा स्थल नामकुम बाजार प्रांगण में बुधवार को श्री महावीर मंडल केंद्रीय समिति नामकुम की बैठक बरगावां मुखिया अनीता तिर्की की अध्यक्षता में हुई। संचालन महावीर मंडल अध्यक्ष मनोज कुमार सिंह ने किया। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित केंद्रीय महावीर मंडल अध्यक्ष जय सिंह यादव ने कहा कि जो भी जरूरत मंडल को चाहिये उसे केंद्रीय समिति पूरा करेगी। उन्होंने महिला सेना को भगवा साड़ी देने का भी आश्वासन दिया। वहीं, मनोज कुमार सिंह को महावीर मंडल केंद्रीय समिति नामकुम का अध्यक्ष मनोनित किया। साथ ही गत वर्ष की समिति को पुनः नवीकरण का निर्णय सर्वसम्मति से लिया जिसका सभी ने समर्थन किया। बैठक में उपस्थित सभी लोगों ने रामनवमी भव्य रूप से मनाने और पानी, विद्युत, साफ-सफाई हेतु संबंधित विभागों को पत्र देने का निर्णय लिया गया।

बैठक को मंत्री केंद्रीय समिति दीपक ओझा, सागर कुमार, हिंदू महासभा के प्रदेश अध्यक्ष राजकुमार साहू उर्फ बबलू टाइगर, मुखिया अनीता तिर्की, अनिल वर्मा, प्रभु दयाल बड़ाईक, बिरसा पाहन, शारदा देवी ने भी संबोधित किया।

कार्यक्रम के अंत में महावीर मंडल के पूर्व अध्यक्ष विद्यानंद सिंह एवं बरगावां पंचायत से पंसस सह सदस्य रहे कंचन सिंह के आकस्मिक निधन पर दो मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि दी। धन्यवाद ज्ञापन बिक्कू सिंह राजा साहब ने किया।

बैठक में अनिल वर्मा, प्रमोद एक्का, शंकर गोप, रिंकू राय, मंटू राय, प्रभुदयाल बड़ाईक, बिरसा पाहन, रुपा चौहान, बबलू सिंह, चंद्रशेखर शर्मा, इंदु देवी, गोल्डी सिन्हा, शंकर पांडेय, विमल सिन्हा, पूनम देवी, संपत कुमार, प्रदीप राम, महावीर नायक, राधा देवी के साथ सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

**खेलकूद :** बेड़ो में पांच दिवसीय एसएसपी कप फुटबॉल प्रतियोगिता शुरू

# खेल को खेल की भावना से खेलें व सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करें : विधायक

आजाद सिपाही संवाददाता



**बेड़ो।** महादानी मैदान में सामुदायिक पुलिसिंग के तहत रांची पुलिस के तत्वावधान में बुधवार को पांच दिवसीय प्रखंड स्तरीय एसएसपी फुटबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। जिसका उद्घाटन विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर व फुटबॉल को किक मारकर किया। वहीं उद्घाटन मैच हरिहरपुर जामटोली बनाम केशा पंचायत के बीच खेला गया। जिसमें दोनों ही टीमें बेहतर खेल का प्रदर्शन करते हुए बराबरी पर रहीं। जहां पेनल्टी शूटआउट में जामटोली की टीम ने 3-1 से मैच जीत लिया। मौके पर विधायक ने कहा कि यह प्रतियोगिता पुलिस पब्लिक के बीच आपसी सद्भावना स्थापित करने के लिए आयोजित की गई है। आप लोग खेल को खेल की भावना से खेलें और मन में किसी भी प्रकार का द्वेष ना रखें। उन्होंने कहा कि शिक्षा तथा खेल समाज और गांव को आगे ले जाता है, इसलिए शिक्षा तथा खेल के महत्व को समझते हुए अपने बच्चों को इस क्षेत्र में आगे बढ़ाने का काम करें। उन्होंने ने छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों को सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया। वहीं डीएसपी रजत मणिक बाखला ने कहा युवा अपने व्यक्तिगत, पारिवारिक व सामाजिक कार्यों से बचे समय का उपयोग खेल व सकारात्मक कार्यों में लगायें। खेल के माध्यम से वह अपना भविष्य बेहतर कर सकते हैं। उन्होंने सड़क सुरक्षा के लिए बताया कि हमें कभी भी नशे की हालत में वाहन नहीं चलाना चाहिए, वाहन चलाते समय कभी भी फोन पर बात नहीं करनी चाहिए। बाइक चलाते समय हेलमेट तथा गाड़ी चलाते समय सीट बेल्ट अवश्य लगाना चाहिए। हमें कभी भी बाइक पर दो से अधिक सवारी बैठाकर नहीं चलना चाहिए। हमें कभी भी गलत तरीके से ओवरटेक नहीं करना चाहिए। चौराहों पर लाल बत्ती का भी ध्यान रखना चाहिए तथा दाएं अथवा बाएं मुड़ते समय इंडिकेटर का प्रयोग करना चाहिए की जानकारी दी। इस अवसर पर सड़क सुरक्षा को लेकर जागरूकता रैली निकाली गयी। मौके पर बीडीओ डा. प्रवीण कुमार, सीओ सुमंत तिर्की, थाना प्रभारी मनीष कुमार गुप्ता, जिप सदस्य बेरोनिका एक्का, उपप्रमुख मोद्दसिर हक, प्रो. करमा उरांव, नवल किशोर सिंह, मो. शमशाद मौजूद थे। वहीं प्रतियोगिता को सफल बनाने में अनमोल टोप्पो, प्रकाश उरांव, अनिल एक्का, सुबोध कच्छप, शिवा मुंडा, विशाल तिर्की, फूलदेव कच्छप, रोहित उरांव, हिमांशु एक्का व छोटू टोप्पो आदि ने सराहनीय योगदान दिया।

## महत्वपूर्ण न्यूज

# वाइबीएन विश्वविद्यालय में नवगठित समिति की बैठक में कई मुद्दों पर की गयी चर्चा



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** वाईबीएन विश्वविद्यालय के मीटिंग हॉल में डीएसडब्लू डॉ अर्पणा शर्मा की अध्यक्षता में सांस्कृतिक, खेल, पुस्तकालय और छात्रवृत्ति समिति के नवगठित सदस्यों की पहली बैठक हुई। बैठक में कई मुद्दों पर चर्चा की गयी। जिसमें मुख्यतः एसएसी (छात्र गतिविधि केंद्र) पर चर्चा, वाईबीएन विश्वविद्यालय के वार्षिक खेलों, वाईबीएनयू /स्कूल/कॉलेजों के पुस्तकालय में छात्रों के लिये सुविधाओं पर चर्चा, छात्रों के लिये छात्रवृत्ति पर चर्चा अन्य विविध मुद्दे पर चर्चा की गयी। बैठक के बाद डॉ अर्पणा शर्मा ने सभी विषयों पर चर्चा की। कहा कि कुछ बातें सामने निकल कर आयी है। जिसके निष्पादन के लिये मैनेजमेंट से बात कर भविष्य में तुरंत उसका निष्पादन किया जायेगा। बैठक में डीएसडब्लू डॉ अर्पणा शर्मा, डॉ सुस्मिता महापात्रा, डॉ प्रीति कुमारी, ई मुक्ति सरकार, डॉ श्यामदेव गोंड, आर एन बिरंचि, संगीता गोप, निशा कुमारी, माधुरी घोष, सुमन किस्पोट्टा, अंजू कुमारी, धर्मेंद्र कुमार ठाकुर, सुमन कुमारी, जया मिंज, प्रदीप्ता नायक, अनिशा दत्ता, परमेश्वर महतो, शेरोन बुराह, सौरव कुमार, सुरुचि गुप्ता, राजकुमार कौशल मुख्य रूप से उपस्थित थे।

# नीरजा सहाय डीएवी में 'दीपोत्सव' मना कर 12वीं के विद्यार्थियों को दी गयी विदाई




**पिठोरिया (आजाद सिपाही)।** कांके स्थित नीरजा सहाय डीएवी में 'दीपोत्सव' मना। यह विदाई देने का मूल्य आधारित पारंपरिक एवं सांकेतिक तरीका है, उन सभी बारहवीं के अभ्यर्थियों को समाज की सम्पदा बनाकर अभिभावकों को उनके 12-14 वर्षों के निर्माण काल के बाद सुपुर्द करने का। समारोह के मुख्य अतिथि शशिकांत कुमार एसडीओ मानगो के कर कमलों द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर एसडीओ शुभम कुमार डिमना, प्राचार्य एनपी यादव आदि उपस्थित थे। मुख्य अतिथि ने अभिभावकों से बच्चों को बेहतर इंसान बनाने का सुझाव दिया। प्राचार्या किरण यादव ने उनके स्वर्णिम एवं उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए आशीर्वाद दिया।

# सवारी ऑटो में अचानक लगी आग भाग कर लोगों ने बचायी जान

**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के पुरना पानी मोड़ से लापुंग जाने वाली सड़क पर नेहालु पतराटोली मोड़ के समीप बुधवार की अपराह्न लगभग साढ़े चार बजे यात्रियों से भरी हुई। ऑटो में अचानक आग लग जाने से अफरा तफरी मच गई। वहीं ऑटो पर सवार यात्री और चालक बाल बाल बच गये। किसी तरह सभी ने भागकर अपनी जान बचायी। जिसके बाद ऑटो सड़क किनारे धू-धू कर जलता रहा। इस दौरान सड़क के दोनों तरफ ग्रामीणों की भीड़ लग गई। नेहालु पंचायत के मुखिया वीरेंद्र भगत ने बताया कि ऑटो बेड़ो से लापुंग जा रहा था। जहां पतराटोली मोड़ के समीप अचानक चलता ऑटो में आग लग गयी, जिससे ऑटो पर सवार यात्रियों में अफरा तफरी मच गई। हालांकि ऑटो के इंजन से धुआं निकलता देख चालक ने तुरंत ऑटो को सड़क किनारे कर रोक दिया और चालक सहित सभी बाहर आ गये। इसके बाद ऑटो का इंजन धू धू कर जलने लगा। सड़क पर ऑटो के जलने का वीडियो सामने आया है, जिसमें साफ तौर से दिखाई दे रहा है। किस तरीके से ऑटो में आग लगी हुई है।

# नवागढ़ मुखिया ने ओबर गांव में धुआं रहित चूल्हा का किया उद्घाटन

**सिकिदिरी (आजाद सिपाही)।** प्रस्तावित नवागढ़ आदर्श आदिवासी पंचायत के ओबर गांव में जहां शत प्रतिशत आदिवासी परिवार निवास करते हैं को आईसीआईसीआई फाउंडेशन ने कार्बन न्यूट्रल गांव बनाने की संकल्पना की है। विदित हो कि पिछले 31 जनवरी को 50 परिवारों के बीच उपरोक्त चूल्हा, सोलर पैनल एवं बैटरी का वितरण किया गया था, को आज मुखिया नवागढ़ भुवनेशवर बेदिया के द्वारा उद्घाटन किया गया। मौके पर आईसीआईसीआई फाउंडेशन के पंचायत फेस्लिटेटर विजय चौधरी, रामकृष्ण मिशन के प्रतिनिधि प्रदीप महतो, ललकु बेदिया, एतवा बेदिया के अलावा ग्रामीण उपस्थित थे।

# समाजसेवी शशिभूषण महतो के निधन पर शोक व्यक्त



**सिकिदिरी (आजाद सिपाही)।** सोसो गांव निवासी समाजसेवी शशिभूषण महतो (85) का निधन मंगलवार को अपने निवास स्थान सोसो में हो गया। जिनका अंतिम संस्कार आज बुधवार को स्वर्णरेखा नदी स्थित स्थानीय मुक्तिधाम में हुआ। विदित हो स्व. महतो पिछले दिनों से बीमार चल रहे थे। मंगलवार के दिन अचानक उनकी स्वास्थ्य की स्थिति बिगड़ गई और उनका देहांत हो गया। स्व. महतो अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गये हैं। उनके निधन पर मुखिया भुवनेशवर बेदिया, प्रदीप महतो, सुरेश कुमर महतो, लालसाय बेदिया, ग्रामप्रधान राजेन्द्र शाही मुण्डा आदि ने शोक व्यक्त किया है।

# सीएनटी की जमीन को जेनरल बना कर बेचे जाने की उच्चस्तरीय जांच हो : उमेश बड़ाइक



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** अंचल के बीसा मौजा में जमीन खरीद-फरोख्त में व्यापक रूप से धोखाधड़ी व फर्जीवाड़े का खेल वर्षों से चल रहा है। बीसा के ग्रामप्रधान उमेश बड़ाईक ने आरोप लगाया है कि भू-कारोबारियों द्वारा ग्रामप्रधान व मुखिया का फर्जी हस्ताक्षर मोहर लगाकर सैकड़ों एकड़ जमीन बेच दी गई। वहीं सीएनटी की जमीन को जेनरल बनाकर कई एकड़ जमीन की खरीद-फरोख्त कर ली गयी। वहीं इस जमीन का अंचल कार्यालय से नामांतरण भी हो गया। उन्होंने कहा कि भू-कारोबारियों द्वारा फिर से धोखाधड़ी कर तथा फर्जी दस्तावेज के आधार पर सीएनटी की जमीन को जेनरल बनाकर बिक्री करने की योजना बनायी जा रही है। इसके लिए ग्रामप्रधान और मुखिया का फर्जी हस्ताक्षर व मोहर लगाकर फर्जी वंशावली को सत्यापित कर जमीन रजिस्ट्री करने की साजिश की जा रही है। ग्रामप्रधान उमेश बड़ाईक ने भूराजस्व सचिव केके सोन, उपायुक्त रांची सहित अन्य संबंधित वरीय अधिकारियों को पत्र प्रेषित कर बीसा पंचायत में जमीन खरीद-फरोख्त में हो रहे फर्जीवाड़ा की उच्चस्तरीय जांच कराने की मांग की है।

# पांकी को बदनाम करने की साजिश, घटना की जांच हो, पत्थर कहां से आया : विधायक

आजाद सिपाही संवाददाता

**पांकी।** पांकी को बदनाम करने की साजिश रची गयी है। कुछ लोग हैं, जो पांकी को कभी शांत नहीं देखना चाहते हैं। यह बात बुधवार को विधायक डॉ शशिभूषण मेहता ने कही है। डॉ शशिभूषण बुधवार को पांकी हिंसा की सूचना मिलने के बाद स्थिति का जायजा लेने पहुंचे थे। इस दौरान विधायक ने पूरे इलाके का भ्रमण किया और लोगों से बातचीत कर शांत रहने की अपील की। विधायक ने कहा कि



पांकी हिंसा सोची समझी साजिश है। इस घटना की सख्ती से जांच हो, ताकि विवादित स्थल पर पत्थर कहां से आया था। इस मामले की उच्चस्तरीय जांच होनी चाहिए। जांच में जो भी दोषी मिले, उसपर कठोर कार्रवाई की जानी चाहिए। विधायक ने कहा कि हिंसा की घटना को अंजाम देने के लिए एक दिन पहले से पत्थर जमा किया जा रहा था. लेकिन सरकार के खुफिया तंत्र और पुलिस प्रशासन को इसकी जानकारी नहीं मिली। इससे जाहिर है कि खुफिया तंत्र विफल है। विधायक ने कहा कि इस घटना पर नजर बनाए हुए हैं और पूरे मामले में सरकार से उच्चस्तरीय जांच की मांग की हैं। उन्होंने कहा कि पांकी की घटना दुखद है। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि सभी लोग शांति बनाए रखें। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में हिंसा की कोई जगह नहीं है। लोग आपस में भाई भाई हैं, जिसे लोगों को समझने की जरूरत है।

# उपायुक्त आंजनेयुलू दोड्डे की अपील पांकीवासी बनाये रखे शांति

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** जिले के पांकी में हुए विवाद के बाद विधि-व्यवस्था अब नियंत्रण में है। जिला प्रशासन स्थिति पर पूरी तरह से निगाह रखे हुए है. घटनास्थल पर भारी संख्या में पुलिस बल की तैनात की गयी है। पुलिस के पदाधिकारी कैंप कर रहे हैं। पूरे क्षेत्र में धारा 144 लागू है साथ ही सोशल मीडिया पर भी कड़ी निगरानी रखी जा रही है। उपायुक्त आंजनेयुलू दोड्डे ने लोगों से अपील की है कि किसी भी तरह की अफवाहों पर ध्यान नहीं दें, किसी भी व्यक्ति के द्वारा सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाते पाये जाने पर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जायेगी।



### सोशल मीडिया पर लोग अफवाह नहीं फैलाये

पलामू आईजी ने लोगों से अपील की है कि सोशल मीडिया पर लोग अफवाह नहीं फैलाये। अफवाह फैलाने वालों पर पुलिस कड़ी नजर रखी हुई है। दूसरी ओर पुलिस के अधिकारी दोनों पक्षों को समझाने-बुझाने में लगे हैं। ताकि विवाद को खत्म कराया जा सके।

जिले के उपायुक्त श्री दोड्डे, पुलिस महानिरीक्षक पलामू राजकुमार लकड़ा,पुलिस अधीक्षक चंदन कुमार सिन्हा ने स्वयं स्थल पर कमान संभाल रखी है।

## स्वच्छ भारत मिशन को लेकर कार्यशाला का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद ।** स्वच्छ भारत मिशन अभियान (द्वितीय चरण) के ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन को लेकर प्रखंड स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन बुधवार को हुसैनाबाद प्रखंड कार्यालय के सभागार में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में प्रखंड कर्मी एवम स्थानीय प्रतिनिधि शामिल हुए। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रखंड प्रमुख राजकुमारी देवी,बीडीओ रतन कुमार सिंह,बीपीओ बिष्णु कांत दुबे,प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी राजू रंजन व मुखिया श्रवण राम,अमरेंद्र ठाकुर,नरेश पासवान,सरिता कुमारी,ममता देवी समेत कई स्थानीय प्रतिनिधि व सम्बंधित पदाधिकारी ने



दीपप्रज्वलित कर किया। कार्यशाला में स्थानीय प्रतिनिधि एवं स्वच्छता कर्मियों को गांव को संपूर्ण रूप से स्वच्छ बनाने के लिए सरकार के कार्यक्रम की जानकारी दी गई। इस अवसर पर बीडीओ ने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) फेज 2 के तहत सभी गांवों को स्वच्छ एवं समृद्ध बनाना है। सरकार द्वारा उद्देश्य की प्राप्ति के लिए व्यापक योजना तैयार की गई है। योजना क्रियान्वयन के लिए ग्राम पंचायत को अहम जिम्मेवारी दी गई है। उन्होंने प्रशिक्षण में कही गई बातों को अमल में लाकर सरकार के उद्देश्य को सफलतापूर्वक जमीन पर उतारने की अपील की। प्रखंड समन्वयक ने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन अभियान के दूसरे फेज में स्वच्छ गांव समृद्ध गांव बनाने का अभियान चलेगा। अभियान की सफलता के लिए वार्ड से लेकर प्रखंड तक की जिम्मेवारी तय की गई है। अभियान के तहत गांव को ठोस व तरल कचरा से मुक्त करना है। इसके लिए सरकार के स्तर से पंचायतों को आर्थिक व तकनीकी सहयोग दिया जाएगा।मौके पर पंचायत सचिव सूर्यदेव राम,वशिष्ठ तिवारी समेत कई पंचायत के मुखिया व प्रखंड कर्मी मौजूद थे।

### पलामू में जालसाजी के आरोपित को भेजा जेल

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** हुसैनाबाद थाना के देवरी कला निवासी संजय चौधरी के खिलाफ हुसैनाबाद बीडीओ ने डीडीसी का जाली हस्ताक्षर और मुहर का इस्तेमाल करने वाले संजय चौधरी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करा दी है। उन्होंने आवेदन में लिखा है कि संजय चौधरी ने डीडीसी का हस्ताक्षर और मुहर लगा पत्र उन्हे संजय चौधरी ने दिया था। शक होने पर उन्होंने पड़ताल की तो उनका शक सही निकला। बीडीओ को पत्र देकर वह घरों में स्टीकर लगा कर ग्रामीणों को ठगने की मनसा रखता है। सरकारी अधिकारी का जाली हस्ताक्षर और मुहर लगाकर जालसाजी करने के आरोपी संजय चौधरी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

## सरकार व्यवसायियों का शोषण बंद करे : महापौर

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** नगर निगम की महापौर अरुणा शंकर ने सरकार की नीतियों के खिलाफ बंद बाजार का भ्रमण करते हुए हेमंत सरकार पर हमला करते हुए कहां है की सरकार लोक कल्याणकारी सरकार बने केवल खतियान यात्रा से कुछ नहीं होगा। एक तरफ सरकार अपने आप को जन कल्याणकारी सरकार बताती दूसरी तरफ व्यवसायियों पर 2 प्रतिशत कृषि टैक्स लगाकर खाद्यान्न सामग्री को महंगा और इंस्पेक्टर राज्य लाना चाहती है। एक तरफ प्रधानमंत्री आवास जो बालू के अभाव में नहीं बन पा रहा जिसे कैंसिल किया जा रहा है। दूसरी तरह उन्हें आवास बनाने के लिए बालू तक सरकार उपलब्ध नहीं करा पा रही है साथी ही पूरे झारखंड का विकास कार्य बालू के अभाव में रुका पड़ा है। महापौर ने कहा मेदिनीनगर में पानी की समस्या बढ़ते जा रही है सारे



पाइपलाइन पुराने हो गए है जगह जगह पर पाईप फटा पड़ा है जिसे कई बार पीएचडी को निगम द्वारा पैसा देने के बाद भी पीएचडी काम नहीं करा पा रहा है। मात्र पैसे का बंदरबांट करता है। दूसरी तरफ सरकार घर घर शुद्ध जल की योजना का ढिंढोरा पीट रही है। दुर्भाग्य इस बात का है हमारे पीएचडी मिनिस्टर पलामू से हैं लेकिन दिया तले अंधेरा है। आज तक मंत्री जी पलामू प्रमंडल के मुख्यालय मेदिनीनगर शहरी जलापूर्ति योजना पर अपने विभागीय समीक्षा बैठक नहीं कर पाए फिर कौन सा विकास कर रहे है। महापौर ने कहा कि हेमंत सरकार मेदिनीनगर की मुख्य समस्या खास महल भूमि के दर को कम और सरलीकरण करने का आश्वासन तो देती है पर बैठक नहीं करती। सरकार करोड़ों खर्च कर राज्य में उद्योग लगाने के लिए इन्वेस्टर मीट करती है लेकिन पलामू जैसे खनिज संपदा से भरा 3 विकसित राज्य बिहार, उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़ से जुड़े प्रमंडल में औद्योगिक भूमि तक नहीं जहां उद्योग लग सके। महापौर ने मुख्यमंत्री से कहा है कि व्यवसायियों का शोषण बंद कर व्यवसायियों के हित में कार्य करें क्योंकि झारखंड का आर्थिक रीड व्यवसाई हैं जिससे सरकार चलती है।

## विद्या मंदिर जपला में मोटिवेशनल स्पीकर ने छात्र- छात्राओं को किया प्रेरित

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद ।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर जपला में मार्गदर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि मोटिवेशनल स्पीकर अंकुर अविनाश,प्रभारी प्रधानाचार्य अखिलेश विश्वकर्मा,डॉ शिवकुमार विश्वकर्मा, वरिष्ठ शिक्षक शशि कुमार ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती एवं भारत माता के चित्र पर दीप प्रज्वलन एवं पुष्पार्चन कर किया। मोटिवेशनल स्पीकर वर्तमान में जर्मनी में एयरोस्पेस इंजीनियर के पद पर कार्यरत हैं।इस कार्यक्रम में कक्षा-अष्टम से दशम तक के 227 छात्र- छात्राएं शामिल थे। प्रेरक वक्ता ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि अपना गोल प्राप्त करने के लिए पूरी तरह केंद्रित रहें। इसके लिए कुछ खास बिंदुओं पर ध्यान देने की जरूरत होती है।अपनी क्षमता को पहचान कर



अपने कैरियर के लिए खास गोल सेट करना होता है और गोल को प्राप्त करने के लिए सही दिशा में मेहनत करनी होती है।उन्होंने कहा कि सभी छात्र सफल होना चाहते हैं, लेकिन सच यह है कि सभी सफल नहीं हो पाते हैं। जब पढ़ने का वक्त है, आत्मविश्वास बढ़ाने का समय है, आवश्यक स्किल सीखने का समय है, तो उस समय का सदुपयोग उस काम के लिए करें। जो यह सबक नहीं समझेंगे, वे पीछे छूट जाएंगे। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से राजेश्वर सिंह यादव, रंजीत मिश्र, हरिमोहन पाठक, मीडिया प्रभारी अभिषेक पाठक, धर्मेंद्र कुमार, दीप्ति सिन्हा उपस्थित थें।

## चतरा सांसद सुनील सिंह गुजरात के सदस्यों को करेगें संबोधित

आजाद सिपाही संवाददाता

**चतरा।** सांसद सुनील कुमार सिंह संसदीय विषेषाधिकार एवं नैतिकता पर गुरूवार को देगें व्याख्यान। कार्यक्रम में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, गुजरात के राज्यपाल, मुख्यमंत्री विधानसभा अध्यक्ष एवं अन्य केन्द्रीय मंत्रीगण सहित गुजरात के सभी विधायक उपस्थित होंगे। लोकसभा सचिवालय की संसदीय अनुसंधान एवं प्रषिक्षण संस्थान द्वारा गुजरात विधानसभा में दो दिवसीय 15 एवं 16 फरवरी को कार्यक्रम में गुजरात के नवर्निवाचित विधायकों को कई विषयों का प्रषिक्षण प्रदान किया जायेगा। इस कार्यक्रम में 15 फरवरी को लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला जी मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करेगें तथा 16 फरवरी को सभापति विषेषाधिकार समिति सह चतरा सांसद सुनील कुमार सिंह संसदीय विषेषाधिकार एवं नैतिकता के विषय पर गुजरात विधानसभा में विधायकों को व्याख्यान देगें। इस कार्यक्रम को गुजरात के राज्यपाल देवव्रत आचार्य, गुजरात विधानसभा अध्यक्ष शंकरभाई चौधरी, गुजरात के मुख्यमंत्री भुपेन्द्रभाई पटेल, भारत सरकार के केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ. मनसुख मंडावडिया, जलषक्ति राज्य मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल, गुजरात के संसदीय कार्य मंत्री रिषीकेष पटेल, विधानसभा के उपाध्यक्ष जेठाभाई भारवड, सुषील कुमार मोदी राज्यसभा सांसद, लोकसभा सांसद राजेन्द्र अग्रवाल, डॉ. किरीट सोलंकी तथा सुनीता दुग्गल आदि अलग - अलग विषय पर दो दिन के कार्यक्रम में संबोधित करेगें। सांसद सुनील कुमार सिंह द्वारा गुजरात विधानसभा में विधायकों को संबोधित करने पर भाजपा जिला अध्यक्ष अशोक शर्मा, रामविलास सिंह, सांसद प्रतिनिधि राकेश झा, जिला उपाध्यक्ष सुजीत जयसवाल समेत कार्यकताओं ने बधाई दी हैं।

### मंत्री ने राजकीय ईटखोरी महोत्सव प्रचार रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**चतरा (आजाद सिपाही)।** 19, 20 एवं 21 फरवरी को आयोजित होनेवाले राजकीय ईटखोरी महोत्सव वृहद प्रचार-प्रसार को लेकर जिला जन सम्पर्क कार्यालय दो चलंत रथ को तैयार किया। समाहरणालय परिसर में बुधवार को श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग मंत्री सत्यानन्द भोक्ता, उपायुक्त अबु इमरान ने संयुक्त रूप से वाहन प्रचार रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। यह चंलत रथ जिले के सभी प्रखण्ड अन्तर्गत आने वाले पंचायतों, हाट बजारों, शहरी क्षेत्रों में घुम घुमकर महोत्सव का प्रचार-प्रसार करेगी। उक्त मौके पर उप विकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता, अपर समाहर्ता पवन कुमार मंडल, सांसद प्रतिनिधि निर्भय ठाकुर, जिला परिषद उपाध्यक्ष ब्रज किशोर तिवारी, विधायक प्रतिनिधि समेत जिला के पदाधिकारी उपस्थित थे।

## सत्यानंद भोक्ता ने 98 करोड़ के कई विकास योजनाओं का शिलान्यास व उद्घाटन किया

आजाद सिपाही संवाददाता

**चतरा।** समाहरणालय परिसर से श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग मंत्री सत्यानन्द भोक्ता ने जिले में 98,19,75,356 से संचालित योजनाओं का शिलान्यास एवं उद्घाटन किया गया। चतरा मुख्यालय स्थित बहुउद्देश्य भवन/इंडोर स्टेडियम का सौंदर्यीकरण एंव जीर्णोद्धार कार्य, परिसदन चतरा में जिम अधिष्ठापन, जलछाजन भवन (ताईक्वांडों सेंटर) में जिम अधिष्ठापन, प्रतापपुर एवं चतरा में आईटीआई भवन का प्रस्तावित निर्माण, चतरा जिला के पंचायत जांगी में भेड़ी फार्म में पर्यटकीय मूलभूत सुविधाएं, डीआरडीए परिसर में अवस्थित डीआरडीए हॉल का जीर्णोद्धार कार्य, स्वास्थ्य उपकेन्द्र राजपुर का निर्माण, स्वास्थ्य उपकेन्द्र चकला का निर्माण,



स्वास्थ्य उपकेन्द्र पथरा का निर्माण, स्वास्थ्य उपकेन्द्र सिन्दुआरी का निर्माण, स्वास्थ्य उपकेन्द्र बहेरा का निर्माण समेत जिले भर के अन्य क्षेत्रों में भी कई योजनाओं का शिलान्यास व उद्घाटन किया गया। उक्त मौके पर उप विकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता, सांसद प्रतिनिधि निर्भय ठाकुर, नगर परिषद अध्यक्ष, जिला परिषद उपाध्यक्ष ब्रज किशोर तिवारी, विधायक प्रतिनिधि समेत जिले के वरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

## पुलवामा हमले की चौथी बरसी पर पर्यावरणविद ने लखनऊ और अयोध्या में किया पौधरोपण

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पुलवामा हमले के चौथी बरसी पर इस बार यूपी के लखनऊ और अयोध्या में विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु व वन राखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल और वीपीएसए संस्था के प्रधान सचिव सह पंचायत डाली बाजार के मुखिया पूनम जायसवाल ने पुलवामा के शहीद वीर सपूतों एवं रामजन्मभूमि के कारसेवकों की आत्मा की शांति के लिए उनके नाम थाईलैंड का बारहमासी आम और परिजात का पौधा लगाकर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए नमन किया। उन्होंने संस्था के लोगों के साथ लखनऊ के अंबेडकर पार्क और अयोध्या के बाल्मीकि भवन, प्रमोद वन, बड़ी कुटिया हनुमानगढ़ी, महंत श्री



सत्यनारायण दास जी महाराज, बड़ा स्थान जानकी घाट के महंत 1008 रामदास जी महाराज के आश्रम में भी पौधरोपण कर उन्हें पलामू आने का न्योता दिया। वन राखी मूवमेंट के प्रणेता कौशल ने अपने संबोधन में कहां कि संत , सरोवर और तरुवर दूसरों को परोपकार के लिए ही पृथ्वी पर आते हैं। उन्होंने कहा कि संत दो प्रकार के होते हैं एक जो घर परिवार छोड़कर लोगों के परमार्थ के लिए काम करते हैं और दूसरा घर गृहस्थ आश्रम में भी रहकर जन कल्याण किया करते हैं । उन्होंने कहा जिनकी आत्मा महान होती है वही महात्मा होते हैं। वहां के संत महंतों ने श्री जायसवाल के पर्यावरण के क्षेत्र में धरती और ब्रह्मांड पर रहने वाले 84 लाख योनि जीवों की सुरक्षा के लिए किये जा रहे कार्यों के लिए साधुवाद देते हुए पलामू आने का निमंत्रण स्वीकार किया। कार्यक्रम में प्रमुख लोगों में श्री श्री 108अनूप प्रकाश दास, भोलू पांडेय, पूनम जायसवाल, सत्येंद्र प्रसाद, सुचित कुमार, अल्पना देवी, सूरज कुमार,अभिषेक कुमार, विकास कुमार, पूर्णिमा कुमारी संतोष कुमार आदि शामिल थे।

# स्पोर्ट्स




### यूएई के खिलाफ टी20 श्रृंखला के लिए मोहम्मद नबी अफगानी टीम से बाहर, जहीर-रहमत शाह शामिल

## टीम इंडिया ने रचा इतिहास, पहली बार क्रिकेट के तीनों फॉर्मेट में नंबर-1 टीम

**नई दिल्ली।** बुधवार का दिन भारतीय क्रिकेट टीम के लिए ऐतिहासिक रहा, क्योंकि टीम इंडिया क्रिकेट के तीनों फॉर्मेट में नंबर-1 टीम बन गयी है। इसे भारतीय क्रिकेट का अमृत काल ही कहा जा सकता है, क्योंकि भारतीय क्रिकेट के इतिहास में ऐसा कभी नहीं हुआ था, जहां टीम तीनों ही फॉर्मेट में नंबर-1 पर काबिज हो. सिर्फ टीम रैंकिंग ही नहीं बल्कि खिलाड़ियों की रैंकिंग में भी कई भारतीय खिलाड़ी शामिल हैं।

### टीम रैंकिंग में लहराया तिरंगा

15 फरवरी को जारी आईसीसी की ताजा रैंकिंग देखें तो टी-20, टेस्ट




और वनडे में भारतीय टीम नंबर-1 है। टीम इंडिया टी-20 और वनडे में पहले से ही नंबर वन थी, लेकिन ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट सीरीज शुरू होने से पहले टेस्ट रैंकिंग में नंबर-2 पर थी। नागपुर टेस्ट में पारी और 132 रनों से मिली जीत ने भारतीय टीम का फायदा किया और वह सीधा नंबर-1 पर पहुंच गयी।

### रोहित शर्मा के सिर क्रेडिट

टीम इंडिया इससे पहले भी कई बार तीनों फॉर्मेट में नंबर वन बनी है, लेकिन ऐसा कभी नहीं हुआ कि तीनों फॉर्मेट में एक ही साथ टॉप पर काबिज हो. अगर भारतीय टीम टेस्ट में नंबर-1 बनी रहती है, तो वह वर्ल्ड टेस्ट चैम्पियनशिप के फाइनल में भी पहुंच सकती है। रोहित शर्मा के कप्तान बनते ही टीम इंडिया के लिए यह शानदार मौका आया है। रोहित शर्मा अभी तीनों फॉर्मेट के रेगुलर कप्तान हैं, हालांकि टी-20 फॉर्मेट में वह अभी रेगुलर नहीं खेल रहे हैं और हार्दिक पंड्या ही कमान संभाल रहे हैं। ऐसे में मौजूदा वक्त में आईसीसी रैंकिंग में नंबर-1 बनाने का क्रेडिट भी इन दोनों कप्तानों की जोड़ी को जाता है।

### खिलाड़ियों का भी जलवा

अगर खिलाड़ियों की रैंकिंग की बात करें, तो क्रिकेट के तीनों फॉर्मेट में भारतीय टीम का कोई ना कोई खिलाड़ी किसी एक रैंकिंग में नंबर-1 जरूर है। टी-20 में सूर्यकुमार यादव टॉप बल्लेबाज हैं, वनडे में मोहम्मद सिराज टॉप गेंदबाज हैं और टेस्ट में रवींद्र जडेजा टॉप ऑलराउंडर हैं। इन तीन प्लेयर्स के टॉप पर रहने के अलावा भी कई ऐसे प्लेयर हैं, जो रैंकिंग में टॉप-10 में जगह बनाए हुए हैं।

## 10 वीं राष्ट्रीय रेस वॉक चैंपियनशिप संपन्न, बने 5 राष्ट्रीय रिकार्ड

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भारतीय एथलेटिक्स संघ, नई दिल्ली एवं झारखंड एथलेटिक्स संघ के संयुक्त तत्वावधान में मोरहाबादी में चल रही 10 वीं राष्ट्रीय रेस वॉक चैंपियनशिप बुधवार को संपन्न हुई। अंतिम दिन 35 किमी वर्ग रेस वॉक चैंपियनशिप में तीन खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय रिकार्ड बनाया। पुरुष वर्ग में उत्तर प्रदेश के रामबाबू ने 2 घंटा 31 मिनट और 36 सेकेंड के नये राष्ट्रीय रिकार्ड के साथ स्वर्ण पदक हासिल किया. वहीं हरियाणा के जुनैद ने 2 घंटा 36 मिनट और 04 सेकेंड के राष्ट्रीय रिकार्ड के साथ रजत पदक अपने नाम किया। 35 किमी महिला वर्ग में पंजाब की मंजू 2 घंटा 57 मिनट और 54 सेकेंड के नए राष्ट्रीय रिकार्ड के साथ स्वर्ण पदक जीतने में कामयाब रहीं।

### रांची में वॉक के लिए अनुकूल वातावरण

बता दें कि रांची में वॉक के लिए अनुकूल वातावरण के परिणाम स्वरूप दो दिनों में कुल 5 राष्ट्रीय रिकार्ड बने। पहले दिन आकाश दीप सिंह, सूरज पनवार ,प्रियंका गोस्वामी और दूसरे दिन रामबाबू, जुनैद एवं मंजू ने नए राष्ट्रीय विदेशी जज खु चोंग बैंग (मलेशिया), सान गोलेघर (आयरलैंड), हामिद (संयुक्त अरब अमीरात), द्रोणाचार्य पुरस्कार विजेता राधा कृष्ण नायर,एएफआई क्नवेनर सतीश को मेमेंटो प्रदान किया गया. इस अवसर पर झारखंड एथलेटिक्स संघ के अध्यक्ष सह भारतीय एथलेटिक्स संघ के कोषाध्यक्ष मधुकांत पाठक, सचिव सीडी सिंह, यू हरिदास, के ए जाय,दिनेश जायसवाल , उदय सिंह मुन्ना, डॉ प्रभात शंकर, एस के पाण्डे, प्रभाकर वर्मा , बिनोद कुमार,शशांक भूषण सिंह अनवर हुसैन समेत अन्य उपस्थित थे।

## मंडी टैक्स के विरोध में अनिश्चितकालीन बंदी

# व्यवसायियों ने बंद रखी दुकानें, जताया विरोध



आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** मंडी टैक्स के नाम पर राज्य सरकार द्वारा दो प्रतिशत कर लगाने के विरोध में बुधवार को जिला चैंबर ऑफ कॉमर्स के आह्वान पर बरवड्डा,झरिया, लोयाबाद चैंबर से जुड़े राशन दुकानदारो ने अपनी अपनी दुकानें बंद कर विरोध जताते हुए घोषित अनिश्चितकालीन बंदी का समर्थन किया। सुबह से ही बरवड्डा कृषि बाजार के व्यवसायियो ने अपनी दुकानें बंद रखी, सभी व्यवसायी समिति परिसर में एकजुट हो सरकार के फैसले का विरोध जताया। कहा की काले कानून लगाए जाने से व्यवसायियों को काफी नुकसान होगा।

### लोयाबाद के व्यवसायियों ने दुकान बंद कर जताया विरोध

लोयाबाद चैंबर ऑफ कॉमर्स के नेतृत्व में क्षेत्र के सभी दुकानदार सुबह आठ बजे लोयाबाद मोड़ पर जमा हुए और सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। चैंबर के अध्यक्ष राजकुमार महतो सचिव सुनील पांडे ने दुकानदारों को संबोधित करते हुए कहा कि दो प्रतिशत जो टैक्स लगाया गया तथा जो प्रावधान लाया गया है उससे दुकानदारों को कारोबार करने में दिक्कत तो होगी ही साथ ही साथ मंहगाई भी बढ जाएगी।कहा कि 2017- 18 में यह टैक्स 0.5प्रतिशत था। रघुवर सरकार ने भी 01 प्रतिशत कर दिया था जिसे फिर बाद में वापस ले लिया गया।कहा कि इस टैक्स को सरकार को वापस लेना पड़ेगा। जब तक वापस नहीं लिया जाता है तब तक दुकानें बंद रहेगी। मौके पर सुनील वर्णवाल, जितेंद्र वर्णवाल,अनिल वर्णवाल,कारु अंसारी,अनवर अंसारी, विजय मोदी, पिंटू केसरी,अज्जु सतनालिका, अरुण वर्णवाल, रविंद्र वर्णवाल कृष्णा वर्णवाल, जाहिद अंसारी, रसीद अंसारी आदि लोग मौजूद थे।

### झरिया चैंबर ऑफ कॉमर्स से जुड़े व्यवसायियों ने बंदी के समर्थन में बंद रखी दुकानें

झरिया चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष दीपू साव के नेतृत्व में व्यवसायियों ने बुधवार को आंदोलन का समर्थन करते हुए अपनी दुकानें बंद रख विरोध जताया। बाजार आज से अनिश्चितकालीन के लिए बंद रहेगा। सरकार के काले कानून जिसमें की मंडी टैक्स के रूप में 2 प्रतिशत लगाया जाएगा जिससे सभी व्यापारियों का नुकसान है एवं उपभोक्ताओं का भी नुकसान है इस काले कानून से अफसरशाही बढ़ेगी और भी महंगाई बढ़ेगी। वर्तमान सरकार द्वारा व्यापारियों को दमन करने वाला कानून लागू किया जा रहा है अन्य किसी भी राज्य में इस तरह का कानून नहीं लगाया गया है। जहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जिन्होंने एक देश एक टैक्स की पॉलिसी का प्रचार किया है वही झारखंड सरकार अपने निजी स्वार्थ के लिए इस तरह का काला कानून व्यापारियों पर थोपना चाहती है जिसका व्यापारी वर्ग पुरजोर विरोध करते हैं। बंदी को समर्थन देने के लिए बरवाडा चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष विनोद गुप्ता,जितेंद्र अग्रवाल,विवेक अग्रवाल,दीपक अग्रवाल,सुरेंद्र जिंदल के साथ झरिया के चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष अमित साहू,प्रेम प्रकाश जालान,कन्हैया कटेसरिया,दुर्गा बाबू सुनील अग्रवाल, शंभू अग्रवाल, ओम प्रकाश जालान,संजय अग्रवाल, सुभाष जालूका, बबलू वर्णवाल, अरुण भिवानी वाला, विनोद नेता, आशीष अग्रवाल, मनीष अग्रवाल, अमित जालान, अमित भूतगड़िया, विकास अग्रवाल, संदीप भिवानीवाला, दीपक अग्रवाल, रूपेश करीवाला, राजीव सांवतिया, संजय अग्रवाल, प्रदीप सांवरिया अमित गोयल चिकी अग्रवाल सहित अन्य व्यवसायी शामिल थे।

# राज्य सरकार की जोहार यात्रा होटवार जेल में खत्म होगी: बाबूलाल मरांडी

आजाद सिपाही संवाददाता



**बोकारो।** रामगढ़ उपचुनाव के दौरान बोकारो परिसदन मे झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री सह भाजपा विधायक दल के नेता झारखंड के वर्तमान स्थिति पर पत्रकारों से चर्चा की। प्रेस वार्ता मे बोकारो विधायक बिरंची नारायण भी मौजद रहे । पत्रकारों के सवालों पर बाबूलाल मरांडी ने कहा कि झारखंड की स्थिति आज बेहाल व बदहाल। हेमंत सरकार की जोहार यात्रा होटवार जेल में खत्म होगी झारखंड मे जनहित मुद्दों कोई कार्य नही कार्य हो रही तो वह हत्या,लूट,खनिज संपदा की लूट। राज्य की पुलिस व्यवस्था बहुत ही दयनीय। अपराधियों द्वारा लोगो के साथ पुलिस की नही हत्या की जा रही। आज पुलिस प्रशासन कानून व्यवस्था को दुरुस्त रखने में विफल। पुलिस प्रशासन का कार्य अवैध वसूली कर सरकार को राशि दे रही। पुलिस के देख रेख मे अपराधियों का मनोबल उच्चा। दिनदहाड़े लोगो की हत्या की जा रही प्रशासन अपराधियों को पकड़ने के बजाय संरक्षण दे रही। रोजगार के मुद्दे पर विफल।सरकार द्वारा स्थानीय नीति को लेकर लिए गए निर्णय लागू होने से पहले रद्द हो जाती। हेमंत सोरेन बार बार विपक्ष पर आरोप लगा रही भाजपा बाहरियों की पार्टी व बाहरियों को लाभ दे रही। हेमत सरकार को बताना चाहिए कि पकंज मिश्रा, अमित अग्रवाल, प्रेम प्रकाश ये कौन बाहरी या भीतरी । क्या ये 1932 के खतियान धारी। नियोजन नीति न होने से रही भयावह स्थिति है।युवा रोजगार के लिए पलायन कर रहे। रोजगार भत्ता देने की घोषणा कर अबतक राशि नही मिला। राज्य मे लीगल कार्य बन्द हो गया। गैरकानूनी कार्य धड़ल्ले से चल रही। इन गैरकानूनी कार्यो मे दलाल व बिजोलिया हावी है। राज्य सरकार अपने बचाव के लिए महंगे वकीलों से बहस कराते वही राशि जनकल्याणकारी योजनाओं में लगाई जा सकती थी। प्रेस वार्ता में शशिभूषण ओझा,संजय त्यागी,जयदेव राय, लीला देवी, माथुर मंडल, महेन्द्रराय, राजीव चौबे, मनोज ठाकुर ,ब्रज दुबे, रामलाल सोरेन, मन्तोष सोरेन, गोविंद टुड्डु,विक्की लोहरा ,राकेश मधु, आदि उपस्थित थे।

देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.in

**Office of The Executive Engineer, Drinking Water & Sanitation Division Latehar**

**Very Short Tender Notice**

Tender Referance No- DWSD/LTR/RM-11/22-23 Dt- 15.02.2023

1. Name of Department :- Drinking Water & Sanitatin Dept Jharkhand
2 Last date of BOQ Received :- 21.02.2023 upto 05:00 P:M
3 Date & Place of Bid Submitt :- 22.02.23 upto 03:30 P.M Office of EE DW & S Div Latehar
4 Date of Opening Tender :- 22.02.01.23 at 04:00 P.M
5 Place of BOQ Received :- 1. Download from Departmental Site of DWSD
6. Name & Address of Tender Inviting Authority :- Executive Engineer DW & S Div Latehar.
7. Contact No of Tender Inviting office :- 9430725642 & 6201242103

Detail Of Work:-

| Sl No | Name of work | Block | No of T/Well | Eastimated Cost | Earnest Money | Cost of BOQ | Time of Completion |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | R/M to DT Well for Supplying all labour tools and Plants Hire Vehicle with fuel & Lubricant for Repairing of Tube well in Rural Area of DW & S division Latehar for Year 2022-23 | Bariyatu & Herhanj | 150 | 144300.00 | 3000.00 | 500.00 | 30 Days |

8. Eastimated Cost & EMD Cost may Be Changed.
9. Further Detail can be seen on Notice Board of office.

PR 290344 Drinking Water and Sanitation (22-23)_D

Executive Engineer
D W & S Div Latehar

# अतिक्रमण हटाने बुल्डोजर लेकर रेलवे अस्पताल कॉलोनी पहुंचे रेलवे अधिकारी

# कांग्रेस नेता रविंद्र वर्मा के आग्रह पर वापस लौटे

आजाद सिपाही संवाददाता



**धनबाद।** रेलवे आईडब्लू विभाग के अधिकारी अतिक्रमण हटाओ अभियान के तहत बुधवार को पुलिस बल और बुलडोजर लेकर अतिक्रमण हटाने रेलवे हॉस्पिटल कॉलोनी पहुंचे। जहां पम्पू तालाब सफाई कर्मियों के घरों को तोड़ने की कवायद शुरू की। सूचना पर स्थानीय सफाई कर्मियों द्वारा अधिकारियों से काफी मिन्नत की गई। लेकिन रेलवे के सभी पदाधिकारी पुलिस बल के साथ अड़े रहे हैं। तत्पश्चात स्थानीय मनोज कुमार हाड़ी के सूचना पर झारखंड प्रदेश कांग्रेस के महासचिव रविन्द्र वर्मा मौके पर पहुंचे। श्री वर्मा ने पदाधिकारियों से आग्रह करते हुए कहा यह लोग बहुत ही गरीब असहाय हैं लोगों के घरों में साफ सफाई कर अपना जीवन यापन कर रहे हैं और इनकी पुत्री की शादी दिनांक 15 मार्च 2023 को होनी है इन सब को देखते हुए तत्काल अभियान को रोका जाए और शादी होने के बाद जो नियम संगत कार्रवाई होगी वो सभी को मान्य होगी। जिसके बाद रेलवे पदाधिकारीगण ने सहमति जताते हुए तत्काल घर नहीं तोड़ने का निर्णय लिया एवं अगले आदेश तक तत्काल इसे रोक दिया गया। इस आदेश को सुनकर सभी सफाई कर्मियों ने सभी पदाधिकारियों को धन्यवाद दिया एवं विशेष रूप से प्रदेश महासचिव रविंद्र वर्मा का आभार प्रकट किया। आगे श्री वर्मा ने कहा कि आप सबो की समस्याओं को लेकर वे उपायुक्त से मिलकर इस समस्या का समाधान करने का प्रयास करूंगा। मौके पर मुख्य रूप से मनोज कुमार हाड़ी, प्रमोद यादव, संजय हरिजन, अंकेश राज, रमेश हाड़ी, अनिल यादव एवं सैकड़ों महिला-पुरुष उपस्थित थे।

## बोकारो के 8 बच्चे जूडो राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए रवाना

**बोकारो (आजाद सिपाही)।** आठ बच्चे जिसमें बालक और बालिका दोनों शामिल है जूडो राष्ट्रीय प्रतियोगिता तमिलनाडु के लिए रवाना हुए खिलाड़ियों के नाम इस प्रकार है राजवीर सिंह, जयंत कुमार, अरजान खान एवं सुरभि कुमारी चारों एमजीएम के छात्र हैं जय श्री, इशिका, आर्यन गुप्ता एवं आयुष प्रथम चारों गुरु गोविंद सिंह पब्लिक स्कूल सेक्टर 5 के छात्र हैं बोकारो जूडो संघ के सचिव राजीव कुमार सिंह ने बताया कि बोकारो के बच्चों के साथ श्री चिन्मय कुमार टीम मैनेजर की भूमिका में रहेंगे तथा यह प्रतियोगिता तमिलनाडु के इंदिरा गांधी स्पोर्ट्स स्टेडियम मैं राष्ट्रीय जूडो संघ के द्वारा 17 से 21 फरवरी तक आयोजित की जा रही है। इन बच्चों का चयन राज्य जूडो प्रतियोगिता मैं स्वर्ण पदक जीतने के आधार पर किया गया है। इस मौके पर एमजीएम स्कूल के अथवा गुरु गोविंद सिंह स्कूल के प्राचार्य ने बच्चों को अपना आशीर्वाद दिया। वही बोकारो जूडो संघ के अध्यक्ष विनय आनंद ने भी बच्चों के जीत की। कामना की तथा बोकारो जूडो संघ के वरिष्ठ खिलाड़ी आयुष कुमार, धनंजय कुमार, संजीव कुमार, बासुदेव कुमार, प्रवीण कुमार, चिन्मय कुमार इत्यादि ने खिलाड़ियों को अपनी शुभकामनाएं भेंट की।

## धार्मिक अनुष्ठान से लोगों में आपसी भाईचारे को बल मिलता है: उमाकांत



**चंदनकियारी (आजाद सिपाही)।** कुमारडीह में श्री श्री राम चरित मानस नवाह परायण प्रवचन एवं संगीतमय रामकथा के कलश यात्रा में श्रद्धालओं का उमड़ा जनसैलाब। इस दौरान पूर्व मंत्री उमाकांत रजक भी कलश यात्रा में शामिल हुए। इस यात्रा में काफी संख्या में महिलाएं,युवती के साथ पुरुष व युवक शामिल हुए।इस यज्ञ में काली मंदिर प्रांगण से गाजे बाजे के साथ कलश यात्रा निकली एवं विधि विधान से वैदिक मंत्रोचार के साथ कलश को स्थापित किया। कलश यात्रा में सैकड़ो की संख्या में शामिल महिलाएं, युवतियां, युवक और पुरूषों के भ्रमण के दौरान भक्तिमय गीतों एवं जयकारें की गूंज से संपूर्ण क्षेत्र भक्तिमय बना रहा। इस दौरान धार्मिक भजन के साथ साथ जय श्री राम का उद्घोष से पूरा कुमारडीह क्षेत्र गुंजायमान रहा। इस महायज्ञ में राम चरित मानस का पाठ विद्वान ब्राह्मणों द्वारा किया जा रहा है। रजक ने कहा कि धार्मिक अनुष्ठान से लोगों में आपसी भाईचारे को बल मिलता है एवं अच्छे संस्कार की प्राप्ति होती है। रामचरितमानस का पाठ करने से जन्म जन्मांतरों के पाप से मुक्ति, भय, रोग आदि सभी दूर हो जाते हैं। कहा जाता है कि रामचरितमानस की चौपाइयां इतनी प्रभावशाली हैं कि इसके पाठ मात्र से धन की कामना रखने वाले को धन की प्राप्ति होती है। अपनी समस्याओं के निवारण के लिए रामचरित मानस की केवल इन चौपाइयों का पाठ करने मात्र से शुभ फल मिलता है। मौके पर गिरिधारी माझी, महावीर माझी, जगन्नाथ माझी मुखिया सुरेश मांझी सहित गांव के गणमान्य उपस्थित थे।

## रिश्तेदार के यहां गये परिवार के घर को चोरों ने बनाया निशाना

**सिंदरी (आजाद सिपाही)।** सिंदरी थाना क्षेत्र के मनोहरटांड़ कॉलोनी स्थित आवास संख्या एमके 4/203 का ताला तोड़कर चोरों ने 15 हजार नगद समेत करीब एक लाख के जेवरात चुरा लिए। आवास एसीसी में कार्यरत अजय कुमार दास का है। उनके छोटे भाई जितेंद्र ने बताया कि वे लोग सपरिवार 4 दिनों के लिए किसी रिश्तेदार के यहां गए हुए थे। बुधवार की सुबह लौटने पर देखा कि बागान के गेट एवं आवास के दरवाजे का ताला टूटा हुआ है। सामान बिखरे पड़े हैं। संदूक का ताला भी टूटा हुआ है, और उसमें रखे 15 हजार नगद समेत सोने का मांग टिक्का, मंगलसूत्र व कान बाली चोरी हो गई है। उसके बाद उन्होंने इसकी सूचना पुलिस को दी। वही स्थानीयों की मानें तो उक्त आवास के समीप जंगल में कुछ लोग झुंड बनाकर जुआ खेलते हैं। संभवत: इस चोरी में उन लोगों का हाथ हो सकता है।

## 2021 एवं नियोजन नियमावली 2022 पर कार्यशाला का आयोजन किया



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग झारखंड सरकार तथा जिला प्रशासन एवं अवर प्रादेशिक नियोजनालय बोकारो के संयुक्त तत्वावधान में बोकारो स्टील सिटी कॉलेज के सभागार में झारखंड राज्य के निजी क्षेत्र में स्थानीय उम्मीदवारो का नियोजन अधिनियम 2021 एवं नियोजन नियमावली 2022 पर कार्यशाला का आयोजन किया । उक्त कार्यशाला को उपायुक्त कुलदीप चौधरी एवं उप विकास आयुक्त कीर्ती श्री .जी के द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई। कार्यक्रम में नियोजन नीति से सम्बंधित नियमावली बताया गया। कार्यशाला के दौरान अनुमंडल पदाधिकारी चास दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, बोकारो विधायक प्रतिनिधि संजय त्यागी, बेरमो विधायक प्रतिनिधि, गोमिया विधायक प्रतिनिधि दुर्गा चरण महतो चंदनकियारी विधायक प्रतिनिधि, जिले के सभी अंचलाधिकारी सहित विभिन्न कम्पनियों के प्रतिनिधि उपस्थित है।

### झरिया में डॉ जनार्दन पांडेय की चौथी पुण्यतिथि पर जिलें के गणमान्यों ने दी भावभीनी श्रद्धांजलि

# जरूरतमंदों और समाज के दबे कुचले लोगों की सेवा करने में मिलता है आत्मिक सुख: रमेश पांडेय



**झरिया (आजाद सिपाही)।** अपने दादा स्व डॉ जनार्दन पांडेय सह समाजसेवी के पदचिन्हों पर चलकर गरीब जरूरतमंदों की मदद करने,समाज के दबे कुचले लोगों की सेवा करने में आत्मिक शांति का सुखद एहसास होता है, उनके पुरोधा ने जो सपना देखा था उसे पूर्ण करने का बीड़ा उठाया हूं, जिसके लिए हमेशा तत्पर हूं। उक्त बातें भाजपा नेता सह सैल्यूट तिरंगा के राष्ट्रीय सचिव समाजसेवी रमेश पांडेय ने बुधवार को अपने दादा स्व डॉ जनार्दन पांडेय के चौथी पुण्यतिथि पर झरिया कतरास मोड़ में आयोजित दो दिवसीय कार्यक्रम के तहत श्रद्धांजलि व रक्तदान शिविर के दौरान कही। उन्होंने कहा की उनके दादा स्व जनार्दन पांडेय ने हमेशा सच के राह में चलने की प्रेरणा दी, जिसमे सदैव चलने के लिए वे कृत संकल्पित है। इससे पूर्व कार्यक्रम के दूसरे दिन चल रहे 24 घंटे हरिकीर्तन का समापन हवन व महाभंडारे के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम के तहत रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया,जिसमें एशियन द्वारिका दास सुपर स्पेशलिस्ट अस्पताल के चिकित्सकों व तकनीशियन के द्वारा कुल 50 यूनिट रक्त का संग्रह किया गया। शिविर संचालन में सुदीप पांडेय,उत्तम कुमार सोरेन,मुंन्ना रजक,रंजीत गोप,संजू कुमारी आदि शामिल रहे। संग्रह रक्त अस्पताल प्रबंधन को सौंपा गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में परिवार के सदस्य वृंदावन पांडेय, नारद पांडेय,गणेश पाण्डेय, मंटू पांडेय, बिट्ठू पांडेय, नागेंद्र सिंह, डिशू रवानी आदि ने सक्रिय भूमिका निभायी।

### जिलें के गणमान्यों ने अर्पित की भावभीनी श्रद्धांजलि

श्रद्धांजलि कार्यक्रम में धनबाद नगर निगम की पूर्व मेयर इंदु सिंह पुत्रवधु आसनी सिंह,भाजपा नेता योगेंद्र यादव,डॉ ओपी अग्रवाल,बॉबी पांडेय,राजद नेता सह समाजसेवी विक्रम सिंह यादव,विधायक प्रतिनिधि केडी पांडेय,उदय प्रताप सिंह सहित सैकड़ों गणमान्य लोगों ने स्व डॉ जनार्दन पांडेय के तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। मौके पर पिन्टू पांडेय, दीशु रवानी, राकेश सोनी, राहुल साव, दिनानाथ दूबे, गोलू मालाकार, मिन्की अग्रवाल, राकेश पांडेय, संजीव गिरी, विजय शर्मा, छोटू रवानी, रोहित रवानी, संतोष कुमार, मिथलेश कुमार, पवन सिंह आदि थे।

### भोजपुरी गायकों ने सुमधुर भक्ति गीतों से बांधा समां

कार्यक्रम के तहत संध्या में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमे बिहार से आए सुप्रसिद्ध भोजपुरी कलाकार सह गायक विष्णु ओझा,दीपिका ओझा,छोटू बिहारी,विशाल ओझा ने अपने भक्ति गीतों से समा बांधा,छोटू बिहारी ने भजन, स्वर्ग में गईले बाबा......लेके गईले रामजी के दुतवा......15 तारीख 20 साल देके गईले दिलवा ने दुखवा....अभी ही तो बाटे लड़कईवा.... से उपस्थितजनों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, लघु सिंचाई प्रमण्डल, हुसैनाबाद।**

**अल्पकालीन ई0–निविदा आमंत्रण सूचना,**

ई0–निविदा संख्या :– WRD/MID/HUSSAINABAD/$F_2$-29/2022-23

पत्रांक– हुसैनाबाद, दिनांक–

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | संधता मध्यम सिंचाई योजना का जिर्णोद्धार ग्राम– ओवरा प्रखण्ड–पाण्डु, जिला–पलामू |
| 2 | प्राक्कलित राशि (लाख रू0 में) | 63.968 लाख |
| 3 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 11 माह |
| 4 | वेवसाईट पर ई0 निविदा प्रकाशन की तिथि एवं समय | 23.02.2023 (1:00 PM) |
| 5 | ई0 निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय | 01.03.2023 (5:00 PM तक) |
| 6 | ई0 निविदा खुलने की तिथि, एवं समय | 03.03.2023 (12:30 PM) |
| 7 | ई0 निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, हुसैनाबाद |
| 8 | ई0 निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या एवं ई–मेल पता | 7765955362 eemidhus-cemr-jhr@nic.in |
| 9 | ई0 निविदा प्रकोष्ट का दूरभाष नं0 | 0651–2214784 |
| 10 | अग्रधन की राशि, निविदा का मूल्य एवं हार्ड कॉपी जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | 02.03.2023 (3:00 PM तक) |
| 11 | ई0 निविदा हार्ड कॉपी जमा करने का कार्यालय | (1) कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, हुसैनाबाद। (2) अधीक्षण अभियंता, लघु सिंचाई अंचल, मेदिनीनगर। (3) कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई रूपांकण प्रमंडल राँची। |

नोट:– सिर्फ ई–निविदा ही स्वीकार की जायेगी।
विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
लघु सिंचाई प्रमण्डल, हुसैनाबाद।

PR 290376 (Minor Irrigation) 22-23 (D)

**वरीय पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, राँची**

**सर्वसाधारण के लिए सूचना**



नाम–सोमारी तिर्की, उम्र–41 वर्ष, रंग–गोरा
उँचाई– 5 फीट, 3ईंच, पहनावा–हरा रंग का मैक्सी पहनी हुई है।

उपरोक्त लापता महिला सोमारी तिर्की, पति–रघुवीर तिर्की, सा0–नावाडिह, थाना–गोंदा, जिला–राँची, जो दिनांक 03.02.2023 को घर से बिना बताए कहीं चली गई जो आजतक अपने घर वापस नहीं आई है। जिसके संबंध में गोंदा थाना सनहा संख्या–12/23 दिनांक–12.02.2023, दर्ज कर खोजबिन की जा रही है। इनकी खोजबीन हेतु जनता का सहयोग अपेक्षित है। उपरोक्त सूचना की सार्वजनिक किया जाना आवश्यक है।

अतः सभी जन साधारण से अनुरोध है कि यदि उपरोक्त लापता महिला कहीं मिलती हैं तो इसके संबंध में वरीय पुलिस अधीक्षक के कार्यालय में या निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी सूचना दें।

पुलिस उपाधीक्षक,सदर,राँची। – 9431102090
थाना प्रभारी, गोंदा, राँची। – 9431706162

PR.NO.290426 Police(22-23):D

वरीय पुलिस अधीक्षक, राँची।

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, लघु सिंचाई प्रमण्डल, हुसैनाबाद**

**अल्पकालीन ई0–निविदा आमंत्रण सूचना**

ई0–निविदा संख्या :– WRD/MID/HUSSAINABAD/$F_2$-34/2022-23

पत्रांक– हुसैनाबाद, दिनांक–22.10.2022

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | बरदेया बाँध का जिर्णोद्धार ग्राम –अमवा – प्रखण्ड–विश्रामपुर, जिला–पलामू |
| 2 | प्राक्कलित राशि (लाख रू0 में) | 24.789 लाख |
| 3 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 06 माह |
| 4 | वेवसाईट पर ई0 निविदा प्रकाशन की तिथि एवं समय | 23.02.2023 (1:00 PM) |
| 5 | ई0 निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय | 01.03.2023 (5:00 PM तक) |
| 6 | ई0 निविदा खुलने की तिथि, एवं समय | 03.03.2023 (12:30 PM) |
| 7 | ई0 निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, हुसैनाबाद |
| 8 | ई0 निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या एवं ई–मेल पता | 7765955362 eemidhus-cemr-jhr@nic.in |
| 9 | ई0 निविदा प्रकोष्ट का दूरभाष नं0 | 0651–2214784 |
| 10 | अग्रधन की राशि, निविदा का मूल्य एवं हार्ड कॉपी जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | 02.03.2023 (3:00 PM तक) |
| 11 | ई0 निविदा हार्ड कॉपी जमा करने का कार्यालय | (1) कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल हुसैनाबाद। (2) अधीक्षण अभियंता, लघु सिंचाई अंचल मेदिनीनगर । (3) कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई रूपांकण प्रमंडल राँची। |

नोट:– सिर्फ ई–निविदा ही स्वीकार की जायेगी।
विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
लघु सिंचाई प्रमण्डल, हुसैनाबाद

PR 290388 Minor Irrigation(22-23)#D

# कोयंबटूर ब्लास्ट केस में तीन राज्यों में एनआइए की छापेमारी

## तमिलनाडु-कर्नाटक और केरल के 60 ठिकानों पर रेड, आइएसआइएस का मिला कनेक्शन

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** कोयंबटूर कार सिलेंडर ब्लास्ट मामले में राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआइए) ने 3 राज्यों में छापेमारी की। जांच एजेंसी ने यह छापेमारी तमिलनाडु, केरल और कर्नाटक के 60 से अधिक ठिकानों पर संदिग्ध आइएसआइएस समर्थकों के संबंध में की है। अकेले कर्नाटक में 45 ठिकानों पर छापेमारी कि गयी है। बताया जा रहा कि ठक्अ को क्र से संबंध रखने वाले कुछ लोगों की जानकारी मिली थी। जानकारी के मुताबिक इन लोगों को वीडियो के जरिए कट्टरपंथी बनाया गया था। बता दें कि कोयंबटूर कार धमाके के तार आइएसआइएस के कनेक्शन मिले थे। जांच के दौरान एनआइए ने बताया था कि पकड़े गये आरोपियों से 109 वस्तुएं बरामद की हैं। इनमें इस्लामिक विचारधारा से जुड़े नोटबुक भी शामिल हैं।

**23 अक्टूबर को हुआ था ब्लास्ट :** पिछले साल 23 अक्टूबर को कोयंबटूर में संगमेश्वर मंदिर के पास खड़ी कार में धमाका हुआ था। कार का मालिक जेमिशा मुबीन भी इसमें मारा गया था। धमाके के समय वह कार के अंदर ही था। उसकी उम्र 29 साल थी और पेशे से इंजीनियर था। आइएसआइएस की विचारधारा ने मुबीन को कट्टरपंथी बना दिया था। हालांकि, उसकी ट्रेनिंग पूरी नहीं हुई थी इसलिए वह विस्फोटकों को संभाल नहीं सका। जांच एजेंसी के मुताबिक, मुबीन की कार में धमाके के समय 2 एलपीजी सिलेंडर थे, इनमें से एक फटा था। अगर दूसरा भी फट जाता तो मंदिर और आस-पास के कई मकानों को नुकसान पहुंचता।

**मामले में अब तक 5 लोग गिरफ्तार :** जांच के दौरान पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज की मदद से पकड़े गये मुबीन के 5 साथियों को भी गिरफ्तार किया था। इन सभी को यूएपीए के तहत 15 दिन की पुलिस कस्टडी में भेजा गया है। पकड़े गये लोगों के नाम मोहम्मद थलका, मोहम्मद असरुद्दीन, मोहम्मद रियाज, फिरोज इस्माइल और मोहम्मद नवाज हैं। गिरफ्तार आरोपियों में से एक ने माना है कि वह 21 अप्रैल 2019 को श्रीलंका में हुए सीरियल ब्लास्ट के आरोपियों से मिल चुका है, जो कि आइएसआइएस से जुड़े हुए थे।

# स्कूल शिक्षा के विकास के लिए स्टार्स की मध्यवर्ती कालीन समीक्षा आज से

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** स्कूल शिक्षा को मजबूत करने, आर्थिक रूप से पिछड़े छात्रों को सशक्त बनाने और शिक्षकों को बेहतर प्रशिक्षण देने के लिए 16 और 17 को स्टार्स (स्ट्रेंदेनिंग टीचिंग-लर्निंग-एंड रिजल्ट्स फॉर स्टेट्स) कार्यक्रम की दो दिवसीय मध्यबर्तिकालीन समीक्षा बैठक भुवनेश्वर में आयोजित की जायेगी। केंद्र शिक्षा एवं कौशल विकास मंत्री धर्मेंद्र प्रधान केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय द्वारा आयोजित स्टार्स समीक्षा बैठक के पहले दिन शामिल होंगे। छह राज्यों के अर्थात ओडिशा, राजस्थान, महाराष्ट्र, केरल, मध्य प्रदेश और हिमाचल प्रदेश के शिक्षा सचिव जहां स्टार्स परियोजना लागू की जा रही है। इस बैठक में भाग लेंगे। इसके अलावा केंद्र विद्यालय शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के सचिव, राज्य शिक्षा एवं कौशल विकास विभाग के वरिष्ठ अधिकारी और एनसीइआरटी के अधिकारी शामिल होने वाले हैं।

दो दिवसीय समीक्षा बैठक में उक्त राज्य में स्कूली शिक्षा की प्रगति पर चर्चा होगी। स्कूल शिक्षा में शामिल राज्यों की वार्षिक योजना, बजट, समग्र शिक्षा के संबंध में राज्यों से विभिन्न सुझाव लिए जायेंगे। भुवनेश्वर में पहली बार ऐसी बैठक होने जा रही है। विशेष रूप से प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने स्टार्स परियोजना को लागू करने के लिए अक्टूबर 2020 में कैबिनेट को मंजूरी दी थी। यह परियोजना बेहतर मानव संसाधन विकसित करने के लिए बेहतर शिक्षा परिणामों और स्कूल-आधारित रणनीतियों के साथ काम करने के लिए पहलों के विकास, कार्यान्वयन, मूल्यांकन और सुधार में राज्यों का सहायता करेगी। स्टार्स परियोजना की योजनाएं गुणवत्ता-आधारित शिक्षा परिणामों को प्राप्त करने के राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के उद्देश्य के अनुरूप हैं।

# कलश यात्रा के साथ हनुमान महायज्ञ शुरू



पूर्व आइजी लक्ष्मण प्रसाद सिंह ने फीता काट कर यज्ञ का उद्घाटन किया।

आजाद सिपाही संवाददाता

**तीसरी।** तिसरी प्रखंड अंतर्गत गड़कुरा पंचायत के सेवाढाब ग्राम में बुधवार को श्री रामचरित्र मानस यज्ञ सह श्रीश्री 108 हनुमान प्राण प्रतिष्ठा नव दिवसीय यज्ञ आयोजित किया गया। यज्ञ स्थल पर झारखंड प्रदेश के पूर्व आइजी लक्ष्मण प्रसाद सिंह द्वारा फीता काट कर कलश यात्रा में शामिल माता-बहनों को जल उठाने हेतु 201 कलश यात्रियों को रवाना किया। कलश यात्रा सेवाढाब से दोमहन, किसूटांड होते हुए नावाडीह नदी तट पर महा पंडितो द्वारा गंगा माता का विधिवत पूजन आरती के पश्चात कलश में जल लेकर पुनः आजे बाजे के साथ मंदिर प्रांगण पहुंची। इस मौके पर पूर्व आइजी लक्ष्मण सिंह ने कहा कि राम भक्त भगवान हनुमान की आराधना से सभी कष्ट दूर होते हैं। सेवाढाब ग्राम में ग्रामीण जनता के सहयोग से भव्य मंदिर निर्माण कर राम भक्त हनुमान की प्रतिमा स्थापित कर प्राण प्रतिष्ठा की जा रही है। इस यज्ञ में सामिल सभी भक्तों से हमेशा कष्ट दूर रहेगी।

यज्ञ कमेटी के अध्यक्ष पंकज राय ने कहा कि हनुमान मंदिर निर्माण कर प्राण प्रतिष्ठा हेतु आयोजित नव दिवसीय यज्ञ कार्यक्रम से क्षेत्र के लोगो में भक्ति भाव के साथ उत्साह है। सचिव बिरेंद्र राय ने कहा कि हनुमान मंदिर निर्माण एवं यज्ञ आयोजित करने हेतु धनवार विधान सभा क्षेत्र के विभिन्न गांव से सहयोग मिला है। इस मौके पर कोषाध्यक्ष रामेश्वर प्रसाद यादव, विशेष अतिथि बालानंद राय, सक्रिय कार्यकर्ता बहादुर प्रसाद राय, देवेंद्र राय, मुकेश राय, बिस्पत राय, अजय राय, लखन मिस्त्री, सोनू सिंह परमेश्वर राय, उपेंद्र राय, सुरेंद्र राय, सुरेश तुरी, अजीत तुरी, विजय यादव, काली यादव, लेखों राय समेत सैकड़ों लोग शामिल थे।

# केंद्रीय बजट पर सोआ में सम्मेलन का आयोजन



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** शिक्षा एवं अनुसंधान (सोआ) द्वारा संचालित इंस्टीट्यूट ऑफ बिजनेस एंड कंप्यूटर स्टडीज में केंद्रीय बजट पर एक सेमिनार का आयोजन किया गया। अंग्रेजी दैनिक बिजनेस स्टैंडर्ड और आइबीसीएस द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित ओड़िशा के पूर्व वित्त मंत्री पचानन कानूनगो, पूर्व मुख्य सचिव जुगल किशोर महापात्र, नाइजर भुवनेश्वर फाइनेंस रीडर डॉ अमरेंद्र दास और फिनस्ट्रेटेजी कंसल्टेंसी के सीइओ और प्रबंध निदेशक ओम महापात्र ने वर्तमान बजट की विभिन्न पहलुओं पर चर्चा करने के लिए सम्मेलन में भाग लिया।

विशेषज्ञों ने वर्तमान बजट की गुणवत्ता, मध्यम वर्ग के लिए लाभ, बजट की वित्तीय प्रणाली और विभिन्न क्षेत्रों में इसके प्रभाव पर चर्चा की। आइबीसीएस के डीन प्रो अनूप सामंतराय ने अतिथियों का स्वागत किया, जबकि वित्त विभाग के प्रो पीके स्वाई अपना कार्यक्रम का संचालन किया।

# खुर्दा रोड-बारंग तीसरी रेल लाइन परियोजना जल्द पूरी होगी

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** खुर्दा रोड और बारंग के बीच तीसरी लाइन का निर्माण लगभग पूरा होने वाला है। मंचेश्वर और बाणीबिहार रेलवे स्टेशनों के बीच पुराने रोड ओवर ब्रिज (आरओबी) को तोड़े जाने के बाद काम में तेजी आई है। पुराने आरओबी को तोड़ने के लिए भुवनेश्वर और कटक के बीच राष्ट्रीय राजमार्ग पर वाहनों के आवागमन को संभालने के लिए एक और आरओबी का निर्माण किया गया है। नये ओवर ब्रिज के जरिए सड़क यातायात को डायवर्ट किया गया है। रेलवे ने तीन महीने पहले ही कार्यों को गिराने की योजना भी बना ली थी हॉकी के विश्व कप को देखते हुए काम में थोड़ी देरी हुई। रेलवे ने पहले बहुत विलंबित परियोजना को न्यूनतम समय के भीतर पूरा करने की योजना बनायी है। बस्ती को हटाना, नये आरओबी के निर्माण और अन्य चुनौतियों के कारण इस काम में पहले देरी हुई। तीसरी लाइन का काम पूरा होने पर व्यस्त बारंग-खुर्दा रोड रेलवे सेक्शन में ट्रेन परिचालन को लाभ मिलेगा। पूर्व तट रेलवे के मुख्य संपादक श्री मनोज शर्मा ने इस उपलब्धि के लिए अधिकारियों और कर्मचारियों को बधाई दी।

# जटनी आरओबी कार्य प्रगति पर बो स्ट्रिंग गर्डर की लॉन्चिंग शुरू

आजाद सिपाही संवाददाता




**भुवनेश्वर।** खोरधा रोड रेलवे स्टेशन के पास जटनी में लंबे समय से प्रतीक्षित और महत्वपूर्ण रोड ओवर ब्रिज (आरओबी) का काम जल्द से जल्द पूरा होने जा रहा है। रेलवे हिस्से में पुल पर बो स्ट्रिंग गर्डर्स लॉन्चिंग का काम शुरू कर दिया गया है। ब्रिज से कनेक्टिंग रोड का काम भी लगभग पूरा हो चुका है।

खोरधा रोड डिवीजन प्रशासन ने व्यस्त हावड़ा-चेन्नई मेन लाइन में ट्रेन की आवाजाही को प्रभावित किए बिना दूसरे बो स्ट्रिंग गर्डर (फ्लोर सिस्टम की 36 एमटी असेंबली) को लॉन्च करके कल एक सराहनीय काम किया है। इसे एक घंटे के भीतर सफलतापूर्वक संरेखित किया गया। इसके लिए नियोजित यातायात और सभी यार्ड लाइनों के ओएचई ब्लॉक को यातायात व्यवधान के बिना लिया गया था। आरओबी के रेलवे हिस्से पर 48 मीटर लंबाई और 13 मीटर चौड़ाई के बो-स्ट्रिंग गर्डर्स का काम शुरू हो गया है। न्यूनतम ट्रैफिक ब्लॉक के साथ गर्डर्स के सभी तारों की कुल असेम्बलिंग का काम पूरा करने का लक्ष्य रखा जाएगा। इस उद्देश्य के लिए 400 टन क्षमता के दो क्रेन उपयोग किया गया था।

रेलवे की रणनीतिक योजना और सभी एजेंसियों के बीच समन्वय के परिणामस्वरूप मशीनरी और उपकरणों को रखने के लिए बाजार क्षेत्र में पर्याप्त जगह की कमी की मुख्य बाधा दूर की गई। जटनी बाजार की तरफ निर्माण कार्य के लिए मशीनरी रखने के लिए जगह उपलब्ध है, लेकिन दूसरी तरफ (कुडियारी तरफ) पाइलिंग का काम होने के कारण जगह की कमी है। यह परियोजना 2013 से भारी अतिक्रमण और अत्यधिक सीमित कार्य स्थान आदि के कारण रुकी हुई थी। इसके अलावा, इस क्षेत्र के जटनी मार्केट और कुडियारी बाजार के बीच संचार के लिए पुराने फुट ओवर ब्रिज (एफओबी) को पहले तोड़ दिया गया था और 36 मीटर स्पैन और 3 मीटर चौड़ा नया एफओबी बनाया गया था।

# सीएम ने गोपालपुर मांडिया गांव में हुए मोटर हादसे मृतकों के परिजनों को तीन-तीन लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की



**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने गंजाम जिले के गोपालपुर जिले के मांडिया गांव में मंगलवार को हुई सड़क दुर्घटना में तीन लोगों की मौत पर गहरा दुख व्यक्त किया है और मुख्यमंत्री राहत कोष से मृतक के परिजनों को तीन-तीन लाख रुपये देने की घोषणा की है और शोक संतप्त परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की। मुख्यमंत्री ने घायलों का मुफ्त में उपयुक्त इलाज कराने का आदेश दिया है और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की।

JOHNSON
Ranjeet Singh
Kundan Singh
Proprietor
SHIVA TRADERS
T:+91-9934189684
76673 84788
Shiva Complex, Rajender Chowk, Giridih Bypass Road Koderma(JH)825410
Mob : 9939563560, 7004525571, Email id : shivacement1212@gmail.com

न्यू दास म्युजिकल स्टोर्स
New Das Musical Stores
हमारे इस प्रतिष्ठान की रांची में कोई भी शाखा नहीं है।
Deals in:
YAMAHA AHUJA ESP Fender CASIO BOSS ZOOM PAiSTe TAMA Studiomaster DigiTech KORG Cort Epiphone Zildjian Roland MAPEX Gibson Ibanez stranger
Opp. Sankat Mochan Hanuman Mandi Main Road, Ranchi-1 (Jharkhand)
Phone : 0651-2201778 Mobile : 98351-64815, 72509-3303
मिलते-जुलते नामों से सावधान

VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि०
राँची
Verma's Today
शृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—
Based on JCERT
Class - VIII
Class VIII Today (Combined) ₹ 250
Class VIII Today (English Medium) ₹ 280
* Mathematics Practical ₹ 60
* Science Practical ₹ 60
* S. Science Practical ₹ 60
* Hindi Vyakaran– I ₹ 60
* English Grammar– I ₹ 60
* Sanskrit Vyakaran– I ₹ 50
Classes VI & VII
Class VII Today (Combined) ₹ 240
Class VI Today (Combined) ₹ 240
Hindi Vyakaran– I ₹ 60
English Grammar– I ₹ 60
Sanskrit Vyakaran– I ₹ 50
मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान!

study MBBS in ABROAD
RUSSIA GEORGIA POLAND EGYPT KAZHAKASTAN UZBEKISTAN
Get Direct Admission in Top Government Medical Universities of ABROAD.
Call Now !
UNIVERSITY FLY
+91-7903149721
www.universityfly.com

BAWARCHI FAMILY RESTAURANT
Please Join Us to Celebrate the opening Ceremony of our New Restaurant
Venue : Sector-9 Near Hatia More Bokaro Steel City (Jharkhand)
With Best Compliments From :
BAWARCHI FAMILY RESTAURANT
Mob. : 65423 66205, 76338 16941

BLUE BANSI
BLUE BANSI RESTAURANT
PURE VEG
INDIAN
JAIN FOOD
SOUTH INDIAN & CHINESE
NASTA ALSO available
BESIDE OVERBRIDGE, MAIN ROAD
FOR BOOKING CONTACT : 9608168613

अविराम ए ग्रुप ऑफ इंस्टीटयुशंस
(मान्यता एवं संबद्धता रांची वि.वि., जैक, एनपीयू, पी.सी.आई., JSPC, JNRC एवं चिह्नित NCTE भुवनेश्वर उड़ीसा)
टिको, कुडू, लोहरदगा एवं हुटाप, चंदवा, लातेहार (झारखंड)
इंटर एवं स्नातक पास बालक/बालिकाएं शीघ्र प्रवेश लें एवं B.ed के अतिरिक्त अन्य में सीधे प्रवेश हेतु आवेदन करें
झारखंड स्टेट एवं रांची विश्वविद्यालय में टॉपर देने वाले संस्थान में प्रवेश का सुनहरा अवसर
ए.एन.एम A.N.M | डी.फार्मेसी D.Pharmacy | बी.एड. B.Ed. | बी.एस.सी. नर्सिंग B.Sc Nursing | डी.एल.एड D.El.Ed
FACILITIES : SCHOLARSHIP ◆ BUS & HOSTEL FACILITY ◆ CAMPUS PLACEMENT ◆ WELL EQUIPPED LAB ◆ ONLINE ADMISSION PAYMENT & ONLINE CLASS FACILITY
Coming Soon Paramedical Courses
◆ Diploma in Operation Theater
◆ DMLT ◆ Dresser
URGENT REQUIREMENT
◆ B. Sc Nursing/ M.Sc Nursing Pass
◆ D. Pharma/ B. Pharmacy Pass
◆ B.Ed & M.Ed in (Science/Literature Social Science)
Send resume within 3 days in 7782054270
संपर्क कीजिए : 7782054270, 8987470640
www.aviramcollege.com, www.aviramcollegeofnursing.com
bedcollege2011@gmail.com/aviram.gv@gmail.com

रत्न विक्रेता जय माता दी रत्न विक्रेता
ज्योतिष ग्रहरत्न केन्द्र
ज्योतिष शास्त्र • वास्तु शास्त्र • हस्त शास्त्र • हस्त रेखा • अंक शास्त्र
पंडित शशि कांत मिश्रा
पता - लाईन टैंक रोड, गोपाल गंज गली, अपोजिट-भूतपूर्व बारगेन बाजार, रांची
फोन :- 9334718296, 9835195382, 9431792761

आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित।
**संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार, ***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**